फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 156 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 6 जनवरी, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**Arunaraje Patil: Song of Freedom**

Aruna always wanted women to be seen as an equal but how can two creatures created differently by nature be equal? "Only if they are given equal opportunities," she concludes.

**Winter Salads So Good!** Try these delicious and quick salads that make for a wholesome treat



*अमेरिका के मिडवैस्ट और साउथ वैस्ट की घनी झाड़ियों में जब इस पक्षी की झलक दिखाई पड़ती है तो यह बिल्कुल साधारण नज़र आता है, लेकिन जब इसकी आवाज़ सुनाई पड़ती है तो तुरंत पहचान में आ जाता है। इसकी आवाज़ ऐसी लगती है मानो इसके मुंह में कंचे भरे हों। हालिया वर्षों में प्राकृतिक आवासीय क्षेत्र में बैल्स' वीरिओ नाम के इस पक्षी की आबादी काफी कम हो गई है क्योंकि यह अक्सर काओबर्ड चिड़िया की परजीविता का शिकार होता है। बैल्स' वीरिओ के अधिकांश जोड़े अपने बच्चों की बजाय काओबर्ड के बच्चे पालते हैं। हालांकि साउथ ईस्ट में इनकी आबादी स्थिर है पर मिडवैस्ट, खासकर कैलिफोर्निया में इनकी आबादी घट रही है, जहां ये पक्षी संकटग्रस्त हैं। आवास विनाश और काओबर्ड की परजीवी प्रवृत्ति इनके लिए बड़ा खतरा है। कीड़े इनका मुख्य भोजन हैं, वैसे ये बैरी (बदरी) भी खाते हैं, पर प्रजनन काल में कीड़े ही ज्यादा खाते हैं। घोंसला बनाने वाले क्षेत्र की सुरक्षा नर पक्षी करता है और इसके लिए वह अनवरत गाता रहता है। ये पक्षी छोटी झाड़ियों में और आमतौर पर जमीन से 2 से 5 फीट ऊपर ही घर बनाते हैं। इनका घोंसला असल में एक छोटे हैंगिंग कप सरीखा होता है, जिसे ये पक्षी खरपतवार, पत्तियों और पेड़ की छाल को मकड़ी के जाले के रेशों से बांधकर बनाते हैं। घोंसले के अंदर पंख, मॉस आदि बिछा देते हैं। मादा 3 से 5 अण्डे देती हैं। सफेद रंग के, भूरी या काली चित्ती वाले अण्डों को नर-मादा दोनों सेते हैं पर मादा ज्यादा सम य देती है। अंडों से 14 दिन बाद बच्चे निकल आते हैं और 11-12 दिन में ही घोंसले से बाहर निकलना शुरु कर देते हैं। लेकिन माता-पिता इसके बाद भी तीन सप्ताह तक बच्चों को भोजन उपलब्ध करवाते हैं।*

# नड्डा का कार्यकाल बढ़ेगा: लोकसभा चुनाव तक भाजपाध्यक्ष रहेंगे

## यह निर्णय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक, जो 16-17 जनवरी को दिल्ली में आयोजित की गई है, में होगा

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 जनवरी। नई दिल्ली में 16-17 जनवरी को होने वाली भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की द्विदिवसीय मीटिंग में, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा का कार्यकाल 2024 के लोकसभा चुनावों तक बढ़ाये जाने के निर्णय के अनुमोदित होने की संभावना है। इस मीटिंग में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे। अनेक पूर्ववर्ती पार्टी अध्यक्ष अमित शाह की तरह ही, नड्डा के कार्यकाल में वृद्धि किये जाने की संभावना है ताकि 9 राज्यों के विधानसभा चुनावों तथा उसके बाद होने वाले 2024 के आम चुनावों से पहले के इस दौर में पार्टी की संगठनात्मक निरन्तरता का भाव बना रहे।

अपेक्षाकृत कम चर्चित, किन्तु मिलनसार प्रकृति वाले नड्डा, जिनके आर.एस.एस. के साथ अच्छे संबंध हैं, भाजपा के संगठनात्मक काम-काज एवं समन्वय के मामले में बहुत महत्वपूर्ण (असैट) माने जाते हैं। नड्डा के अध्यक्षता-काल में, भाजपा ने बहुत सी महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल की हैं,

- **नड्डा का कार्यकाल इसी जनवरी माह में पूरा हो रहा था, परन्तु संगठन में निरन्तरता (कन्टिन्युटी) बनाये रखने के लिए अगले वर्ष लोकसभा चुनाव तक नड्डा को भाजपाध्यक्ष रखा जायेगा।**
- **नड्डा के अब तक के कार्यकाल की उपलब्धि रही है, यू.पी. में भाजपा द्वारा बहुमत हासिल करना तथा गुजरात व उत्तराखण्ड के चुनाव में भी विजयश्री प्राप्त करना।**
- **दूसरी ओर नड्डा के गृह राज्य हिमाचल में भाजपा की सरकार बनाने में असफलता तथा पश्चिम बंगाल में भाजपा द्वारा सभी कोशिशों के बावजूद बहुमत हासिल नहीं करना, नड्डा के कार्यकाल की "नैगेटिव उपलब्धि" मानी जा रही है।**

जिनमें उत्तर प्रदेश, गुजरात तथा उत्तराखण्ड में सत्ता का बना रहना तथा बिहार में किया गया शानदार प्रदर्शन भी शामिल है। जहाँ तक उनके कमजोर पक्ष का प्रश्न है, उनके गृह राज्य हिमाचल प्रदेश में, कांग्रेस के हाथों भाजपा की पराजय उनके लिये परेशानी का सबब बन गई तथा इससे पूर्व पश्चिम बंगाल में भी भाजपा जनादेश को अपने पक्ष में लाने में भी असफल रही थी।

ऐसी आशा की जा रही है कि शीघ्र ही होने जा रही भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग में भाजपा नेता राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीतियों पर विचार-विमर्श करेंगे। मीटिंग में 2024 के चुनावों से संबंधित आगामी कार्यक्रमों, योजनाओं तथा गतिविधियों के प्रस्तावों एवं रिपोर्टों पर भी चर्चा होने की संभावना है।

यह संकेत देते हुये कि अयोध्या का राम मंदिर भाजपा की विभिन्न प्रकार की स्कीमों में अब भी अपनी प्रमुखता एवं श्रेष्ठता कायम रखे हुये है, गृह मंत्री अमित शाह ने आज घोषणा की कि अगले वर्ष 1 जनवरी को राम मंदिर निर्माण कार्य पूरा हो जायेगा तथा इस दिन उसका उद्घाटन किया जा सकेगा। शाह ने यह बयान त्रिपुरा के अगरतला नगर में दिया, जहाँ भाजपा मुख्यमंत्री माणिका साहा के नेतृत्व में आगामी चुनावों की तैयारी कर रही है।

भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की पिछली मीटिंग गत वर्ष अक्टूबर में हैदराबाद में हुई है।

## राहुल गांधी का आगामी सप्ताह में जैसलमेर दौरा प्रस्तावित?

जयपुर, 5 जनवरी (का.प्र)। रक्षा मंत्रालय की संसदीय कमेटी 3 दिन जैसलमेर दौरे पर रहेगी। इस दौरान आठ जनवरी को पोकरण और 9 व 10 जनवरी को जैसलमेर का कार्यक्रम है। जानकारी के अनुसार राहुल गांधी भी इस संसदीय कमेटी के सदस्य के नाते जैसलमेर आ सकते हैं। राहुल गांधी को

- **रक्षा मंत्रालय की संसदीय कमेटी 8-10 जनवरी को जैसलमेर दौरे पर आ रही है और इस कमेटी के सदस्य होने के नाते राहुल गांधी भी जैसलमेर आ सकते हैं।**

जेड श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त होने के चलते पुलिस व प्रशासन भी दौरे की तैयारियों में जुट गया है।

स्टैंडिंग कमेटी ऑफ डिफेंस अपने 4 दिन के दौरे को लेकर राजस्थान आ रही है। कमेटी 7 जनवरी को जोधपुर रहेगी, 8 जनवरी को पोकरण और 9 व 10 जनवरी को जैसलमेर के दौरे पर रहेगी। बताया जा रहा है कि कुल 32 लोग जैसलमेर के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान यहां बैठक भी लेंगे। संसदीय

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रेलवे की भूमि से अतिक्रमण हटाने पर रोक लगायी सुप्रीम कोर्ट ने

## सात दिन में अतिक्रमण, जिनमें रिहायशी मकान, पानी की टंकी, सरकारी स्कूल व अस्पताल आदि भी हैं, को हटाने के आदेश दिये थे उत्तराखण्ड हाई कोर्ट ने

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 जनवरी। हल्द्वानी में रेलवे की अतिक्रमणशुदा जमीन पर रह रहे 50,000 से ज्यादा लोगों को एक बड़ी राहत देते हुये, सर्वोच्च न्यायालय ने उत्तराखंड उच्च न्यायालय के उस आदेश पर 'स्टे' लगा दिया, जिसमें उन लोगों को 7 दिन में हटा दिये जाने के निर्देश दिये गये थे।

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल तथा अभय एस. ओका की बैंच ने उन स्पेशल लीव पिटिशन्स पर उत्तराखण्ड सरकार तथा रेलवे को नोटिस जारी कर दिये हैं, जो उच्च न्यायालय के 20 दिसम्बर के बड़े पैमाने पर बेदखली के आदेश के खिलाफ दायर की गई थीं।

इस प्रकरण की अगली सुनवाई के लिये 7 फरवरी की तारीख देते हुये, बैंच ने उत्तराखंड एवं रेलवे को इसका

- **सुप्रीम कोर्ट का तर्क था, इस समस्या का ह्यूमन (इंसानी) पक्ष भी है, क्योंकि कई लोग तो देश के विभाजन के बाद यहां आकर इस भूमि पर बसे हैं तथा कुछ ने भूखंड नीलामी में खरीदा है, आदि।**
- **अतः एक उपयुक्त पुनर्वास की सुविधा उपलब्ध कराये बिना, 50,000 इंसानों को कैसे हटाया जा सकता है।**
- **सरकारी एडवोकेट का कहना था कि, भूमि रेलवे की है तथा रेलवे को अपनी गतिविधि व विस्तार करने के लिये अपनी यह भूमि चाहिये। विस्तार इसलिये आवश्यक है क्योंकि हल्द्वानी रेलवे का महत्वपूर्ण "हब" है तथा यहां से रेलवे की सुविधाएं उत्तराखण्ड में प्रवेश करती हैं।**

"व्यवहारिक समाधान" ढूढ़ने के लिये कहा है। बैंच ने कहा कि ये कब्जाधारी लोग इस जमीन पर दशकों से रह रहे हैं तथा लीज एवं खरीद के आधार पर अपने अधिकार का दावा कर रहे हैं।

न्यायमूर्ति कौल ने कहा, "लोग 1947 के बाद यहाँ आये थे तथा जमीनें खरीद ली थी। लोग यहाँ अनेक वर्षों से रह रहे हैं। इनके पुनर्वास की व्यवस्था

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सम्मेद शिखर के लिए पायलट ने केन्द्र सरकार को चिट्ठी भेजी

जयपुर, 5 जनवरी (का.प्र.)। जैन तीर्थ स्थल सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित किए जाने पर जैन समाज पूरे देश में विरोध कर रहा है। अब राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन

- **राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने झारखण्ड के जैन तीर्थ सम्मेद शिखर के संरक्षण के लिए केन्द्रीय पर्यटन मंत्री पी. किशन रेड्डी को पत्र लिखा और जैन समुदाय की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने की अपील की।**

पायलट ने भी इस मामले में केंद्रीय पर्यटन मंत्री किशन रेड्डी को पत्र लिखकर इस फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा है।

पायलट ने पत्र के जरिए कहा है कि केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की ओर से हाल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हरियाणा के मु.मंत्री सुप्रीम कोर्ट से शिकायत करेंगे पंजाब की

## मुख्यमंत्री खट्टर की शिकायत है कि, सुप्रीम कोर्ट के दो निर्णयों के बावजूद भी पंजाब सतलज-यमुना-लिंक नहर बनाने में भारी आनाकानी कर रहा है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 जनवरी। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज कहा कि पंजाब सतलज-यमुना लिंक (एस.वाय.एल.) नहर पर दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को मानने से इंकार करता रहा है। वह शीर्ष अदालत को पंजाब के इस अनिच्छुक रवैये से अवगत करवाएंगे।

पंजाब के मुख्यमंत्री का कहना है कि पंजाब के पास अतिरिक्त जल नहीं है, जबकि खट्टर इस पर जोर देते हैं कि पंजाब को इसके समाधान के लिए नहर बनवानी चाहिए।

केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने एस.वाय.एल. नहर के मुद्दे को लेकर हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों के साथ आज नई दिल्ली में एक मीटिंग ली।

- **केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा पंजाब व हरियाणा की इस मुद्दे पर आहूत बैठक में भी गुरूवार को पंजाब ने पुराना तर्क दोहराया कि, पंजाब में "पानी है ही नहीं"।**
- **खट्टर ने आरोप लगाया कि, पंजाब हर बार मूल मुद्दे पर कुछ बात नहीं करता, तथा बार-बार यह ही दोहराता है कि, पंजाब के पास पानी नहीं है।**
- **सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को निरस्त करने के लिये पंजाब सरकार ने 2004 में विधानसभा में एक विधेयक भी पारित करवाया था। हालांकि यह विधेयक अब वापस ले लिया गया है, पर, पंजाब के मु.मंत्री मान अभी विधेयक के निरस्तीकरण को स्वीकार नहीं कर रहे हैं।**

खट्टर ने मीटिंग का ब्यौरा देते हुए बताया कि मीटिंग में भी किसी सर्वानुमति पर नहीं पहुंचा जा सका। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में घोषणा की थी कि एस.वाय.एल. का निर्माण किया जाना चाहिए, लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और उनकी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'नामांकन पत्र में साढ़े चार करोड़ रू. के कर्ज़ की जानकारी क्यों नहीं दी'

जयपुर, 5 जनवरी (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने विधानसभा चुनाव के नामांकन पत्र में चार करोड़ 44 लाख रुपए की देनदारी की जानकारी छिपाने और लोन की किस्त नहीं चुकाने के मामले में किशनपोल विधानसभा से एमएलए अमीन कागजी, राज्य निर्वाचन आयोग और राज्य के मुख्य सचिव से

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने विधायक अमीन कागज़ी से पूछा। गौरतलब है कि, अमीन कागज़ी ने अपने नामांकन पत्र में न तो कर्ज़ की जानकारी दी और न ही अभी तक कर्ज़ की किश्त ही अदा की है।**

जवाब मांगा है। जस्टिस इन्द्रजीत ने यह आदेश आईआईएफएल होम फाइनेंस लि. की याचिका पर दिए। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता कंपनी ने राज्य के विधानसभा चुनाव से पहले 31 जुलाई 2017 को अमीन कागजी को सांगानेर की सांगा आशियाना विलाज योजना में 4.44 करोड़ रुपए का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सम्मेद शिखर नहीं बनेगा पर्यटन केन्द्र

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 जनवरी। अपने विरासत स्थलों के संरक्षण में लगे जैन धर्मावलम्बियों के लिए यह एक बड़ी जीत है। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने झारखण्ड की टूरिज़्म और ईको टूरिज़्म

- **केन्द्र सरकार ने तीन साल पहले जारी अपना वह आदेश वापस ले लिया है, जिसके तहत झारखण्ड के सम्मेद शिखर को इको टूरिज़्म क्षेत्र बनाने का फैसला किया था।**

गतिविधियों सहित सम्मेद शिखरजी पर्वत क्षेत्र से संबंधित वर्ष 2019 की ईको संवेदी क्षेत्र अधिसूचना पर गुरूवार को रोक लगा दी। मंत्रालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिए कि वह पार्श्वनाथ वन्यजीव अभयारण्य में पर्यटन की अनुमति दिए जाने के प्रयास को लेकर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भ्रष्टाचारियों की पहचान छिपाने के आदेश पर केन्द्र व राज्य सरकार में विरोधाभास उभरा

## मुख्यमंत्री ने कहा, कई मामलों में अफसर को झूठा फंसाया जाता है, बदनामी नहीं हो, इसलिए ऐसा किया जा रहा है

जयपुर, 5 जनवरी (का.प्र.)। भ्रष्टाचारियों के फोटो और नाम नहीं उजागर करने के एसीबी के कार्यवाहक डीजी के आदेशों पर जहां मुख्यमंत्री और मंत्रियों के बीच ही मतभेद सामने आ गए हैं। वहीं इस आदेश के बाद कहा जा रहा है कि जहां सरकार पहले एसीबी के जरिए भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों पर लगातार कार्यवाहियां होने पर अपनी पीठ थपथपा रही थी। लेकिन अचानक इस तरह का आदेश निकाल कर कहीं भ्रष्टाचारियों को बचाने का प्रयास तो नहीं किया जा रहा है। ऐसे में सरकार जहां प्रतिपक्ष के निशाने पर आ गई है वहीं सरकार के अंदर भी इस आदेश को लेकर विरोध देखने को मिल रहा है।

एसीबी के कार्यवाहक डीजी हेमंत प्रियदर्शी की ओर से निकाले गए इस आदेश को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद एसीबी डीजी ने आदेश जारी किया है। लेकिन मुख्यमंत्री के उलट खाद्य मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने इस आदेश का विरोध करते हुए कहा कि ऐसे आदेशों से सरकार के किए कराए पर पानी फिर जाएगा।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस आदेश के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि "कई मामले ऐसे होते हैं, जिसमें अफसर को झूठा फंसाया जाता है। उसे बदनामी का सामना नहीं करना पड़े, इसलिए ऐसा किया जा रहा है कि जब तक यह साबित न हो जाए कि उसने भ्रष्टाचार किया है, उसकी

- **जयपुर आए केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री बोले, भ्रष्टाचारियों के चेहरे कानून और समाज के सामने आने चाहिए।**
- **खाचरियावास ने कहा, आदेश बिल्कुल गलत, ऐसा करने से 4 साल के सारे कामों पर पानी फिर जाएगा।**
- **राजस्थान के कार्यवाहक डी.जी. ने आदेश निकाला है कि, अब भ्रष्टाचारियों के नाम उजागर करना गलत है। इस आदेश को विवादास्पद माना जा रहा है।**

पहचान गुप्त रखी जाए। यह सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों का फैसला है।" इधर, जयपुर दौरे पर आए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि "भ्रष्टाचारियों की जगह जेल में होनी चाहिए। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस होना चाहिए। देश का कानून भी यही कहता है। जहां तक भ्रष्टाचारियों की पहचान छिपाने का सवाल है तो जब तक सजा दिलाने और जांच में सहयोग करने के लिए हो तो अलग बात है, इसके अलावा तो बिल्कुल नहीं छिपानी चाहिए। भ्रष्टाचारियों के चेहरे कानून और समाज के सामने आने चाहिए, उनकी पहचान बिल्कुल नहीं छिपानी चाहिए।"

इसी आदेश को लेकर राजस्थान के खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि "मेरा यह मानना है कि डीजी ने एंटी करप्शन ब्यूरो का चार्ज लेते ही जो आर्डर निकाला, वह आर्डर रिजैक्ट होने वाला ही है। मैं उस आर्डर से सहमत नहीं हूं। मैं ही क्या कांग्रेस का कोई भी विधायक, मंत्री इस तरह की कार्रवाई का समर्थन नहीं करेगा। खुद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत क्या इस तरीके के डीजी के आर्डर को मान सकते हैं? सरकार इस तरह के ऑर्डर के साथ नहीं है। यह आर्डर निकाला गया है, यह आर्डर बिल्कुल गलत है। हम कोई ऐसा काम नहीं करेंगे जिससे हमारे पूरे किए हुए काम पर पानी फिर जाए, हमने कांग्रेस सरकार की नीयत आपको बता दी।

खाचरियावास ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आप इस बात को जानते हैं कि इस देश में इनकम टैक्स और जीएसटी की कार्रवाई होती है। बड़े-बड़े व्यापारी जो टैक्स देते हैं, उनकी फोटो उनके नाम चलाकर हाईलाइट किए जाते हैं। बड़ी-बड़ी ऐजेन्सियां कार्रवाई करती है, बड़े-बड़े नेताओं के यहां पर, बिजनेसमैन के यहां कार्रवाई करते हैं, जो हजारों करोड़ का टैक्स भी देते हैं, उनके यहां पर कार्रवाई होती है तो उनके नाम फोटो सब उजागर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**अतिथि जिसका अन्न खाता है, उसके पाप धुल जाते हैं। –अथर्ववेद**

# क्या दिनांक 27.12.2022 का इलाहाबाद हाईकोर्ट लखनऊ बैंच के निर्णय से संबंधित नगर पालिकायें संविधान के अनुच्छेद 243 के तहत् गठित स्वायत्त शासन की संस्थायें नहीं हैं?

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने जिसमें जस्टिस डी.के. उपाध्याय व जस्टिस सौरव लवानिया थे, उस खण्डपीठ ने दिनांक 27 दिसम्बर 2022 के निर्णय से 93 पीआईएल व रिट् केसेज को निर्णित किया। इन पीआईएल व रिट केसेज में समान तथ्य व कानूनी बिन्दु हैं। पीआईएल नं. 870/2022 वैभव पाण्डे बनाम स्टेट व अन्य के केस के साथ शेष 92 पिटीशनस् को जोड़ा गया है।

पिटीशन्स में प्रार्थीगण का कथन है राज्य सरकार की विज्ञप्ति दिनांक 05.12.2022 संविधान के बाध्यकारी प्रावधान जो अनुच्छेद 243टी में है तथा बाध्यकारी सिद्धान्त जो माननीय सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णयों के. कृष्णामूर्ति व अन्य बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य (यह निर्णय 2010 (7) एससीसी 202 में रिपोर्ट हुआ है) तथा एक अन्य केस विकास किशनराव गवाली बनाम स्टेट ऑफ महाराष्ट्र व अन्य के टाइटल से 2021 (6) एससीसी 73 से रिपोर्ट हुआ है।

सभी पिटीशन्स में डा. एल.पी. मिश्रा व श्री आनन्द पाठक एडवोकेट्स से मूल रूप से बहस की है। पिटीशन दो प्रकार की हैं। इन दोनों में नोटिफिकेशन दिनांक 05.12.2022 को चुनौती दी गई है।

विज्ञप्ति दिनांक 05.12.2022 को चुनौती देने के साथ ही राज्य के दिनांक 12.12.2022 के आर्डर को भी चुनौती दी गई है। जिसके द्वारा यह अपेक्षित किया है कि लोकल बोडिज की अवधि समाप्त होने पर डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट को अधिकृत किया है कि वे लॉकल बॉडीज के एकाउण्ट को, एक्जिक्यूटिव ऑफिसर व सीनियर मोस्ट ऑफिसर के संयुक्त हस्ताक्षर से एकाउण्ट ऑपरेट करेंगे।

यहाँ यह लिखना समीचीन है कि संसद (पार्लियामेण्ट) ने कान्स्टीटयूशन (सेवेन्टी फॉर्थ) संशोधन अधिनियम 1992 से संविधान में नया चेप्टर–IXA दिनांक 01.06.1993 से जोडा है। यह इसलिये जोड़ा गया था कि नगर पालिकायें बंधन मुक्त होकर, संविधान के अनुच्छेद 243क्यू के अधीन गठित स्वायत्त शासन की संस्था है। यही स्थिति पंचायत की भी है। अनुच्छेद 243पी के अनुसार नगर पलिका से अनुच्छेद 243क्यू के अधीन गठित स्वायत्त शासन की संस्था से अभिप्रेत है।

चूंकि संविधान के पार्ट IXA के प्रावधानों के अनुसार स्टेट अधिनियम जिनका संबंध म्यूनिसिपीलिटीज से था उन्हें संविधान के प्रावधानों के अनुसार ढालना था, अतः उत्तरप्रदेश के यूपी एक्ट नं. 12 ऑफ 1994 व उ.प्र. म्यूनिसिपिलिटी कोरपोरेशन एक्ट 1959 में भारी संशोधन किये गये। अनुच्छेद 243टी को प्रभावशाली बनाने के हेतु सेक्शन 9ए व सेक्शन 7 म्यूनिसिपिलिटी एक्ट 1916 व म्यूनिसिपिलिटी कोरपोरेशन एक्ट 1959 में शामिल किये गये इनके द्वारा सीटों का आरक्षण किया गया तथा चेयरमेन के पद बनाये गये।

के. कृष्णामूर्ति के केस में सुप्रीम कोर्ट की संविधान बैंच ने यह स्पष्ट कर दिया कि बेकवर्ड क्लासेज की पहिचान अनुच्छेद 243 डी (6) व अनुच्छेद 243 टी 6 में Socially and Educationally Backward Classes (SEBC) की पहिचान अनुच्छेद 15(4) तथा Backward Classes की पहिचान अनुच्छेद 16(4) के संदर्भ में भिन्न है।

ट्रिपल टेस्ट/कंडीशन की पालना करना राज्य के लिये बाध्यकारी है जहां स्टेट को सीटों का आरक्षण लोकल बोडीज में बेकवर्ड क्लासेज के नागरिकों के लिये करना आवश्यक है। ये ट्रिपल टेस्ट सुप्रीम कोर्ट ने विकास किशनराव गवाली में इस प्रकार अभिव्यक्त किये हैं :–

अ. एक समर्पित कमीशन का गठन करना

ब. कमीशन की सिफारिश के अनुसार आरक्षण का प्रोपोरशन प्रत्येक निकास में किया जावे।

स. किसी भी स्थिति में यह आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा। जिसका अभिप्राय है अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछडों का आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

पिटीशन्स में दिनांक 05.12.2022 की विज्ञप्ति को दो आधारों पर चुनौती दी गई है –

1. संविधान के अनुच्छेद 243 टी में जो निर्देश दिया है उसकी पालना करना।
2. के. कृष्णामूर्ति ने जो सिद्धान्त प्रतिपादित किये हैं उनकी पालना करना।

इन मुकदमों में स्टेट ऑफ यूपी की ओर से सुयोग्य एडीशनल एडवोकेट जनरल श्री वी.के. शाही ने मुख्यतः बहस की है।

> **केन्द्रीय सरकार ने यह पाया कि राज्यों की लॉकल बॉडीज काफी कमजोर और लगभग प्रभावहीन हो चुकी है। अतः इन्हें शक्तिशाली बनाने के लिये संसद ने संविधान (74वां संशोधन) अधिनियम 1992 पारित किया। यह 1.6.1993 से अन्तः स्थापित किया गया। इस प्रकार नगर पालिकाओं के हेतु भाग 9क, संविधान में अनुच्छेद 243त से 243 य छ के रूप में संविधान के भाग बने।**

स्टेट इलेक्शन कमीशन की ओर से स्टेट द्वारा की गई बहस को ही अपनाया गया। बहस का आधार था कि जब तक सेक्शन 9ए यूपी म्यूनिसिपलटीज एक्ट व सेक्शन 7, यूपी म्यूनिसिपिल कॉरपोरेशन अल्ट्रा वायरस घोषित करार नहीं दी जावे, पिटीशन्स चलने योग्य ही नहीं हैं।

पक्षकारों की बहस के बाद माननीय खण्डपीठ ने कहा कि निम्नलिखित प्लीडिंग्स के आधार पर बनाये जाकर निर्णय किया जाना चाहिये :–

1. क्या स्टेट की प्लीडिंग्स के आधार पर यह माना जा सकता है कि के. कृष्णामूर्ति व विकास किशन राव गवाली के मामलों में जो सिद्धान्त प्रतिपादित किये हैं, उनकी पालना की गई है?
2. क्या पिटीशर्नस धारा 243 टी (6) के अनुसार सहायता प्राप्त करने के अधिकारी हैं?
3. क्या राज्य सरकार का आदेश दिनांक 12.12.2022 विधि सम्मत है ?

बहस सुनकर खण्डपीठ ने यह निर्णय दिया कि के. कृष्णामूर्ति व विकास किशन राव गवाली ने ट्रिपल टेस्ट के जो सिद्धान्त प्रतिपादित किये हैं उनकी पालना नहीं की गई। इसके फलस्वरूप राज्य ने सीटों के तथा चेयर पर्सन्स के पदों के आरक्षण और विज्ञप्ति दिनांक 05.12.2022 अवैध हैं व निरस्तनीय हैं।

संक्षेप में सभी रिट पिटीशन्स माननीय खण्डपीठ ने स्वीकार कर निम्नलिखित निर्देश दिये हैं:–

1. विज्ञप्ति दिनांक 05.12.2022 जिसे यूपी राज्य के डिपार्टमेण्ट ऑफ अरबन डेवेलपमेन्ट ने धारा 9ए(5)(3) के तहत जारी की थी उसे अवैध घोषित की जाती है।
2. यूपी राज्य का आदेश दिनांक 12.12.2022 जिसके द्वारा यह आदेश दिया है कि म्यूनिसिपिलिटीज का बैंक अकाउण्ट एक्जीक्यूटिव ऑफिसर व सीनियर मोस्ट ऑफिसर उत्तर प्रदेश पालिका सेन्ट्रेलाइज्ड सर्विस (अकाउण्ट केडर) को अवैध होने से निरस्त किया जाता है।
3. यह निर्देश दिया जाता है कि जब तक ट्रिपल टेस्ट जिसे माननीय सुप्रीम कोर्ट ने के. कृष्णामूर्ति व विकास किशन राव गवाली ने बाध्यकारी माना है उस प्रक्रिया की पूरी पालना नहीं की जाती, पिछडे नागरिकों को आरक्षण नहीं दिया जावेगा। यूपी राज्य व स्टेट इलेक्शन कमीशन तत्संबंधित विज्ञप्ति अति शीघ्र जारी करेंगे। चुनाव बिना आरक्षण होगा।

इस प्रकार इलाहाबाद होईकोर्ट की लखनऊ बैंच ने आयोग बनाये बिना शहरी निकाय चुनाव में अन्य पिछडा वर्ग को 27 प्रतिशत देने से यूपी राज्य सरकार के आदेश पर रोक लगाई थी। राज्य सरकार ने आयोग (कमीशन) बनाने की घोषणा कर दी है आयोग के चेयरमेन पूर्व जस्टिस रामावतार सिंह हैं आयोग का गठन भी हो गया है और आयोग को 6 माह में चुनाव कराने की हिदायत दी है।

योगी सरकार ने न्यायालय के दिनांक 27.12.2022 के आदेश को कानूनी रूप से दोष पूर्ण मानते हुये सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। राज्य सरकार का मानना है कि उच्च न्यायालय को निकायों के चुनाव में अन्य पिछडा वर्ग के लिये सीटों में आरक्षण के प्रावधान जो दिसम्बर 5, 2022 की विज्ञप्ति है वह अधिसूचना के प्रारूप को निरस्त नहीं कर सकती। योगी सरकार सुप्रीम कोर्ट में यह केस लेकर गई है, कमीशन नियुक्त करने के बाद निकाय चुनाव आयोग की रिपोर्ट आने तक चुनाव नहीं कराये जा सकते हैं।

केन्द्रीय सरकार ने यह पाया कि राज्यों की लॉकल बॉडीज काफी कमजोर और लगभग प्रभावहीन हो चुकी है। अतः इन्हें शक्तिशाली बनाने के लिये संसद ने संविधान (74वां संशोधन) अधिनियम 1992 पारित किया। यह 1.6.1993 से अन्तः स्थापित किया गया। इस प्रकार नगर पालिकाओं के हेतु भाग 9क, संविधान में अनुच्छेद 243त से 243 य छ के रूप में संविधान के भाग बने। ये प्रावधान क्यों लाये गये इसे संविधान (74वां संशोधन) अधिनियम 1992 के Statement of Objects and Reasons में उल्लेखित है। इससे पूर्व प्रत्येक राज्य में नगर पालिकायें स्थापित थी वे सरकार के नियंत्रण में चलती थीं। वे नगर पालिकायें बॉडी कॉरपोरेट के रूप में थी। 74वां संविधान संशोधन अधिनियम में नगरपालिका (शहरी निकाय) को यह कहकर परिभाषित किया गया है, ''नगर पालिका के अनुच्छेद 243 क्यू के अधीन गठित स्वायत्त शासन की संस्था अभिप्रेत है'' और अनुच्छेद 243 क्यू यह घोषणा करता है कि नगरपालिकाओं का गठन, प्रत्येक राज्य में इस भाग के (भाग 9क) उपबन्धों के अनुसार गठन किया जावेगा।

प्रत्येक कथन के अनुसार नगरपालिकाओं का गठन किसी राज्य के कानून के अनुसार नहीं होता अपितु इनका उद्भव व गठन संविधान के भाग IXA। अनुबंधों के अनुसार है। अनुच्छेद 243 डब्ल्यू स्पष्ट रूप से कहता है कि इस संविधान के अधीन रहते हुये किसी राज्य का विधान मण्डल विधि द्वारा नगरपालिकाओं को ऐसी शक्तियों और अधिकार प्रदान कर सकेगा जो उन्हें स्वायत्त शासन की संस्थाओं के रूप में कार्य करने में समर्थ बनाने के हेतु आवश्यक हो। समितियों (अनुच्छेद 243 एस के तहत गठित) को ऐसी शक्तियां और प्राधिकार प्रदान कर सकेगा जो उन्हें अपने को प्रदत्त उत्तरदायित्वों को, जिनके अन्तर्गत वे उत्तरदायित्व भी है जो 12वीं अनुसूची में सूचीबद्ध विषयों के संबंध में हैं, कार्यान्वित करने में समर्थ बनाने के लिये आवश्यक हो। अनुच्छेद 243 डब्ल्यू कर शुल्क, पथ कर और फीसें उद्गृहित संगृहीत और विनियोजित करने के बाबत है।

जहाँ तक यूपी राज्य का संबंध है वहाँ पूर्व कानून में बहुत संशोधन हुये हैं, फिर भी वे संविधान के भाग 9क के प्रावधानों से बहुत दूर हैं।

हम यदि राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 को या इससे पूर्व में नगरपालिका अधिनियमों पर विचार करें तो स्पष्ट होगा कि संविधान के भाग IX A के अनुसार नगरपालिका का उद्भव संविधान से है। राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 में म्यूनिसिपल एरिया को यह कहकर परिभाषित किया है कि वह क्षेत्र जो स्टेट गवर्नमेन्ट द्वारा नोटिफाई किया गया है जबकि संविधान के भाग IXA में नगरपालिका क्षेत्र राज्यपाल द्वारा अधिसूचित किया जाता है। नगरपालिका का गठन अनुच्छेद 243 क्यू के अनुसार होना चाहिये न कि राज्य की विधानसभा द्वारा पारित अधिनियम के तहत। अधिनियम 2009 की धारा 5 के अनुसार नगरपालिका एक बॉडी कोरपोरेट है जबकि संविधान के भाग IXA के अनुसार वह अनुच्छेद 243क्यू के अधीन गठित स्वायत्त शासन की संस्था है। राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 व जेडीए अधिनियम, संविधान के भाग IXA के विरूद्ध होने से अवैध (Ultra Vires) है, म्यूनिसिपिलिटी जयपुर का गठन अधिकार शून्य है और उसे कोई कर या फीस बसूल करने आदि का अधिकार नहीं है। ये दोनों स्वायत्त शासन की संस्थायें नहीं हैं।

योगी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में उक्त निर्णय को चुनौती दी है। इससे पूर्व कमीशन की नियुक्ति भी कर दी कमीशन को रिपोर्ट देनी है। अतः इन परिस्थितियों का क्या असर होगा? क्या Waiver अथवा Estoppel का सिद्धान्त लागू होगा। इस विवाद से और संविधान के भाग IXA के संदर्भ में कई संवैधानिक प्रश्न सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष बहस में उठाये जा सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने अपीलों पर दिनांक 4.1.2023 के आदेश से इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है और इस प्रकार यू.पी. राज्य को निकाय चुनाव तीन माह देर से कराने की अनुमति दी है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

## संपादकीय

# बजट: वादों को पूरा करने का एक साधन

**■ केन्द्र सरकार की 34 प्रमुख घोषणाओं और उनके क्रियान्वयन का आंकलन**

वादे, भारतीय राजनीति की एक सर्वोत्कृष्ट विशेषता रहे हैं। घोषणापत्र, सरकारी कार्यक्रम और यहां तक कि बजट की कवायद भी चुनावी राजनीति या गठबंधन की मजबूरियों का शिकार रहीं हैं, जिसके लिए ऐसे वादों की जरूरत होती है, जिन्हें तोड़ा जाना होता है।

वर्ष 2018 के उतरार्द्ध में, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने 2014 के घोषणापत्र में किए गए वादों की समीक्षा करने के लिए कई कवायदें की गईं थीं। वादों को पूरा करने के मामले में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था। पूर्ण और सापेक्ष दोनों ही सन्दर्भों में। समय आ गया है कि बजट घोषणाओं पर करीब से नजर डाली जाए और यह देखा जाए कि क्या उसमें, खासकर रेल बजट से संबंधित, किए गए वादे पूरे किए गए हैं या फिर वे पिछली बजट घोषणाओं की तरह ही अधूरे रह गए हैं।

हमने बजट 2022-23 में की गई 34 प्रमुख घोषणाओं पर बारीकी से गौर किया है और उनके कार्यान्वयन का आंकलन किया । इन घोषणाओं के कार्यान्वयन के मामले में बेहतर प्रदर्शन भारत सरकार की बेहतर प्रशासनिक दक्षता का संकेत हो सकती है। आश्चर्यजनक रूप से, दो बातों को दर्शाते हुए इन प्रमुख घोषणाओं में से प्रत्येक में काफी प्रगति हुई है।

पिछले बजट में पीएम गति शक्ति की घोषणा से शुरुआत करते हैं। इसका उद्देश्य एक ऐसे मंच का निर्माण करना था। यह मंच 16 मंत्रालयों को एकजुट करता है और देश भर में मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी के तेजी से विकास के लिए मार्ग प्रशस्त करने वाले बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं की एकीकृत योजना और समन्वित कार्यान्वयन को संभव बनाता है। पीएम गति शक्ति नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन में दी गई 4827 परियोजनाओं में से 766 की रूपरेखा नेशनल मास्टर प्लान के मंच पर तैयार कर दी गई है।

इसके अलावा, वित्त मंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्गों में 25,000 किलोमीटर का विस्तार करने के निर्णय की घोषणा की थी। वित्त मंत्रालय ने पहले ही राज्य की सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के लिए संशोधित दिशा निर्देश तैयार करना शुरू कर दिया है । मंत्रालय वर्तमान वित्तीय वर्ष में मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्गों को बेहतर बनाने की प्रक्रिया का समर्थन करने हेतु मौजूदा परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण के माध्यम से 20,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रहा है। एक अन्य महत्वपूर्ण घोषणा यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूलिप) से संबंधित है। इसकी घोषणा विभिन्न तरीकों से माल की कुशल आवाजाही, लॉजिस्टिक संबंधी लागत एवं लगने वाले समय को कम करने, समय-समय पर इन्वेंट्री प्रबंधन में सहायता करने और थकाऊ दस्तावेजीकरण को खत्म करने के उद्देश्य से की गई थी।

आगे चलकर इस मंच को इसी के अनुरूप विकसित किया गया है और इसने देश के लॉजिस्टिक क्षेत्र को एक नए तरीके से बढ़ावा देने के प्रयास में विभिन्न मंत्रालयों और एजेंसियों की 29 डिजिटल प्रणालियों को एकीकृत किया है। कृषि क्षेत्र में किसान ड्रोन के उपयोग के संदर्भ में, वित्त मंत्रालय राज्य सरकारों और संबंधित संगठनों को इसे खरीदने के लिए धन जारी कर रहा है।

पीएम आवास योजना के तहत सभी के लिए आवास को लेकर एक बड़ी घोषणा की गई। वित्त मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष में इस कार्यक्रम के तहत 80 लाख घरों के निर्माण का लक्ष्य रखा है। कुल 120.38 लाख स्वीकृत आवासों में से 104.12 लाख आवासों का निर्माण कार्य शुरू हो गया है जबकि 30 सितंबर तक 63.27 लाख आवासों को वितरित कर दिया गया है या फिर उनका निर्माण पूरा कर लिया गया है।

सभी 34 प्रमुख घोषणाओं के गहन विश्लेषण से इनमें से प्रत्येक में काफी प्रगति का पता चलता है और इससे वादा किए गए कार्यों को पूरा करने की दिशा में बेहतर दक्षता और प्रतिबद्धता का संकेत मिलता है। निजी क्षेत्र के कर्मचारी लक्ष्यों को परिभाषित करने और वित्तीय वर्ष के दौरान उन लक्ष्यों की प्रगति पर नज़र रखने के महत्व से अवगत होते हैं। पिछले साल की गई बजट घोषणाओं के विश्लेषण से यह संकेत मिलता है कि वित्त मंत्रालय द्वारा भी इसी तरह का दृष्टिकोण अपनाया गया है। यह अतीत की तुलना में, खासकर किसी ठोस उपाय के बिना की जाने वाली लोकलुभावन घोषणाओं से पैदा होने वाली निराशा को देखते हुए, एक स्वागत योग्य बदलाव है। वर्ष 2008 की कृषि ऋण माफी से उपजी कड़वी निराशा इस प्रकार की लोकलुभावन घोषणा का एक सटीक उदहारण है।

कार्यान्वन के इरादे से लैस विवेकपूर्ण नीतियां राजकोष की पवित्रता और सरकार एवं नागरिकों के बीच विश्वास बनाए रखने की दृष्टि से महत्वपूर्ण होती हैं। बजट 2022-23 ने बजट घोषणाओं के कार्यान्वन के पिछले सभी रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि यह सरकार आने वाले वर्षों में अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ पाती है या नहीं।

**करण भसीन,**
**ऑपइंडिया में राजनीतिक अर्थशास्त्री**

# सर्दी में भी पेयजल संकट

## नागरिकों का प्रतिनिधिमंडल सीएम व मंत्री से मिला

**■ कस्बे की आधा दर्जन से अधिक कॉलोनियों में व्याप्त है पेयजल संकट**

**भुसावर**, (निसं)। कस्बा भुसावर के कटरा मोहल्ला, दरवाजा मोहल्ला, चंदन कॉलोनी, बिजली घर मोहल्ला, बस स्टैंड व बरपाड़ा मोहल्ला सहित विभिन्न कॉलोनियों में शीतकाल में भी पीने के पानी का संकट व्याप्त है।

क्षेत्र के नागरिकों का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस नेता सतीश पांडे के नेतृत्व में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजन लाल जाटव एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल से मिला और ज्ञापन देकर ट्यूबवैल स्वीकृत करवा कर पेयजल संकट निवारण करवाने की मांग की।

पांडे ने पत्र में कहा कि कभी भुसावर की बिजली और पानी की व्यवस्था दिल्ली और जयपुर जैसी हुआ करती थी। आज पानी की केवल एक टाइम सप्लाई है। पांडे ने पत्र में कहा कि सुचारू पेयजल वितरण व्यवस्था हेतु रमेश स्वामी स्मारक के सामने व पारवाले हनुमान जी मंदिर के पास दो ट्यूबवैल स्वीकृत करवा कर पेयजल मुहैया करवाया जाना नितांत आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व सरपंच सतीश पांडे के अलावा शहर कांग्रेस अध्यक्ष चंद्र प्रकाश अवस्थी, शारदा-सतीश शर्मा, लक्ष्मी कांत पांडे, वंदना नितिन पांडे सहित अनेक कांग्रेस जन शामिल थे।

# जावेद 25 हजार किमी. की साइकिल यात्रा पर निकले

**रतनगढ़**, (निसं)। रक़्त की कमी को पूरा करने के लिए तरह तरह के प्रयास किये जा रहे हैं, जिसमें कोलकाता के जावेद पिछले दो माह से से पूरे भारत में साईकिल पर 25 हज़ार किलोमीटर की यात्रा का लक्ष्य लेकर निकले हैं। गत सायं रतनगढ़ पहुँचने पर दीपक डीडवानीया ने अपने मित्रों के साथ उनका स्वागत करते हुए उनके विश्राम की व्यवस्था की।

गुरूवार को सुबह नगरपालिका परिसर में स्वागत करते हुए पालिका अध्यक्ष अर्चना सारस्वत व कांग्रेस नेता हेमन्त सारस्वत आगे की यात्रा के लिए रवाना करते हुए मंगलकामनाएं की। इस मौके पर अधिशाषी अधिकारी अभय मीणा सहित दिपक डिडवानिया, शंकरलाल सैनी, संतोष माटोलिया, आषुतोष हरितवाल, अमीत भुढाढरा, श्याम चोटिया, श्याम सैनी, प्रदिप रिणवा, युधिष्ठिर मंगलाहारा, भानु प्रकाश स्वामी, सुमित भुढाढरा आदि उपस्थित थे। वहीं ग्राम बिरमसर तक दीपक डिडवानिया व संतोष माटोलिया भी शामिल हुए।

# जैन धर्म की आस्था पर चोट क्यों कर रही है सरकार?

**■ श्रीसम्मेद शिखरजी आस्था का केंद्र है, कोई पर्यटन स्थल नहीं: जैन समाज**



रामगोपाल जाट

जैन समुदाय से जुड़े लोग इन दिनों देश में जगह-जगह आंदोलन कर रहे हैं। झाड़खंड में श्रीसम्मेद शिखरजी को लेकर सरकारों के फैसले के खिलाफ अलग-अलग तरह से विरोध प्रदर्शन हो रहा है। कई जैन मुनियों ने आमरण अनशन शुरू कर दिया है। इसमें जैन मुनि सुज्ञेयसागर महाराज ने मंगलवार को प्राण भी त्याग दिया। बुधवार को एक और जैन मुनि ने अपने प्राण त्याग दिये। पूरे विवाद में सियासत भी शुरू हो गई है। सोशल मीडिया पर लोग साफ लिख रहे हैं कि ये मामला केवल 45 लाख जैनियों का नहीं है, बल्कि 110 करोड़ सनातनियों का है।

आखिर क्यों जैन समुदाय से जुड़े लोगों को आंदोलन करना पड़ रहा है? सम्मेद शिखरजी का विवाद क्या है? जैन समुदाय से जुड़े लोगों का क्या कहना है और सरकार क्या बोल रही है? सम्मेद शिखरजी जैनियों के पवित्र तीर्थ है। जैन समुदाय से जुड़े लोग सम्मेद शिखरजी के कण-कण को पवित्र मानते हैं। झारखंड के गिरिडीह जिले में पारसनाथ पहाड़ी पर स्थित श्रीसम्मेद शिखरजी को पार्श्वनाथ पर्वत भी कहा जाता है। यह जगह लोगों की आस्था से जुडी हुई है। बडी संख्या में हिंदू भी इसे आस्था का बड़ा केंद्र मानते हैं।

सम्मेद शिखरजी या पारसनाथ पर्वत भारत के झारखंड राज्य के गिरिडीह ज़िले में छोटा नागपुर पठार पर स्थित एक पहाडी है, जो विश्व का सबसे महत्वपूर्ण जैन तीर्थ स्थल भी है। श्रीसम्मेद शिखरजी के रूप में चर्चित इस पुण्य क्षेत्र में जैन धर्म के 24 में से 20 तीर्थंकरों, जिनको सर्वोच्च जैन गुरू कहा जाता है, ने मोक्ष की प्राप्ति किया था। यहीं पर 23वें तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ ने भी निर्वाण प्राप्त किया था। यह 1350 मीटर, यानी 4430 फीट ऊंचा पहाड़ झारखंड का सबसे ऊंचा स्थान भी है।

यहां हर साल लाखों जैन धर्मावलंबी आते हैं । जैन धर्मशास्त्रों के अनुसार जैन धर्म के 24 में से 20 तीर्थंकरों और अनेक संतों व मुनियों ने यहां मोक्ष प्राप्त किया था ।

जैन ग्रंथों के अनुसार सम्मेद शिखर और अयोध्या, इन दोनों का अस्तित्व सृष्टि के समानांतर है।

विवाद यह है कि जैन समुदाय के इस पवित्र धार्मिक स्थल को झारखंड ने सरकार फरवरी 2019 में पर्यटन स्थल घोषित कर दिया। इसके साथ ही देवघर में बैजनाथ धाम और दुमका को बासुकीनाथ धाम को भी इस सूची में शामिल किया गया। उसी साल अगस्त में, केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने पारसनाथ पहाड़ी को पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र घोषित किया और कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने की जबरदस्त क्षमता है।

सरकार के इसी फैसले का विरोध हो रहा है। जैन समुदाय से जुड़े लोगों का कहना है कि ये आस्था का केंद्र है, कोई पर्यटन स्थल नहीं। इसे पर्यटन स्थल घोषित करने पर लोग यहां मांस-मदिरा का सेवन करेंगे। इसके चलते इस पवित्र धार्मिक स्थल की पवित्रता खंडित होगी, इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा लोग शत्रुंजय पर्वत पर भगवान आदिनाथ की चरण पादुकाओं को खंडित करने को लेकर भी जबरदस्त गुस्से में हैं।

इसे लेकर पिछले दिनों जैन समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की थी। इसके अलावा दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद जैसे बड़े नगरों में महारैली का भी आयोजन किया गया। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सम्मेद शिखरजी को लेकर नोटिफिकेशन विगत भाजपा सरकार के वक्त जारी हुआ था और हम इस मामले को अभी देख रहे हैं। सोरेन की पार्टी झामुमो ने कहा कि केंद्र सरकार ने सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित किया है, भाजपा अब लोगों को गुमराह कर रही है। भाजपा का कहना है कि जब झारखंड में भाजपा की सरकार थी, तब सम्मेद शिखरजी को तीर्थस्थल घोषित किया गया था। अब झामुमो सरकार इसे खंडित करने और जैन समुदाय के लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है।

मामला केवल इतना ही नहीं है। असल बात यह है कि सम्मेद शिखरजी को लेकर झाड़खंड सरकार चाहती है कि इसे पर्यटन स्थल घोषित कर दिया जाये, ताकि राज्य में पर्यटन बढ़े, जिससे राज्य को मोटा राजस्व प्राप्त होगा। इस मामले में प्रमाण सागर महाराज का कहना है कि सरकार ने नोटिफिकेशन जरूर किया, लेकिन इस तरह की कोई भी कार्यवाही सरकार की तरफ से नहीं की गई, जो नोटिफिकेशन सरकार ने किया, इसकी कोई जानकारी जैन समाज को नहीं दी गई। किसी भी प्रदेश के और राष्ट्रीय अखबार में उसका कोई विज्ञापन नहीं निकाला, तो जैन समाज को इसका पता कैसे चलेगा? सरकार ने किसी भी संचार माध्यम से इसकी जानकारी समाज को नहीं दी। सरकार का कहना है कि नोटिफिकेशन सरकार की वेबसाइट पर है। समाज का कहना है कि सरकार की वेबसाइट के माध्यम से प्रसारित किया गया है।

किसी ने इस आंदोलन को खड़ा नहीं किया है, लोग खुद आंदोलित हुए हैं, अपनी इच्छित भावना से लोग सड़क उतर रहे हैं। यहां भीड़ इकट्ठी नहीं की गई, यह भीड़ अपने आप एकत्रित हुई है। सम्मेद शिखरजी जैनों के लिए सर्वस्व है। यही वजह है कि हर जैन इसके लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने के लिए तत्पर है।

आंदोलन करने वालों को किसी राजनीति और राजनीतिक पार्टी से मतलब नहीं है, इनका लगाव सिर्फ तीर्थ क्षेत्र से है। तीर्थ क्षेत्र की रक्षा के लिए तीर्थ क्षेत्र की पवित्रता को बचाए रखने के लिए ही बात कर रहे हैं। केंद्र सरकार का मुद्दा हो या राज्य सरकार की गलती हो, समाज को इससे कोई सरोकार नहीं है। जैन समाज को केवल अधिसूचना के उस प्रसंग से विरोध है, जिसमें इसे पर्यटन स्थल बताया गया है। केंद्र सरकार अपना दायित्व निभाए, राज्य सरकार अपना दायित्व निभाए ।

इस मामले पर झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पाखंड का काम भाजपा ने किया और आज बदनाम राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को किया जा रहा है।

भाजपा की रघुवर दास सरकार में 22 अक्टूबर 2018 को पर्यटन विभाग ने सम्मेद शिखरजी की पवित्रता अक्षुण्ण रखने का परिपत्र जारी किया था, फिर 26 फरवरी 2019 को राज्य सरकार के पर्यटन विभाग ने गजट प्रकाशित कर मधुवन को पर्यटन स्थल के रूप में चिह्नित किया।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जब पिछले दिनों पत्रकारों द्वारा सम्मेद शिखरजी विवाद पर पूछा गया तो उन्होंने बड़ा ही आश्चर्यजनक जवाब देते हुये कहा कि मैंने इस विषय को बारीकी से नहीं देखा है, भारत सरकार द्वारा जो गजट प्रकाशित किया गया है, उसको लेकर यह विषय आ खड़ा हुआ है। राज्य सरकार की तरफ से न तो कोई टिप्पणी की गई है और न ही कोई निर्णय लिया गया है। इसके बारे में थोडी जानकारी लेनी होगी, फिर कुछ बताएंगे।

अब आप कल्पना कीजिये, जब एक छोटे से साम्प्रदायिक आंदोलन पर सरकार खड़ी हो जाती है, रातों-रात मीटिंग बुला ली जाती है, लेकिन देश के प्रमुख शहरों में इतने बड़े आंदोलन जिस विषय पर हो रहे हैं, उसकी हेंमत सोरेन को बारीकी से जानकारी ही नहीं है? यह कैसी सरकार है, जो रजाई ओढ़कर सो रही है और जनता भयानक ठंड में सड़कों पर प्रदर्शन कर रही है? क्या इस तरह की सरकारों को सत्ता में बने रहने का अधिकार है?

दूसरी ओर केंद्र सरकार ने भी अभी तक इस मामले में कोई कदम नहीं उठाया है। केंद्र की मोदी सरकार जैसे राज्य सरकार के भरोसे बैठी है, जबकि राज्य की हेंमत सोरेन सरकार ने पूरा मामला ही केंद्र सरकार और भाजपा की पूर्व सरकार पर डाल दिया है। वास्तव में देखा जाये तो दोनों ही सरकारों को इस मामले पर गंभीरता से विचार कर तुरंत प्रभाव से इस तुगलकी फरमान को वापस लेना चाहिये, ताकि किसी भी धर्म, जाति या समुदाय की भावनाएं आहत नहीं हों। अन्यथा समय बदलते ही सरकारें भी बदलती हैं, क्योंकि यह लोकतंत्र है और इसमें पावर अंततः जनता के हाथ में ही होती है। जनता जिस दिन इस पॉवर का इस्तेमाल करती है, उस दिन बड़े बड़े नेता और दल घर बैठ जाते हैं।

**रामगोपाल जाट,**
**वरिष्ठ पत्रकार**

## राशिफल शुक्रवार 6 जनवरी, 2023



पंडित अनिल शर्मा

पौष मास, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, शुक्रवार, विक्रम संवत 2079, आर्द्रा नक्षत्र रात्रि 12:14 तक, ब्रह्म योग प्रातः 8:10 तक, विष्टि करण दिन 3:26 तक, चन्द्रमा मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-वृष, बुध-धनु, गुरू-मीन, शुक्र-मकर, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 12:24 से सूर्योदय तक है। भद्रा दिन 3:26 तक है। आज पौषी पूर्णिमा, सत्य पूर्णिमा व्रत है। आज शाकम्बरी देवी नवरात्रा समाप्त और शाकम्बरी प्राकृट्य महोत्सव उदयपुरवाटी और माघ स्नान आरम्भ होंगे।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:34 तक, लाभ-अमृत 8:34 से 11:14 तक, शुभ 12:32 से 3:50 तक, ख्र 4:26 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:44

**मेष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में परिजनों से पर्याप्त सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**वृष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।

**सिंह**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। धार्मिक यात्रा संभव है।

**वृश्चिक**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**मकर**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

# पेपर लीक होने के कारण गरीब आदिवासी बच्चे और परिवार पर क्या गुजरती होगी? : डॉ.पूनियां

## ‘नौकरी पाने के लिये आदिवासी बच्चे मेहनत-मजदूरी कर कोचिंग करते हैं, जब परीक्षा देने पहुंचते हैं तो पता चलता है कि पेपर लीक हो गया’

**चौरासी/डूंगरपुर/जयपुर।** वागड़ क्षेत्र के प्रवास पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने डूंगरपुर जिले के चौरासी विधानसभा क्षेत्र में जन आक्रोश सभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, सांसद कनकमल कटारा, प्रदेश मंत्री कन्हैयालाल मीणा, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अल्का मूंदड़ा, डूंगरपुर जिला प्रमुख सूर्या अहारी, विधायक फूलसिह मीणा, अमृतलाल मीणा, सीमलवाडा प्रधान कारीलाल ननोमा, गलियाकोट प्रधान जयप्रकाश पारगी, सागवाडा प्रधान ईश्वर चरपोटा, डूंगरपुर जिलाध्यक्ष प्रभु पण्डया, तलवाड़ा प्रधान निर्मला मकवाना इत्यादि सहित भारी संख्या में जनसैलाब उमड़ा।

- **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2023 में भाजपा की सरकार बनेगी**
- **‘भाजपा की सरकार बनने पर गुजरात की तरह राजस्थान को हर क्षेत्र में विकसित करेंगे’**



**वागड़ क्षेत्र के प्रवास पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने डूंगरपुर जिले के चौरासी विधानसभा क्षेत्र में जन आक्रोश सभा को संबोधित किया।**

सतीश पूनियां ने जन आक्रोश सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, हिंदुस्तान के हर व्यक्ति ने, हर कबीले ने, हर कुटुंब ने, हर जाति ने खूब संघर्ष किया, पसीना बहाया और अपने खून का बलिदान भी दिया, लेकिन दुर्भाग्य है कि 55 सालों तक कांग्रेस पार्टी के पंजे ने राज किया और उस पंजे ने ऐसा इतिहास लिखाया, जिसमें यह कहा कि आजादी के योगदान में जनजाति का कोई योगदान नहीं था, कांग्रेस का यह षडयंत्र दुर्भाग्यपूर्ण है। काली बाई भील की शहादत तो पढ़ते, नानाभाई खाट के बलिदान की शहादत का सम्मान करने का पता लगता, जनजाति के लोगों ने हिंदुस्तान के लिए कितना संघर्ष किया था। कांग्रेस भूल जाती है कि मानगढ़ की घाटी पर मानगढ़ की चोटियों पर गोविंदगुरु के नेतृत्व में 1500 साहसी भील भाई अंग्रेजों की तोपों के आगे शहीद हो गए, उन लोगों ने अपने सर कटा लिए, लेकिन झुकाए नहीं, भारत माता की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राण उत्सर्ग कर दिए।

उन्होंने कहा कि मैं इस आदिवासी क्षेत्र में बहुत बार आता हूं, सबसे पहले बांसवाड़ा के उपचुनाव में आया था, तब मैं देखता था आदिवासी भाई किस तरीके से कैरोसिन तेल के लिए संघर्ष करता था, राशन के लिए संघर्ष करता था, आदिवासी नौजवान नौकरी के लिए संघर्ष करता था, आदिवासी भाई रोजगार के लिए संघर्ष करता था, मुझे इस बात की खुशी है कि, मैं ऐसी पार्टी का कार्यकर्ता हूं जिसमें स्वर्गीय भैरोंसिंह शेखावत जैसे जनकल्याणकारी योजनाएं लागू करने वाले मुख्यमंत्री ने आदिवासी नौजवानों को 45 प्रतिशत आरक्षण देकर जनजाति के नौजवानों को रोजगार की दिशा में लगाया।

पूनियां ने कहा कि आपने मुझे इतना जो मान-सम्मान दिया है, मैं इसलिए यह बात कह रहा हूं, राजस्थान का नक्शा बड़ा है, उसके नक्शे के पड़ोस में गुजरात खड़ा है तो मेरा सपना और संकल्प है कि भाजपा की सरकार बनने पर गुजरात की तरह राजस्थान को हर क्षेत्र में विकसित करेंगे, जिससे आदिवासी भाई बहन को राजस्थान में ही रोजगार देकर उनका उत्थान करेंगे, गुजरात की तरह राजस्थान में भी उद्योगों को बढ़ावा देकर राजस्थान में भी रोजगार के अनेकों अवसर पैदा करेंगे और हम प्रतिबद्ध हैं कि आदिवासी को उनके क्षेत्र में ही रोजगार मिले, यह हमारी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि मैं आपके दरबार में आया हूं तो यह संकल्प लेकर आया हूं, यह भरोसा देने के लिए आया हूं कि राजस्थान की विधानसभा 23 जनवरी से जुड़ेगी, इस क्षेत्र के लिए लड़ाई लडूंगा, आपकी बात विधानसभा में मजबूती से रखूंगा। कांग्रेस शासन में राजस्थान में भ्रष्टाचार इस कदर है कि औसतन हर 12 किलोमीटर पर कोई ना कोई रिश्वत लेते हुए पकड़ा जाता है।

किसी गरीब आदिवासी का बच्चा मजदूरी मेहनत कर कोचिंग करता है और नौकरी की उम्मीद में जब परीक्षा देने सेंटर पर पहुंचता तो पता चलता है कि पेपर लीक हो गया, उस परिवार और बच्चे पर क्या गुजरती होगी, जिसका कोई भाई गुजरात में नौकरी करके अपने छोटे भाई को अरमान के साथ पढ़ाता है, कोई बाप मजदूरी करके अपने बच्चे के मास्टर बनने का सपना देखता है, यह नकल, चीट, लीक का जो षड्यंत्र किया, उससे राजस्थान के तमाम नौजवानों ने सुसाइड कर लिया।

# ‘एंडोस्कोपी से पेट में लगेंगे चंद टांके और कम हो जाएगा मोटापा’



**जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में इंडियन सोसायटी ऑफ गैस्ट्रोएंटरॉलजिस्ट इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में ‘‘प्रोग्रेस इन गैस्ट्रोएंटरॉलजिस्ट एंड हेपिटोलॉजी’’ किताब का विमोचन किया गया।**

**जयपुर,(कासं)।** मोटापे से जूझ रहे लोगों को अब तक दर्द भरी जटिल सर्जरी करानी पड़ती थी। सर्जरी के बाद भी कुछ दवाइयां और सावधानियां जीवनभर चलती थी, लेकिन अब नई तकनीकों से बिना कोई चीरफाड़ के वजन कम हो जाता है। मरीज इस प्रक्रिया के एक दिन बाद ही अस्पताल से डिस्चार्ज होकर अपना सामान्य जीवन जी सकता है। सीतापुरा स्थित जेईसीसी में इंडियन सोसायटी ऑफ गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी की ओर से इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आईएसजीकॉन-2023 में देश-विदेश से आए एक्सपर्ट्स ने यह जानकारी दी।

- **पहले दिन विशेषज्ञों ने मोटापे को कम करने की अत्याधुनिक तकनीकें बताई।**
- **गैस्ट्रोएंटरॉलजी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डॉ. रमेश रूप राय को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया।**

कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और सीनियर गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. रमेश रूप राय ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में तीन हजार से अधिक एक्सपर्ट्स भाग ले रहे। गुरुवार को उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में अमिताभ बच्चन स्वास्थ सबंधित कारणों से शामिल नहीं हो सके। आयोजन सचिव डॉ. संदीप निझावन ने पहले दिन हेपेटाइटिस बी, लीवर सिरोसिस व लीवर फेलियर जैसी कई बीमारियों के इलाज की नई तकनीकों के बारे जानकारी साझा की। ट्रेजरार डॉ. मुकेश कल्ला और जॉइंट सेक्रेटरी डॉ. अनुराग गोविल ने बताया कि उद्घाटन सत्र में पद्मभूषण डॉ. शिव सरीन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डॉ. रमेश रूप राय को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रोग्रेस इन गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी एंड हेपिटोलॉजी किताब का विमोचन किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

चेन्नई के डॉ. बीएस रामाकृष्णन ने बताया कि मोटापे के साथ मरीजों को डायबिटीज, बीपी, जोड़ों में दर्द और खर्राटे की भी शिकायत होती है। जिनका बीएमआई 30 से ज्यादा होता है, उनके लिए मोटापा कम करना बेहद जरूरी होता है। अभी तक लाइफ स्टाइल में सुधार कर या बैरियाट्रिक सर्जरी द्वारा पेट को कम किया जाता था। इस सर्जरी के बाद मरीज को उम्रभर विटामिन के इंजेक्शन लेने की जरूरत पड़ती थी। लेकिन नई एंडोस्कोपी स्लीव गेस्ट्रोप्लास्टी (ईएसजी) द्वारा इसी तरह का काम बिना किसी चीरफाड़ के किया जाता है। इसके लिए मरीज के पेट में दूरबीन द्वारा टांके लगाकर पेट का आकार छोटा कर दिया जाता है। इस प्रक्रिया होने के एक दिन बाद ही मरीज को अस्पताल से डिस्चार्ज भी कर दिया जाता है। इससे मरीज अपना 18 से 20 प्रतिशत वजन कम कर सकता है।

## ‘हाथ से हाथ जोड़ो’ अभियान की बैठक 8 को

**जयपुर, (का.प्र.)।** अखिल भारतीय कांग्रेस संचालन समिति की 4 दिसंबर को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में भारत जोड़ो यात्रा के विस्तार में 26 जनवरी से 2 माह तक हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाने का कार्यक्रम निर्धारित हुआ। जिसकी तैयारियों हेतु 8 जनवरी को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में एक अति-आवश्यक बैठक राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के वार रूम 7, हॉस्पिटल रोड पर बुलाई गई है।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत 2 माह तक गांव, ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर अभियान चलाया जाएगा, जिसकी तैयारी हेतु 8 जनवरी को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वॉर रूम 7, हॉस्पिटल रोड पर दोपहर 3 बजे अति आवश्यक बैठक राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में आयोजित होगी। जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, मुख्यमंत्री राजस्थान अशोक गहलोत, भारत हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के लिए नियुक्त प्रदेश प्रभारी आर सी खूँटिया सहित प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी तथा सभी अग्रिम संगठनों के प्रदेशाध्यक्ष तथा अभियान हेतु नियुक्त जिला समन्वयक भाग लेंगे।

# अब राज्य सरकार क्या न्यायालय को ‘‘टोपी’’ पहनाने का काम करेगी : मुख्य न्यायाधीश

**जयपुर, (का.सं.)।** सरकार द्वारा न्यायालय के समक्ष लिए गए स्टैंड पर बदलाव से नाराज मुख्य न्यायाधीश पंकज मिथल ने झालावाड़ में भवानी मंडी स्थित 19 बीघा से अधिक सरकारी भूमि के निजी लोगो के हक़ में भूरूपान्तरण के एक मामले में सरकार की कार्यप्रणाली पर तल्ख टिपण्णी करते हुए कहा की सरकार द्वारा न्यायालय के समक्ष लिए गए स्टैंड में बदलाव से ऐसा लगता है की सरकार प्रभावशाली निजी लोगो को लाभ पहुंचने के लिए सरकारी भूमि को निजी सम्पति साबित करने पर तुली है और न्यायालय के समक्ष पूर्व में लिए रुख से पलटी खा रही है।

- **सरकार की कार्यप्रणाली पर तल्ख टिप्पणी करते हुए न्यायाधीश ने कहा कि सरकार द्वारा न्यायालय के समक्ष लिए गए स्टैंड में बदलाव से ऐसा लगता है कि सरकार प्रभावशाली निजी लोगो को लाभ पहुंचने के लिए सरकारी भूमि को निजी सम्पति साबित करने पर तुली है और न्यायालय के समक्ष पूर्व में लिए रुख से पलटी खा रही है।**
- **याचिकाकर्ता के अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने न्यायालय को बताया कि भवानी मंडी स्थित 19 बीघा राजकीय भूमि को एक आपराधिक षड्यंत्र के तहत भ्रष्ट तरीके से प्रभावशाली निजी व्यक्तियों के नाम भूरूपांतरण कर पट्टे जारी कर दिए गए जिस पर निर्माण कार्य की स्वीकृति भी जारी कर दी गयी।**

सरकार की पैरवी में पेश हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता अनिल मेहता से मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा ‘‘अब क्या राज्य सरकार न्यायालय को टोपी पहनाने का काम करेगी। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ऐसा हुआ तो हम सरकार के मुख्य सचिव को न्यायालय में पेश होकर स्थिति स्पष्ट करने को कहेंगे।’’

यह टिप्पणी मुख्य न्यायाधीश पंकज मिथल और न्याधिपति शुभा मेहता की खंडपीठ ने अविनाश जायसवाल व एक अन्य जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए की। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने न्यायालय को बताया कि भवानी मंडी स्थित 19 बीघा राजकीय भूमि को एक आपराधिक षड्यंत्र के तहत भ्रष्ट तरीके से प्रभावशाली निजी व्यक्तियों के नाम भूरूपारंतरण कर पट्टे जारी कर दिए गए जिस पर निर्माण कार्य की स्वीकृति भी जारी कर दी गयी।

उन्होंने न्यायालय को बताया कि इससे पूर्व वर्ष 2014 में स्वयं राज्य सरकार और नगर परिषद भवानी मंडी ने न्यायालय में याचिका लगाकर भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा भूमि की 90-बी कार्यवाही पर आपत्ति जताते हुए इसे अवैधानिक और भ्रष्ट आचरण बताया था तत्समय राज्य की भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार ने इस भूमि पर किसी भी निर्माण स्वीकृत जारी करने पर भी रोक लगा दी थी और भूमि को राज्य के नाम दर्ज कर लिया था। लेकिन राज्य में सत्ता परिवर्तन के साथ ही नयी सरकार ने याचिका को वापिस ले लिया और सरकारी भूमि को निजी भूमि बता कर उस पर पट्टे और निर्माण स्वीकृति जारी कर दी जिसे जनहित याचिका में चुनौती दी गयी है।

सुनवाई के दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता मेहता ने कहा की भूमि कभी भी राजकीय सम्पति नहीं थी और वर्ष 1932 में ही तत्कालीन निज़ामत महाराज राजेंद्र सिंह ने यह सम्पति तेल मिल लगने के लिए सेठ पेस्टोंन जी को बक्शीश में दी थी जिसे बाद में जयपुरिया ब्रदर्स नाम की कम्पनी ने खरीद कर लिया और 90-बी की कार्यवाही के लिए समर्पण करने पर उस पर पट्टे जारी किये गए है। निजी पट्टा धारको की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने कहा की पट्टे और निर्माण स्वीकृति के बार न्यायालय ने एक अन्य जानहित याचिका में सुनवाई के दौरान मार्च, 2021 में याचिका के अध्यधीन निर्माण जारी रखने की अनुमति दी थी।

दोनों पक्षों के तर्क को सुनने के बाद न्यायालय ने आदेश में माना की पट्टा धारकों द्वारा भूमि या निर्मित प्लाटो का विक्रय किया जा सकता है ऐसे में न्यायालय ने सम्पूर्ण 19 बीघा 15 बिस्वा भूमि में किस भी प्रकार की भूमि और प्लाट के खरीद.फरोख़्त पर रोक लगा दी और साथ ही स्पष्ट किया। की पूर्व आदेश के तथा यदि कोई निर्माण किये जाएंगे तो वह वैधानिक नहीं होंगे और यदि भूमि राजकीय पाई जाती है तो सम्पूर्ण निर्माण ध्वस्त किये जायेंगे जिसका कोई मुआवजा नहीं दिया जायेगा ना ही पूर्व अंतरिम आदेश से किस भी प्रकार का कोई वैधानिक अधिकार ही पट्टाधारकों को प्राप्त होगा। न्यायलय ने प्रकरण फरवरी के प्रथम सप्ताह में निस्तारण हेतु सूचीबद्ध करने का भी आदेश दिया।

## जे.एल.एफ. में गूंजेगी सशक्त महिलाओं की आवाज़

**जयपुर, (का.सं.)।** आइकोनिक जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन 19 से 23 जनवरी, को होटल क्लार्क्स आमेर, जयपुर में होगा। इस साल, अपने 16वें संस्करण में, फेस्टिवल में उल्लेखनीय लेखिकाओं की कलम के रंग बिखरेंगे।

फेस्टिवल के कई महत्वपूर्ण सत्र लेखिकाओं की उपलब्धि को समर्पित होंगे, जिनमें उनके लेखन के माध्यम से उनके सफ़र को बुना जायेगा। एक विशेष सत्र, फीमेल गेज़ पर आधारित होगा। जब कोई कथानक किसी महिला के नज़रिए से लिखा जाता है, तो वो कैसे दूसरे से भिन्न होता है? ये ‘फीमेल गेज़’ महिलाओं को पोर्ट्रेट करने का नजरिया बदल देता है और वो महज एक ‘वस्तु’ से ऊपर उठ पाती है। इस सत्र में शामिल होने वाले वक्ता है एमिली पर्किन्स, यूजेनिया कुजनेत्सोवा, एना फिलोमिना अमराल और ताध्ग मैक डोंने। इनसे संवाद करेंगी लेखिका सस्क्या जैन। सत्र में, ये वक्ता महिला नजरिये से लेखन के सामाजिक-सांस्कृतिक और राजनैतिक निहितार्थों की व्याख्या करेंगे।

बुकर प्राइज विजेता बेर्नार्दिन एवारिस्तो का संस्मरण, मेनिफेस्टो: ऑन नेवर गिविंग अपउनके संघर्षमय जीवन की कहानी कहता है।

# अनिल अंबानी जमानती वारंट से तलब

**जयपुर, (का.सं.)।** अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-1 जयपुर जिला ने श्रम न्यायालय के अवार्ड की पालना नहीं करने से जुड़े मामले में उद्योगपति और मैसर्स बीएसईएस लि., मुंबई के प्रबंध संचालक अनिल अंबानी के खिलाफ पांच सौ रुपए का जमानती वारंट जारी किए है। अदालत ने आरोपी को 21 मार्च को तलब किया है। अदालत ने यह आदेश शंभू सिंह के दावे पर सुनवाई करते हुए दिए।

प्रकरण के अनुसार शंभू सिंह ने श्रम न्यायालय में दावा पेश कर कहा था कि वह कंपनी के जयपुर स्थित कार्यालय में कार्यालय सहायक के पद पर तैनात था। कंपनी ने 12 जून 1997 को उसे बिना कारण बताए हटा दिया। वहीं उसे हटाने से पहले न तो उसे नोटिस जारी किया गया और ना ही सुनवाई का मौका दिया गया। इस पर श्रम न्यायालय ने प्रकरण की सुनवाई करते हुए 9 सितंबर 2015 को प्रकरण में शंभू सिंह के पक्ष में अवार्ड जारी कर दिया। इसके साथ ही अदालत ने अतिरिक्त श्रम आयुक्त को प्रकरण में पालना करने के आदेश दिए। इस पर परिवादी ने अदालत में परिवाद पेश कर कार्रवाई की गुहार की गई। इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने सितंबर 2017 में कंपनी के प्रबंध संचालक अनिल अंबानी के खिलाफ प्रसंज्ञान लिया है। वहीं अब अदालत ने आरोपी के खिलाफ जमानती वारंट जारी कर तलब किया है।

## तरूण चुघ आज संबोधित करेंगे

**जयपुर।** भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ प्रदेश में चल रहे जन आक्रोश महासभा अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को सांगानेर और विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्रों में महासभाओं को सम्बोधित करेंगे। इससे पहले भाजपा प्रदेश कार्यालय पर तरूण चुघ 6 जनवरी को डाटा प्रबंधन विभाग की कार्यशाला को सम्बोधित करेंगे एवं प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर बैठक लेंगे।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# जनाक्रोश महासभा के मंच पर महिला के नृत्य मामले में पूनिया ने मांगी रिपोर्ट

## आयोजकों पर गिर सकती है गाज, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने इसे गंभीर अनुशासनहीनता का मामला बताया

**जयपुर।** राज्य की गहलोत सरकार के 4 साल के शासन के विरोध में प्रदेश भाजपा की ओर से सभी विधानसभा क्षेत्रों में जनाक्रोश महासभा का आयोजन हो रहा है। इसी बीच अलवर के खेड़ली में भी जनाक्रोश महासभा के मंच पर एक महिला के अश्लील डांस का वीडियो जमकर वायरल होने के बाद जहां इस मामले को लेकर भाजपा बैकफुट पर नजर आ रही है तो पार्टी की भी किरकिरी हो रही है। महिला की अश्लील नृत्य का वीडियो वायरल होने के बाद अब प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनिया ने भी इस मामले में सख्त रुख का अख्तियार कर लिया है। सतीश पूनिया ने अलवर दक्षिण के जिलाध्यक्ष इस पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी है।

अलवर दक्षिण के जिलाध्यक्ष को लिखे पत्र में सतीश पूनिया ने लिखा कि खेड़ली कस्बे का एक प्रकरण उनके संज्ञान में आया जिसमें भाजपा जनाक्रोश महासभा के मंच पर एक महिला नृत्य करती हुई नजर आ रही है। इस कृत्य के माध्यम से पार्टी की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है। यह गंभीर अनुशासनहीनता का मामला है, जनाक्रोश महासभा के आयोजक कौन-कौन थे, किसके निर्देशन में यह हुआ है। पार्टी के मंचों पर इस प्रकार कृत्यों की कतई इजाजत नहीं है। इस पूरे प्रकरण की जानकारी शीघ्र उपलब्ध करवाई जाए।

सूत्रों की माने तो प्रदेश भाजपा को रिपोर्ट मिलने के बाद जनाक्रोश महासभा के आयोजकों पर गाज गिर सकती है। इस प्रकरण से पार्टी के अंदर भी नाराजगी बढ़ती जा रही है। सतीश पूनिया ने पत्र की प्रतिलिपि प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर और संभाग प्रभारी मदन दिलावर को भेजी है। सूत्रों की माने तो अलवर के खेड़ली में मंगलवार को जनाक्रोश महासभा के मंच पर एक महिला की ओर से नृत्य किया गया जिसका वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि महासभा मंच पर जब महिला की ओर से नृत्य किया उस दौरान भाजपा के कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।


**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण (1) जब्बार खान पुत्र बशीर खान आयु-56 वर्ष, (2) परवीन बेगम पत्नी श्री जब्बार खान आयु-52 वर्ष, निवासीयानः-प्लाट नम्बर-2 मतदाता नगर, जयपुर, ट्रांसपोर्ट नगर, जयपुर (राजस्थान) ने अपने पुत्र मोहम्मद आमिर खान को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे अभिभाष्य का पुत्र मोहम्मद आमिर खान आये दिन मेरे अभिभाष्य से लड़ाई-झगड़ा करता है, मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है एवं हैरान परेशान करता है एवं मेरे अभिभाष्या के कहने में नहीं है। यदि कोई भी व्यक्ति, संस्था इत्यादि मोहम्मद आमिर खान से किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार, लेन-देन करेगा तो उसकी समस्त जिम्मेवारी उसकी स्वयं की होगी। मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। सूचित रहे।
जयपुर (मोहम्मद शरीफ) एडवोकेट
दिनांक-5.1.2023 मो.-9887188430

**आम-सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट न, बी-21, रोशन नगर-बी, सिरसी रोड़, जयपुर क्षेत्रफल 166.66 वर्ग गज को श्रीमती मनकोरी पत्नी श्री हीरा लाल ने श्री महावीर सिंह बहैसियत मुखतयारआम श्री अनिल कुमार शर्मा से जरिये विक्रय-पत्र दिनांक 22.06.2009 को क्रय किया था। यह कि श्रीमती मनकोरी का स्वर्गवास दिनांक 26.03.2013 को एवं उनके पति श्री हीरा लाल का स्वर्गवास दिनांक 13.12.2019 को हो गया। उनके स्वर्गवास पश्चात् इनके वारिसान्/उत्तराधिकारी श्रीमती संतोष देवी एवं श्रीमती चन्द्रकला (पुत्रीयाँ) संयुक्त ने उक्त प्लाट में निहित अपना 2/3 अविभाजित हिस्सा अपने भ्राता सहहिस्सेदार श्री दयानन्द ढाका को जरिये हक-त्याग पत्र दिनांक 07.10.2022 को त्याग कर दिया। सम्पत्ति मालिक श्री दयानन्द ढाका ने उक्त प्लाट को विक्रय करने का इकरार श्रीमती सुमन मिर्धा पत्नी श्री महेन्द्र मिर्धा से किया है जिसकी खरीद हेतु श्रीमती सुमन मिर्धा ने ऋण के लिए HDFC Ltd. में आवेदन किया हैं। उक्त सम्पत्ति के बाबत् स्व. श्रीमती मनकोरी पत्नी श्री हीरा लाल के उत्तराधिकारी की हैसियत से किसी प्रकार का किसी भी व्यक्ति, संस्था, जनसाधारण आदि को कोई भी आपत्ति हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उक्त सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस में अपना अधिकार या हक मय दस्तावेज प्रस्तुत करे, अन्यथा HDFC Ltd. द्वारा उक्त सम्पत्ति को रहन कर लिया जावेगा एवम् उसके पश्चात् किसी प्रकार का कोई हक या अधिकार मान्य नहीं होगा। (पीयूष भार्गव एडवोकेट)
दिनांक 04.01.2023 6, रघुकमल निवास, गणपति प्लाजा के सामने, एम. आई. रोड़, जयपुर, फोन नम्बर 0141-4112154

**खोया पाया**

में बजरंग लाल मिश्रा का JDA की कॉलोनी UDN है जिसका आवन्टन पत्र, कब्जा पत्र व अन्य मकान सम्बन्धित कागजात खो गये है। मिलने पर सम्पर्क करे। B-310 विद्याधर नगर मो. 9602816502

मैं दीपेन्द्र सिंह के नाम से बना आईडी कार्ड नंबर 2224893 आईसीआईसीआई (ICICI) बैंक का कहीं खो गया है अगर किसी व्यक्ति को मिल जाए तो कृपया मोबाइल नंबर 9057570183 पर सूचित करें, सूचनाकर्ता विनोद कच्छावा

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 144/2022
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री अरूण कुमावत पुत्र श्री स्व. श्री पूरण चन्द कुमावत निवासी ए-1, कृष्णा नगर प्रथम, गांधी नगर मोड़, टोंक रोड, जयपुर 302015 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत शिक्षाविद श्री पूरण चन्द कुमावत मैमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट ए-1, कृष्णा नगर प्रथम, गांधीनगर मोड़, टोंक रोड, जयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियो के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांकः- 30.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइन्दा तारी पेशी 02.03.2023
मोहर अदालत
रतनलाल योगी (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

**वादपदों के स्थिरिकरण के लिए प्रतिवादी को सम्मन**
(आदेश 5 नियम 1 व 5 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)
न्यायालय पारिवारिक न्यायाधीश महोदय जी प्रथम (1) उदयपुर
श्रीमती रेखा तँवर पत्नी श्री विजय प्रताप सिंह
बनाम
श्री विजय प्रताप सिंह प्रतिवादी
प्रेषित-वाद संख्या 561/2021 मु.दी. (38)
श्री विजय प्रताप सिंह भाटी S/o श्री प्रेम सिंह
मकान नं. 23 (ई) प्रताप नगर, जयपुर (राज.)
चूंकि प्रार्थीया ने आपके विरूद्ध 13-ए, हिन्दु विवाह अधिनियम के लिए एक वाद संस्थित किया है। अतः आपको एतद् द्वारा आहूत किया जाता है कि आप या तो स्वयम् ऐसे या अभिवक्ता जो कि सम्यकरूपेण अनुदिष्ट हो व वाद सम्बन्धी सर्व सारवान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ हो या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ हो के द्वारा दिनांक 10.01.2023 के दिवस को 10 A.M. बजे दावे का उत्तर देने हेतु इस न्यायालय में उपस्थिति हो और आगे आपके एदत द्वारा यह भी निर्देश दिया जाता है कि उस दिन आप अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन पेश करे और उसी दिन वे सब प्रलेख जो आपके अधिपत्य या अधिकार में हो व जिन पर आप अपना प्रतिरक्षा या प्रतिपादन या प्रतिदावा आधारित करते हो, भी प्रस्तुत करें तथा जहां आप किसी अन्य प्रलेख जो आपके अधिपात्य या अधिकार में हो या नहीं हो पर अपनी प्रतिरक्षा या प्रतिपादन या प्रतिदावा के समर्थ में साक्ष्य के रूप में भरोसा रखते हो, उन प्रलेखों को अपने लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करे।
सूचित रहें कि पूर्ण वर्णित दिवस को आपके द्वारा अपनी उपस्थिति में व्यक्तिक्रम होने पर कथित वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना व अवधारित किया जावेगा।
आज दिनांक 4.1.2023 को हस्ताक्षर कर न्यायालय की मुद्रा के अधनी जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से-वरिष्ठ मुंसरिम
पारिवारिक न्यायालय नं. 1
उदयपुर (राज.)

**नाम परिवर्तन**

मैंने मेरा नाम कस्तुरी देवी से बदलकर कस्तुरी देवी यादव रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जावे। पताः कस्तुरी देवी यादव पत्नी मोहन लाल यादव, 210 अमर नगर-सी, खिरणी फाटक, खातीपुरा, जयपुर।

मैंने अपना नाम मलकीत सिंह बरार पुत्र कुलवंत सिंह से बदलकर मलकीत सिंह पुत्र कुलवंत सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे मलकीत सिंह के नाम से जाना जाये। पताः प्लाट नं. 63, फर्स्ट फ्लोर, श्याम भवन, विद्युत नगर-सी, वैशाली नगर, जयपुर।

मेरी एल.आई.सी. पॉलिसी संख्या 195317520 में मेरा नाम कुमारी प्रिया शर्मा दर्ज है जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में श्वेता शर्मा हैं यह दोनों नाम मेरे ही है। श्वेता शर्मा पुत्री हरी प्रसाद शर्मा निवासी महेश नगर किशनगढ़ रेनवाल जिला जयपुर।

I, No. 4286862H NK. Sudhir Kumar Mandal S/o Pandu Mandal R/o Nayatola, Sakrogarh, Sahibganj, Jharkhand, In Service record my Wife Name MOUSAMI MANDAL & D.O.B. 29.04.1994 is wrongly recorded. Correct Name MOUSUMI MANDAL & D.O.B. 02.05.1995 Vide affidavit dated 15.12.2022 Sahibganj.

I Inder Kanwar legally wedded spouse of army no 2883979F RFN/CK Lt Sh. Bhagwan Singh R/o 22 Defence Colony Gokulura Kalwar Road Jhotwara Jaipur that I have changed my son name from UPENDER SINGH (DOB 17 aug 1991) Daughter NIHERIKA (DOB 1 Nov 1988) is wrong entered in service record To UPENDER SINGH KHANGAROT (DOB 5.2.1992) & NIHARIKA KANWAR (DOB 1Nov 1990) vide affidavit dated 3 jan 2023 before district notary Jaipur.

I have changed my name from Salman Khan to Mohammad Salman Khan S/o Islam Khan for all purpose. 108 jirn mata ka khurra Ramganj chopar, Jaipur.

# जिला अस्पताल में गैंगवार, फायरिंग में दो महिलाओं के लगी गोलियां

## विक्रम उर्फ लादेन को अस्पताल लाने पर दूसरी गैंग के बदमाशों ने की फायरिंग



घटना के बाद जिला अस्पताल परिसर में फैला खून।



घटना के बाद एसपी शांतनु कुमार सिंह ने जानकारी जुटाई।

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** जिला अस्पताल बहरोड़ में बदमाशों द्वारा फायरिंग में 2 महिलाओं के पैरों में गोलियां लगने से अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार जसराम पटेल की हत्या करने तथा एक्सप्रेस हाईवे होटल बहरोड के मालिक से मंथली मांगने के आरोपी जयपुर से पकड़े गए विक्रम उर्फ लादेन को जिला अस्पताल बहरोड़ में पुलिस द्वारा मैडिकल के लिए लाया गया। जिसके बाद पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में मेडिकल कराकर वापस जाते समय दूसरी गैंग के लोगों द्वारा इस पर फायरिंग कर दी जिससे 2 महिलाओं के पैरों में गोलियां लग गई। जिनका बहरोड़ के जिला अस्पताल में ही उपचार करने का प्रयास किया गया।

इस दौरान विक्रम उर्फ लादेन के कमरों में छुपने के दौरान जिला अस्पताल में अफरा-तफरी मचने से बहरोड़ थाना अधिकारी वीरेंद्र पाल की सजगता से मौके से ही एक बदमाश को पकडने में सफलता मिली। विक्रम उर्फ लादेन को तुरंत पुलिस सुरक्षा में लेकर रवाना कर दिया।

घटना की गंभीरता को लेकर बहरोड़ पहुंचे जिला पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा मेडिकल करवाकर वापस जाने के दौरान पूर्व की चल रही गैंगवारों की रंजिश में हुई हत्या के मामले के चलते घटना में दो महिलाओं के पैरों में गोलियां लगी। एसपी ने मामले की तह तक जाने का आश्वासन दिया। पुलिस की आंतरिक सूचनाओं के लीक होने की चर्चा पर मामले की जांच कर कार्यवाही करने की बात कही गई।

# नागौर के जे.एल.एन अस्पताल में डॉक्टर की कार ने तीन को कुचला

## एक की मौत, प्रेग्नेंट महिला समेत दो घायल

**नागौर, (निसं)।** नागौर के जिला अस्पताल जे.एल.एन हॉस्पिटल परिसर में गुरुवार सुबह ड्यूटी पर आए डॉक्टर वाईएस नेगी ने अपनी कार से तीन लोगों को टक्कर मार दी। इस हादसे में कार की चपेट में आए मुंडवा में समाज कल्याण विभाग में कार्यरत भंवरलाल मेघवाल (57) की मौत हो गई।

भंवरलाल को कुचलने के बाद कार ने दो अन्य महिलाओं को चपेट में ले लिया। इनमें से एक महिला गर्भवती थी। दोनों महिलाएं घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि जिला हॉस्पिटल में फिजिशियन डॉक्टर वाई.एस. नेगी (एमबीबीएस) काफी तेज स्पीड से कार लेकर हॉस्पिटल परिसर में दाखिल हुए। तेज गति से गाडी चलाकर सबसे पहले उसने भंवरलाल को चपेट में लिया। इसके बाद महिलाओं को टक्कर मारकर उछाल दिया। बताया जा रहा है कि डॉक्टर नशे में था, दुर्घुटना के बाद कार फुटपाथ पर चढ़ कर पेड से टकरा गई। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच आरंभ की है।

डॉ. नेगी ने बुजुर्ग को कुचलने के बाद दो महिलाओं को चपेट में ले लिया। इनमें से एक प्रेग्नेंट थी। महिला का उपचार किया जा रहा है। अनियंत्रित गाडी प्राइवेट एम्बुलेंस से टकराते हुए रेलिंग तोड़ते हुए कार पेड़ से टकरा गई।




घटना के बाद पुलिस ने मौका मुआयना किया।

- बताया जा रहा है कि डॉक्टर नशे में था
- कार फुटपाथ पर चढ़ कर पेड से टकरा गई

इसके बाद डॉक्टर कार से बाहर गिर गया। आनन-फानन में हॉस्पिटल स्टाफ ने घायलों और डॉक्टर को संभाला और इलाज के लिए हॉस्पिटल में ले गए।

नागौर सीओ विनोद सीपा ने बताया कि जेएलएन हॉस्पिटल डॉक्टर ने ड्यूटी पर आते समय अपनी कार से तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसा हॉस्पिटल परिसर में ही हुआ। इस हादसे में रोल निवासी भंवरलाल मेघवाल रोल (57) की मौके पर ही मौत हो गई। तीन लोगों को टक्कर मारने के बाद डॉक्टर नेगी की कार ने एंबुलेंस को भी चपेट में ले लिया। जिससे एंबुलेंस गाडी क्षतिग्रस्त हो गई।

# एस.आई.टी की टीम पर खनन माफिया ने पथराव किया



पथराव की घटना के बाद पुलिस टीम ने जब्त वाहनों को कब्जे में लिया।

**धौलपुर, (निसं)।** अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करने गई एस.आई.टी की टीम पर खनन माफियाओं ने गुरुवार को पथराव कर दिया। पथराव में सरकारी गाड़ी के शीशे टूट गए। पथराव होने पर एसआईटी के अधिकारी गाडी छोड़कर मौके से भाग निकले। सूचना पर सीओ सिटी सुरेश सांखला पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और मोर्चा संभाला लेकिन तब तक खनन माफिया मौके से फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार सदर थाना धौलपुर क्षेत्र के चांदपुरा गांव व उसके आस-पास के खनन इलाके में जा रही थी। इसी दौरान रजई का पुरा गांव में खनन माफियाओं ने टीम पर पथराव शुरू कर दिया। पथराव की सूचना मिलने पर एसपी धर्मेंद्र सिंह भी तुरंत गांव में पहुंच गए। पुलिस ने पथराव करने के मामले में 6 लोगों को हिरासत में लिया व 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली भी जब्त किए।

# लोरेंस बिश्नोई का गुर्गा गिरफ्तार

**बीकानेर, (कासं)।** हरियाणा के गुरुग्राम में दो जनों की हत्या करके फरार हुए एक युवक को बीकानेर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसका सीधा संबंध लोरेंस बिश्नोई गैंग और काला जठेड़ी गैंग से बताया जा रहा है। उसके कब्जे से एक लंबी बंदूक भी बरामद की गई है। बीकानेर पुलिस को सूचना मिली थी कि गुरुग्राम में डबल मर्डर केस में आरोपी सोमवीर उर्फ सोनू जाट फरार है। सोमवीर के बीकानेर आने का इनपुट मिलने के बाद से डीएसटी टीम सक्रिय थी। कोटगेट और बीछवाल पुलिस को भी सक्रिय हुई। इन दोनों थानों ने मिलकर ही सोमवीर को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक बड़ी बंदूक भी मिली है। सोमवीर के खिलाफ गुरुग्राम में हत्या के साथ ही आर्म्स एक्ट का मामला भी दर्ज है।


उसकी गिरफ्तारी के संबंध में गुरुग्राम पुलिस को भी सूचना दी गई है। बीकानेर में हथियार जब्त होने पर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का एक और मामला दर्ज हो सकता है।

# एक दर्जन निजी स्कूलों में एसडीएम ने कराई छुट्टी

**नारायणपुर, (निसं)।** राज्य सरकार की ओर से स्कूलों में शीतकालीन अवकाश चल रहा हैं, लेकिन कई स्कूल मनमानी कर सरकार के आदेशों को नजरअंदाज कर स्कूल संचालित कर रहे थे।

गुरुवार को एसडीएम सुनीता मीणा ने इस मामले में जांच की तो उपखंड क्षेत्र में करीब एक दर्जन निजी स्कूल संचालित मिले। एसडीएम मीणा की कार्रवाई से निजी शिक्षण संस्थानों के संचालकों में हड़कंप मच गया। कस्बे के भगतपुरा मोहल्ले में स्थित बाल भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय, बाईपास पर बीडीएस स्कूल, भारती पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल, ईएमसीए स्कूल, गुरुकुल साइंस, सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय गढ़ी, संस्कार पब्लिक स्कूल गढ़ी आदि स्कूलों के 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी पढ़ते हुए मिले। वहीं सरस्वती विद्या मंदिर नारायणपुर और आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय मुण्डावरा में सभी कक्षाओं के विद्यार्थी पढ़ते हुए मिले।

- शीतकालीन अवकाश में भी चल रही थी पढ़ाई



एसडीएम सुनीता मीणा ने निजी स्कूलों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

इस पर उन्होंने स्कूल का उपस्थिति रजिस्टर जप्त कर स्कूल संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने सभी संचालित स्कूलों में बच्चों की छुट्टी कराकर स्कूल संचालकों को भविष्य में इस प्रकार की मनमानी नहीं करने की हिदायत दी है। वहीं एसडीएम मीणा ने बताया कि शीतलहर को देखते हुए कलेक्टर के आदेशों अनुसार स्कूलों की 7 जनवरी तक छुट्टी बढ़ा दी गई हैं। अगर इस दौरान कोई भी स्कूल संचालित मिली तो उस पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# 'सर्दी ज्यादा होने पर कलेक्टर कर सकेंगे स्कूल में छुटटी'

**बीकानेर, (कासं)।** प्रदेश के कई शहरों में तापमान शून्य और इससे भी कम माइनस में जाने पर स्कूलों में छुटटी करने और समय परिवर्तन करने का अधिकार जिला कलेक्टर्स को दिया है। दरअसल, सर्दी की छुट्टियां खत्म हो रही है और शनिवार से स्कूल फिर से शुरू होने वाले हैं।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक गौरव अग्रवाल ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर्स को भेजे पत्र में कहा है कि अगर आपके क्षेत्र में सर्दी ज्यादा हो तो स्कूलों का समय जिले के मौसम के आधार पर कर सकते हैं। अगर ज्यादा सर्दी है तो छुट्टी भी जिला कलक्टर ही कर सकेंगे। दरअसल, प्रदेश के बीस से ज्यादा शहरों में तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से कम है, वहीं सीकर व चूरू में तापमान माइनस में पहुंच गया है। ऐसे में हर बार की तरह शिक्षा विभाग ने जिला कलेक्टर्स को इसका अधिकार दे दिया है। गौरतलब है कि जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने ऑर्डर जारी कर स्कूलों की छुट्टियां 7 जनवरी तक बढ़ा दी थी।

- शिक्षा विभाग ने कलेक्टर्स को दिया समय बदलने और छुट्टी का अधिकार

जिला कलेक्टर अपने क्षेत्र के जिला शिक्षा अधिकारी से संपर्क करके पंद्रह जनवरी तक स्कूलों में अवकाश कर सकते हैं या फिर समय परिवर्तन कर सकते हैं। इसके बाद शिक्षा निदेशालय ही इस पर निर्णय करेगा। अत्यधिक शीतलहर होने पर ही स्कूलों में अवकाश करने की व्यवस्था की गई है। ऐसे में माना जा रहा है कि जिन जिलों में तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से कम होगा, वहां अवकाश किया जा सकता है।

# कोहरे का प्रकोप

**चौंमू/कालाडेरा, (निसं)।** चौंमू उपखण्ड में गुरुवार को घना कोहरा छाया रहा। वहीं ठंड से लोग बेहाल नजर आये। रातभर ओस गिरती रही जिससे घरों की छतें, पेड़ गीले होकर उनसे ओस की बूंदे गिरती रही। अल सुबह से ही घना कोहरा होने के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। साथ ही वाहन चालक अपनी गाड़ियों की लाइट जलाने के बाद भी सामने देखने में परेशानी हो रही थी। साथ ही घना कोहरा होने से लोग अपने दैनिक कार्यों के दौरान गर्म कपड़ों में लिपटकर काम करते नजर आए। वहीं सुबह जगह-जगह लोग अलाव जलाकर तपते नजर आए।

# दो ग्राम विकास अधिकारी निलंबित

**बामनवास, (निसं)।** पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना में लापरवाही एवं अनियमितता बरतने पर दो ग्राम विकास अधिकारियों पर निलंबन की गाज गिरी है साथी सरकारी योजना मैं शिथिलता एवं लापरवाही बरतने वाले 3 कार्मिकों को 17 सीसीए की चार्जसीट थमाई गई है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद ग्राम पंचायत में कार्यरत कार्मिकों में हड़कंप मच गया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक खन्ना ने गुरूवार को पंचायत समिति

- तीन कार्मिकों को 17 सीसीए की चार्जशीट थमाई
- प्रधानमंत्री आवास योजना में लापरवाही का मामला

बामनवास पहुंचकर जिला परिषद द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना में धीमी गति होने पर एवं कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले फुलवाड़ा ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी जगदीश मीना, ग्राम पंचायत रिवाली के ग्राम विकास अधिकारी बृजकिशोर सैनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना में धीमी गति होने पर सहायक विकास अधिकारी बृजमोहन मीना, बाटोदा के ग्राम विकास अधिकारी बनवारी मित्तल, बेराडा के ग्राम विकास अधिकारी प्रेमसिंह को 17 सीसीए की चार्जशीट जारी की। साथ ही सीईओ ने पीएम आवास के कार्य 15 जनवरी, 2023 तक शुरू नहीं करने पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए।

# आगरा-बांदीकुई रेलमार्ग पर पटरी में क्रेक आया



नदबई कस्बे के बाजार में रेल पटरी को दुरूस्त करती टीम।

**नदबई, (निसं)।** आगरा-बांदीकुई रेलमार्ग पर रेलकर्मियों की सतर्कता से बड़ा हादसा होने से टल गया। जब, सर्दी के चलते नदबई कस्बे के मुख्य बाजार में स्थित गेट नं 57 पर रेल पटरी में दरार आने से ट्रेनों का संचालन रोक दिया गया। रेल पटरी में दरार आने पर उदयपुर-खुजराहो इंटरसिटी एक्सप्रेस को खेडली स्टेशन व मरुधर एक्सप्रेस को नदबई स्टेशन पर रोक दिया गया।

सूचना पर रेलकर्मियों की टीम ने मौके पर पहुंच कर रेल पटरी को दुरुस्त कर करीब डेढ़ घण्टे बाद आगरा-बांदीकुई रेलमार्ग पर ट्रेनों का संचालन शुरु किया गया। विभागीय सूत्रों के अनुसार सुबह करीब 9 बजे नदबई स्टेशन से खेडली की ओर मालगाडी को रवाना किया था। मालगाडी के रवाना होने के बाद रेलकर्मी (गैंगमैन) ने रेल पटरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान नदबई कस्बे में स्थित रेल फाटक के समीप रेल पटरी क्रेक मिलने पर रेलकर्मी ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया।

- गेट नं 57 पर पटरी में आई दरार से रेल संचालन बाधित रहा

# बॉर्डर पर मिले हेरोइन के तीन पैकेट

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** सीमा के पास खेत में हैरोइन के तीन पैकेट मिले हैं। बीएसएफ ने देर रात इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया था लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। संभावना है कि, पैकेट पाकिस्तान से फेंके गए है। हालांकि बीएसएफ ने इस बारे में फिलहाल कुछ नहीं कहा है। रायसिंहनगर इलाके के गांव लखा हाकम के पास काकूसिंहवाला में किसान सुरेश पुत्र भागीरथ का खेत है। किसान ने अपने खेत में एक काले रंग का पैकेट पड़ा देखा था। किसान ने बीएसएफ के अधिकारियों को सूचना दी।


अधिकारियों ने सर्च ऑपरेशन शुरू करवाया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। श्रीगंगानगर इलाके में घड़साना, श्रीकरणपुर, रायसिंहनगर, अनूपगढ़ आदि का बड़ा हिस्सा पाकिस्तान सीमा से सटा है। इन इलाकों में पिछले कुछ समय में कई बार ड्रोन के जरिए पाकिस्तान की ओर से हेरोइन के पैकेट डाले गए हैं। ऐसे में इस बार भी ये पैकेट ड्रोन के जरिए इस इलाके में डाले जाने की आशंका है। जिले के कई इलाकों में तस्कर भी पकड़े गए हैं। सामान्यत: श्रीगंगानगर इलाके में आई हेरोइन को पंजाब इलाके में भिजवाया जाता रहा है। एसपी आनंद शर्मा का कहना है कि उन्हें अधिकृत रूप से तो कोई जानकारी नहीं मिली है लेकिन रायसिंहनगर इलाके में खेतों में हैरोइन मिलने के बारे में पता लगा है।

# माउंट आबू में पारा माइनस छह डिग्री दर्ज

## पिंडवाड़ा में तापमान दो डिग्री से नीचे पहुंचा

**माउंटआबू/ पिंडवाडा, (निसं)।** माउंट आबू में पारा माईन्स छह डिग्री तक पहुंच गया। वही सुबह होने पर लोगो के घरो रखे पानी के बर्तन में बर्फ जम गया। वही बाहर खडे वाहनो पर भी बर्फ की परतें नजर आई। माउंट में कडाके की सर्दी के चलते जन जीवन अस्त व्यस्त नजर आया। वही तेज सर्दी के चलते पर्यटन स्थल पर लोग गर्म कपड़ो में लिपटे नजर आये। सिरोही जिले में पिंडवाड़ा शहर सहित तहसील क्षेत्र में बुधवार को तापमान इस कदर गिरा की खेत खलिहानों में खडी फसलों के पत्तों पर व सूखे घास पर बर्फ जम गई। बुधवार की रात को पारा एक बार फिर गिर गया।

बुधवार को अल सुबह से ही ठंडी हवाओं के चलने के साथ ही सर्दी का आलम यह रहा की गुरुवार सुबह 10 बजे तक चटक धूप खिलने के बावजूद भी सर्द हवाओं से हाथ पैरों में ठिठुरन बरकरार रही। बुधवार तड़के न्यूनतम पारा दो डिग्री पर पहुंच गया। ठंड के कहर से बचने के लिए लोगों ने दिन में भी अलाव जलाया। बुधवार रात्रि को ठंडी हवाएं चलने के साथ ही रात को तापमान में गिरावट आई। जिसका असर गुरुवार को सुबह देखने को मिला। तहसील के ग्रामीण इलाकों के खेतों में पेड़ पौधों के पत्तों व टहनियों पर बर्फ जमी हुई नजर आई।



बोराज के खेतों में फसल पर जमी बर्फ।



बीदासर में गुरुवार की सुबह कपड़ों पर बर्फ जम गई।

# पाले से मटर, टमाटर की फसल में नुकसान की आशंका

**बोराज, (निसं)।** कस्बे सहित क्षेत्र में दो दिन से बढ़ती सर्दी का आलम लोगों पर सितम ढा रहा है। गुरुवार को प्रात: 9 बजे तक घना कोहरा छाया रहा जिससे आवागमन प्रभावित रहा। जी.एस.एस अध्यक्ष लालचन्द जांगू व किसान मोहनलाल ढलान, भेरुलाल चौधरी चरणसिंह ने बताया मटर, टमाटर, अगेती गेहूं की फसल व सरसों की फसल में काफी खराबे का अंदेशा है। फसल को तेज ठंड से बचाव के लिए किसान सिंचाई का सहारा ले रहे हैं।

# घास-फूस, पेड़-पौधों और वाहनों पर बर्फ जमी

**बीदासर, (निसं)।** क्षेत्र में सर्दी का सितम जारी है। सर्दी इतनी भयंकर थी कि खुले में घास-फूस, पेड़-पौधों और वाहनों पर बर्फ जम गई। दिन ब दिन लगातार बढ़ रही सर्दी ने लोगों का जीना दु:भर कर दिया है। गुरुवार की सुबह कोहरा इतना घना था कि वाहनों को दिन में भी लाईट जलाकर चलना पड़ा और सूर्य देवता भी धुंधले नजर आये। सुबह करीब 10 बजे बाद कोहरा छंटने पर मौसम साफ हुआ और धूप में लोगों को सर्दी से राहत मिली लेकिन शाम होते-होते पुन: सर्दी तेज हो गई और लोग अपने घरों में दुबक गये। क्षेत्र में पेड़-पौधों पर जम रही बर्फ से किसानों को नुकसान होने का अंदेशा भी है।

# अधिवक्ता के मुंशी के हाथ-पैर तोड़कर साढ़े 4 लाख रु. लूटने वाले 7 बदमाश गिरफ्तार

## राजपार्क से लौटते वक्त पीड़ित मुंशी पर आरोपियों ने लाठी-सरियों से किया था हमला

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। जवाहर नगर इलाके में अधिवक्ता के मुंशी से मारपीट कर साढ़े 4 लाख रुपये छीनने वाले हिस्ट्रीशीटर सहित 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने वर्चस्व जमाने के लिए किलर गुट बना रखा है, जो कि गैंगवार के बदले गैंगवार करते है। पुलिस फिलहाल आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

डीसीपी (पूर्व) डॉ राजीव पचार ने बताया कि इस संबंध में परिवादी संजय नगर झोटवाड़ा निवासी आरिफ मोहम्मद खान ने थाने में मामला दर्ज करवाया था। जिसमें बताया कि वह पेशे से वकील है। उनका मुंशी फुरकान कुरैशी जो 29 दिसंबर को राजापार्क जाकर राहुल से साढ़े चार लाख रुपए लेकर आ रहा था। वापस लौटते समय रास्ते में निरंकारी सत्संग भवन के पास सिंधी कॉलोनी में दो बाइकों पर आए नौसाद काल्या, रईस व्यापारी, इमरान डेन्टर, मोहसीन, सीडी, दानिश भोंट ने फुरकान को जबरन रास्ता रोकर पैसे छीन लिए और इन लोगों ने लोहे की रोड व पाईप से मार-मार कर फुरकान के दोनों पैर और हाथ तोड़ दिए और उसे अचेत अवस्था में छोड़कर भाग गए।



**जवाहर नगर पुलिस ने अधिवक्ता के मुंशी से मारपीट करने वाले 7 शातिर बदमाशों को गुरूवार को गिरफ्तार किया।**

पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए एडिशनल डीसीपी अवनीश कुमार, एसीपी हवा सिंह और थानाधिकारी पन्नालाल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी आजाद नगर ट्रांसपोर्ट नगर निवासी मुन्ना उर्फ मुन्ना तड़ीपार, मोहसिन उर्फ सीडी, मोहम्मद इरशाद, जोगियो का चौराहा रामगंज निवासी दानिश कुरैशी, घाट की गुणी निवासी रहीस कुरैशी, नाई की थड़ी निवासी जयसिंहपुरा खोर निवासी शाहरूख उर्फ ढोल और नायको का टीबा ट्रांसपोर्ट नगर निवासी इमरान उर्फ इमरान डेन्टर को गिरफ्तार कर लिया।

- **गिरफ्तार 7 आरोपियों में एक हिस्ट्रीशीटर शामिल, इन्होंने वर्चस्व जमाने के लिए बना रखी है किलर गैंग**

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने आपस में मिलकर किलर गुट बना रखे है। जिसमें एक गुट का सरगना हसनपुरा निवासी मुज्जिमल, आजाद नगर ट्रांसपोर्ट नगर निवासी साईद उर्फ दावा में आपस में रंजिश है। इसके चलते गुट बनाकर एक दूसरा गुट अपने गुट को वर्चस्व में लाने के लिए मारपीट करते है। इसी क्रम में मुज्जमिल गुट के द्वारा 26 दिसंबर को एलम, मुज्जिल, अकरम, फुरकान, शहजाद उर्फ डूडी, नेमा, राहुल नन्दा और इनके 10 से 12 साथियों ने साईद उर्फ दावा के साथ मारपीट कर उसके पैर तोड़ दिए थे। पुलिस ने घटना के समय काम में लिए गए लोहे के पाइप और लाठी बरामद कर ली।

## जंगल में मिली बच्ची की इलाज के दौरान मौत

**जयपुर** (कासं)। मुहाना इलाके में जंगल में जिंदा नवजात बच्ची के मिलने से सनसनी फैल गई। नवजात बच्ची को कंबल में लपेट कर झाड़ियों में फेंका गया था। पुलिस ने नवजात को जेकेलॉन अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाया।

मुहाना पुलिस ने बताया कि रिंग रोड देव होटल के पीछे स्थित जंगलों में नवजात बच्ची मिली। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर लोग जंगल में अंदर घुसे। झाड़ियों में पड़े कंबल में नवजात लिपटी हुई मिली।

जिंदा नवजात बच्ची के मिलने का पता चलने पर लोगों में सनसनी फैल गई। लोगों की सूचना पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने कंबल में लिपटी मिली नवजात को संभाला। नवजात बच्ची को तुरंत जेकेलोन हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

पुलिस जांच में सामने आया है कि नवजात बच्ची करीब पांच दिन की थी। अस्पताल में ही उसका जन्म हुआ था। मुहाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर अज्ञात परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, जिनकी तलाश की जा रही है।

## सार-समाचार

### रिवाल्वर चुराने वाला बदमाश गिरफ्तार



आरोपी हंसराज मेघवाल

**जयपुर**। हरमाड़ा थाना पुलिस ने 7 महीने पहले रिटायर्ड आरपीएस की रिवाल्वर और 6 कारतूस चोरी के मामले में फार्म हाउस पर काम करने वाले कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी कर्मचारी के कब्जे से चोरी की रिवाल्वर और कारतूस बरामद किए है। पूछताछ में आरोपी ने शौक पूरा करने के लिए रिवाल्वर-कारतूस चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) वंदिता राणा ने बताया कि हरमाडा थाना पुलिस ने सात महिने पहले रिटायर्ड आरपीएस की रिवाल्वर- कारतूस चोरी करने के मामले में फार्म हाउस पर काम करने वाले कर्मचारी हंसराज मेघवाल (19) निवासी परबतसर जिला नागौर को गिरफ्तार किया है। जो विशनपुरा हरमाड़ा स्थित रिटायर्ड आरपीएस जगमाल सिंह के कृषि फार्म हाउस पर काम करता है। गौरतलब है कि 30 मई 2022 को रिटायर्ड आरपीएस जगमाल सिंह ने मामला दर्ज करवाया था कि 26 मई को वह विशनपुरा हरमाड़ा स्थित कृषि फार्म हाउस पर गया था। लाइसेंस शुदा रिवाल्वर सहित छह कारतूस साथ ले गया था। कमरे में बेड के पीछे अलमारी में रिवाल्वर-कारतूस रखकर किसी काम से बाहर चला गया। पीछे से उसकी लाइसेंसी रिवाल्वर चोरी कर ले गए। इस पर पुलिस ने फार्म हाउस कर्मचारी और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पूछताछ में फार्म हाउस कर्मचारी हंसराज की भूमिका संदिग्ध मिली। सख्ती से पूछताछ में आरोपी ने लाइसेंसी रिवाल्वर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से रिवाल्वर, 2 कारतूस और 4 खाली कारतूस खोल बरामद किए। चोरी किए 6 कारतूसों में से 4 कारतूस फार्म हाउस के पास खाली जमीन पर चला दिए।फिलहाल पूछताछ की जा रही है।

### मनोकामनेश्वर मंदिर में पौषबड़ा कल



**जयपुर** (कासं)। शहर के जौहरी बाजार में ऊंचा कुआं, हल्दियों के रास्ता स्थित मनोकामनेश्वर वीर हनुमान मंदिर में दुग्धाभिषेक व पौषबड़ा प्रसादी का आयोजन होगा। पंडित राजकुमार व्यास, बजरंगलाल शर्मा व जगदीश गुर्जर ने बताया कि शनिवार को हनुमानजी महाराज का दुग्धाभिषेक कर नवीन पोशाक धारण करवायी जायेगी। साथ ही मंदिर प्रांगण को भव्य रूप से सजाया जायेगा। शाम 6 बजे आरती के बाद भगवान बजरंगबली को पौषबड़ा प्रसादी का भोग लगाया जायेगा। इसके बाद श्रद्धालुओं को दोना प्रसादी वितरित की जायेगी।

### इंदौर में होगा 17वां प्रवासी सम्मेलन

**जयपुर**। इंदौर में 8 से 10 जनवरी को आयोजित होने वाले प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन (पीबीडी) के 17वें संस्करण में प्रत्येक वर्ष की तरह राजस्थान फांउडेशन बढ़-चढ़कर भाग ले रहा है। यह जानकारी कमिश्नर, राजस्थान फांउडेशन, धीरज श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में विश्व भर से बडी संख्या में प्रवासी राजस्थानी शिरकत करेंगे। इसके साथ ही राजस्थान सरकार की उद्योग मंत्री शंकुतला रावत और अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग, वीनू गुप्ता भी शिरकत करेंगी। कमिश्नर, राजस्थान फाउंडेशन ने आगे कहा कि राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की दूरदर्शी सोच और विज़न के अनुरूप प्रवासी राजस्थानियों को उनकी मातृभूमि से जोड़ने के उद्देश्य के तहत राजस्थान फाउंडेशन कार्यरत है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रख कर यूरोप, यूएस, ब्रिटेन, दुबई, केन्या एवं अन्य देश जहां प्रवासी राजस्थानी बडी संख्या में कार्यरत है, वहाँ राजस्थान फाउंडेशन अपनी पहुँच बढा रहा है। हाल ही में लांच की गई एनआरआर नीति के तहत राज्य के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में एनआरआरएस (नॉन रेजिडेंट राजस्थानियों) को शामिल करने और उनके साथ लाभकारी संबंध बनाने की योजना बनाने का प्रस्ताव है।

### शिल्पगुरू के सम्मान में संगीत संध्या आज

**जयपुर**। शिल्पगुरु अवॉर्ड से नवाजे गए जयपुर के शिल्पगुरु मोहनलाल सोनी (चित्रकार) के सम्मान में शास्त्रीनगर स्थित जनोपयोगी विज्ञान भवन में 6 जनवरी को शाम 5 बजे सम्मान समारोह व संगीत संध्या का आयोजन होगा। इस दौरान शिल्पगुरु मोहनलाल सोनी को सहयोग करने वाले कलाकारों व शिष्य कलाकारों का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण चतुर्वेदी होंगे। अध्यक्षता सांसद जयपुर शहर रामचरण बोहरा करेंगे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथियों में पूर्व विधायक मोहनलाल गुप्ता, आईपीएस अंशुमान सिंह भौमिया, जयपुर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा, पार्षद मनोज रावत, सहायक निदेशक हस्तशिल्प शिवकुमार केदरे मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पिछले दिनों हुए भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के एक सम्मान समारोह में उपराष्ट्रपति ने जयपुर के शिल्पगुरु मोहनलाल सोनी (चित्रकार) को शिल्पगुरु अवॉर्ड से नवाजा था।

### सी.ए. 8 जनवरी को करेंगे चर्चा

**जयपुर**। कमेटी फॉर मेंबर्स इन प्रैक्टिस ऑफ़ द इंस्टीट्यूट ऑफ़ चार्टेड एकाउन्टेंट ऑफ़ इंडिया के द्वारा जयपुर में 8 जनवरी को नए प्रेक्टिसिंग चार्टर्ड अकाउंटेंट के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम होटल मैरियट, जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान अहमदाबाद से सीए केतुल पटेल, सीए कौशिक सी पटेल, सीए वीरेन शाह और सीए ज्ञान चंद पीपारा, जयपुर से सीए निखिल तोतुका संबोधित करेंगे।चेयरमैन कमेटी फॉर मेंबर्स इन प्रेक्टिस एवं सेंट्रल काउंसिल मेम्बर सीए प्रकाश शर्मा ने सी.एम.पी कमेटी के बारे में परिचय देते हुए बताया कि प्रैक्टिस में सदस्यों के लिए समिति (सीएमपी) चार्टेड एकाउन्टेन्टस अधिनियम, 1949 के नियामक प्रावधानों के तहत गठित भारतीय चार्टेड एकाउन्टेन्टस संस्थान की एक गैर- स्थायी समिति है। इस समिति का गठन फरवरी 2010 में हुआ। समिति का अंतिम उद्देश्य सीए फार्मों के साथ-साथ छोटे और मध्यम व्यवसायियों को उनके अभ्यास पोर्टफोलियो को फिर से जीवत करने के लिए मजबूत करना है। कार्यक्रम में सॉफ्टवेयर सेवाएं : टेली सॉफ्टवेयर समाधान, चिकित्सको के लिए पोर्टफोलियो सॉफ्टवेयर, एंटीवायरस सुरक्षा सुविधा, एकीकृत जीआरसी उत्पादन सूत सॉफ्टवेयर, बिमा सेवाए : एलआईसी टर्म इन्शुरन्स, चिकित्सा बिमा, व्यक्तिगत दुर्घटना बिमा, मोटर वहान बिमा, ग्रहस्थ बिमा, पेशेवर क्षितपूर्ति बिमा, ज्ञान संसाधन : समिति प्रकाशन, अन्य प्रकाशन, विविध: सीए फर्म पोर्टल, वित्तीय सेवाएं: केंडिट कार्ड सुविधा पर चर्चा होगी।

### गीतकार डॉ. संजीव कुमार सम्मानित

**जयपुर**। पं. जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी के चेयरमैन और वरिष्ठ गीतकार इकराम राजस्थानी ने कहा है कि साहित्य ही समाज और संस्कृति को जीवित रखेगा। किताबें समय की धडकन हैं और इन्हीं में हमारी तहजीब सांस लेती है। कलम ही समाज को दिशा देती है। गुरुवार को इकराम राजस्थानी राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी और राही सहयोगी संस्थान के तत्वावधान में इंडिया नेट बुक्स द्वारा प्रकाशित 6 पुस्तकों के लोकार्पण एवं प्रतिष्ठित कवि, संपादक, विधिवो एवं प्रकाशक डॉ. संजीव कुमार को डॉ. हरिवंश राय बच्चन साहित्य सम्मान अर्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। समारोह की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार नंद भारद्वाज ने कहा कि सभ्यता और संस्कृति मानव समाज के विकास की सतत प्रक्रिया है। वरिष्ठ कवि डॉ संजीव कुमार और अन्य साहित्यकार इस दिशा में सार्थक प्रयास कर रहे हैं। डॉ. संजीव कुमार ने कविता और अन्य विधाओं में 107 पुस्तकों का सृजन कर अपनी रचनाधर्मिता का दायित्व निभाया है।

### राज्यपाल ने जरूरतमंदों को कम्बल बांटे

**जयपुर**। राज्यपाल कलराज मिश्र ने शीत लहर और बढी हुई सर्दी को देखते हुए बेसहारा लोगों को राजभवन में गुरुवार को कम्बल वितरित किए। उन्होंने कहा कि सर्दी के प्रकोप को देखते हुए आगे भी निर्धन एवं वंचित लोगों को चिन्हित कर राजभवन की ओर से जरूरी सहायता प्रदान की जाती रहेगी। राज्यपाल ने आमजन से अपील की है जरूरतमंद लोगों व जीव-जंतुओं के प्रति भी दयाभाव रखते हुए सर्दी से बचाव की मदद करे।

# वैशाली नगर में सिमर वैडिंग एंड गिफ्ट एक्सपो आज से

**जयपुर** (कासं)। सिमर वैडिंग एंड गिफ्ट एक्सपो 6 व 7 जनवरी को शिमर वैशाली नगर स्थित केसरी बाग में आयोजित होगा। हर साल की तरह इस बार भी भी नए फैशन कलेक्शन व डिजाइंस के साथ-साथ नई थीम पर यहां सजावट होगी। सेलिब्रेशन ग्रुप के इस 33वें एक्सपो का उद्घाटन आयकर आयुक्त रोली अग्रवाल करेंगी। यह जयपुर का ही नहीं बल्कि भारत का प्रीमियम कंप्लीट वैडिंग शो है, जिसमें देश-विदेश के उद्यमी शिरकत करेंगे। इस बार मकर संक्रांति के त्यौहार को देखते हुए नई थीम गिफ्ट तैयार की गई है। यहां बैग्स व फैशन एक्सेसरीज, वैडिंग एंड पार्टी वियर, मैन्स एसेसरीज व ज्वैलरी डिजाइनर वॉल होगी।

- **दो दिवसीय इस एक्स्पो में लेटेस्ट वैडिंग फैशन कलेक्शन, बैग्स व ज्वैलरी डिजाइनर वॉल डिस्पले होगी**

बताया जा रहा है कि बैग्स एंड फैशन एक्सेसरीज में हर उम्र के लोगों के लिए गिफ्टिंग बैग्स की भव्य रेंज मिलेगी। जिसमें खास थाईलैंड से ट्रैवल बैग,कॉस्मेटिक बॉक्स और ज्वेलरी बॉक्स डिस्प्ले किए जाएंगे। साथ ही नए यंग स्टार्टअप नेचुरल सस्टेनेबल और ऑर्गेनिक जूट के मल्टीपरपज बैग व डिजिटल प्रिंट के हैंडबैग साथ ही ड्रेसेस के साथ इंपोर्टेड हैवी क्लच भी यहां देखने को मिलेंगे।

वेडिंग एंड पार्टी वियर में सभी फंक्शंस के लिए लेटेस्ट कलर, पेटर्न्स और डिजाइंस में ड्रेसेस डिस्प्ले की गई हैं जिसमें खास इंडियन वेस्टर्न फ्यूजन पेटर्न्स, हैवी ब्लाउसेस, जो कि प्लेन साड़ी को भी हैवी लुक देता है। साथ ही साड़ी के साथ कंप्लीट करने के लिए ओवरकोट्स की नई डिजाइंस यहां देखने को मिलेगी। इंपोर्टेड व प्योर फैब्रिक में बैंगलोर से स्टिच्ड सूट्स, कंफर्टेबल बीच वियर वह बहुत स्टाइल ड्रेसेस सबको लुभाएंगे। मैन्स एसेसरीज़ में नई वैडिंग कलेक्शन और कैजुअल डिजाइनर शर्ट्स होंगे। यहां एंटरप्रेन्योर्स व स्टार्टअप द्वारा डिजाइन की गई कंफर्टेबल, कन्वर्टिबल और अफॉर्डेबल रैंज की हैवी लुक, ब्राइडल लुक और ऑफिस लुक स्टेटमेंट ज्वैलरी देखने को मिलेगी। फैशन वॉक के जरिए डिजाइनर अपने ड्रेसेस को शोकेस करेंगे।

राजपूती पोशाक पर खास सोने-चांदी का काम, दबके के काम के साथ लेटेस्ट कांसेप्ट वह फ्यूजन के साथ डिस्प्ले की जाएगी। ऐसी भव्य वैरायटी और कारीगरी के काम की ड्रेसेस खास मौकों पर पहनने के लिए बनाई जाती है, जिसमें 2 महीने का समय लगता है, वह भी यहां पर शोकेस की जाएगी। एक्स्पो में फैशन एक्सपर्ट्स अपने टिप्स भी विजिटर्स को देंगे। सर्दी के इस मौसम में गरमा-गरम चाट व फूड कोर्ट का लुफ्त भी विजिटर्स उठा सकेंगे। आयोजकों के मुताबिक इस एग्जीबिशन का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को एक बेहतर माहौल में बिजनेस प्लेटफार्म उपलब्ध कराना है।

## पार्क की 3 हजार वर्गमीटर भूमि से अतिक्रमण हटाया

**जयपुर** (कासं)। आवासन मंडल ने गुरुवार को प्रताप नगर सेक्टर 19 में कार्रवाई कर दो हजार वर्ग मीटर पार्क की जमीन और पार्क से सटी एक हजार वर्ग मीटर से अतिक्रमण हटाया।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि यहां पर बीते 22 वर्ष से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर रखा था। स्थानीय लोग लम्बे समय से पार्क की जमीन से अतिक्रमण हटाने की मांग कर रहे थे। इस दौरान आवासीय अभियंता रोहित सिंह व संबंधित परियोजना अभियंता आरएल मीणा तथा पुलिस जाप्ता मौजूद रहा।

इधर, जेडीए की प्रवर्तन शाखा ने गुरुवार को जोन चार में कार्रवाई कर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। सरस्वती नगर में भूखंड संख्या ए-65 व ए 66 के भूस्वामी ने पूर्व में छोड़े गए अग्र सैटबैक को कवर करते हुए अवैध निर्माण किया जा रहा था। इस क्षेत्र में करीब 15 फीट ऊचाई के दो पिलर का निर्माण किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान दोनों पिलर ध्वस्त कर दिए।

## युवक ने सात मंजिला बिल्डिंग से नीचे कूदकर खुदकुशी की

**जयपुर** (कासं)। शिवदासपुरा थाना इलाके के महल आंगन योजना के सात मंजिला निर्माणाधीन बिल्डिंग से एलएलबी कर रहे एक छात्र ने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले छात्र ने अपने दोस्त को फोन कर मौके पर बुलाया। मौके पर पहुंचे दोस्त ने छात्र को रोकने का खूब प्रयास किया। लेकिन देखते ही देखते दोस्त के सामने युवक ने सात मंजिला बिल्डिंग से छलांग लगा दी। लोगों की मदद से युवक को पहले महात्मा गांधी अस्पताल में भेजा गया जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण भरत लाल मीणा ने बताया कि शिवदासपुरा थाना इलाके के महल आंगन योजना के सात मंजिला निर्माणाधीन बिल्डिंग से एलएलबी कर रहे एक छात्र कार्तिक कुमावत ने छलांग लगा दी। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में मृतक ने अपनी दोस्त सुरेखा सिंह, उसके भाई श्याम प्रताप सिंह और एक अन्य शख्स रोनी के खिलाफ प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। आरोपों के तहत तीनों शख्स मृतक कार्तिक कुमावत को ब्लैकमेल कर रहे थे। ब्लैकमेल कर आरोपियों ने पैसा भी मृतक से लेने के बात सामने आ रही हैं। वहीं मृतक के परिजनों की ओर से दी गई रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच की जा रही हैं। मृतक कार्तिक कुमावत जेपी अंडर पास के पास कोचिंग सेंटर में कोचिंग लेता था। फ़िलहाल पुलिस सुसाइड नोट के आधार पर और परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतक के मोबाइल की सीडीआर भी निकाली जा रही है।

- **मृतक ने आत्महत्या से पहले दोस्त को फोन कर मौके पर भी बुलाया था**

## बिसाऊ में 180 वर्षों से हो रहा है भगवान श्रीराम का गुणगान



**झुंझुनूं के बिसाऊ में रामलीला में सजाई गई राम दरबार की झांकी।**

**जयपुर** (कासं)। जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में पहली बार झुन्झुनूं के बिसाऊ कस्बे में बनी प्रभुश्रीराम की महिमा को रेखांकित करती शॉर्ट फिल्म बिसाऊ की मूक रामलीला के ट्रेलर की लॉन्चिंग होगी। 10 मिनट की अवधि की बिसाऊ की मूक रामलीला शॉर्ट फिल्म की खास स्क्रीनिंग आइनॉक्स स्क्रीन जीटी सेंटर में 7 जनवरी को प्रात: 10.45 बजे होगी। ए फिल्म बाय रजनी आचार्य व कमल पोद्दार प्रेजेंट्स बिसाऊ की मूक रामलीला में अयोध्या, जनकपुरी, पंचवटी, किशिन्धा पर्वत, राम-सेतु एवं लंका इत्यादि का सुन्दर चित्रण किया गया है। इन सभी को प्रतीक मानकर यहां राम जन्म, राम-सीता विवाह, राम वनवास, अहिल्या-उद्धार, सूर्पनखा का तिरस्कार, सीता हरण, हनुमान- सुग्रीव से मित्रता, लंका-दहन, राम-रावण से लेकर अयोध्या वापसी तक सभी मुख्य घटनाओं का करीने से समावेश किया गया है।

## एसीबी के आदेश के विरोध में ज्ञापन

**जयपुर**, (कासं)। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के रिश्वत के मामलो में ट्रैप होने वालों के नाम व फोटो जारी नही करने के आदेश की कड़ी निन्दा करते हुए इसके विरोध में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को ज्ञापन दिया है।

एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह शेखावत ने ज्ञापन में मुख्यमंत्री से इस तरह के आदेश को वापस लेने की मांग की है। साथ ही ट्रैप होने वालों की फोटो, नाम व पता सरकारी कार्यालयों के साथ शहर के प्रमुख चौराहों पर भी चस्पा किए जाने की मांग की हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स्वयं की भ्रष्टाचार के मामलों में पारदर्शी व जीरो टॉलरेंस की नीति होते हुए भी ब्यूरो द्वारा इस प्रकार के आदेश निकालने से प्रदेश में भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद होंगे। साथ ही राज्य सरकार की छवि भी धूमिल होगी। एसोसिएशन हमेशा भ्रष्टाचार का विरोध करती रही हैं तथा एसोसिएशन द्वारा समय-समय पर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ आंदोलन भी किए जाते रहे हैं। नर्सेज नेताओं ने चेतावनी दी है कि यह आदेश वापस नहीं लिया तो जल्द ही प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा।

# कोचिंग हब के स्वरूप को विश्वस्तरीय बनाने पर चर्चा

**जयपुर** (कासं)। प्रताप नगर में बनाये जा रहे प्रदेश के पहले कोचिंग हब के स्वरूप को आकर्षक बनाने पर गुरूवार को आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से चर्चा कर कोचिंग हब के स्कल्पचर की डिजाइन को अंतिम रूप देने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद प्रदेशभर में चल रही विभिन्न परियोजनाओं पर भी रिव्यू किया।

अरोड़ा ने बताया कि हाऊसिंग बोर्ड द्वारा सभी निर्माणाधीन भवनों को आकर्षक लुक दिया जा रहा है। कोचिंग हब में छात्र-छात्राओं और आगंतुकों को सकारात्मक माहौल उपलब्ध कराने के लिए भवन को आकर्षक बनाया जा रहा है। प्रताप नगर सेक्टर-16 में बन रहे कोचिंग हब को विश्वस्तरीय और आकर्षक बनाने के लिए मैसर्स आइडिया, मैसर्स मानव मूर्ति आर्ट के प्रतिनिधियों ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण में भवन के मेन एंट्रेंस, एंपीथियेटर, लाइब्रेरी, स्पोर्ट्स एरिना के स्कल्पचर की डिजाइन के कई विकल्प



**आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने गुरूवार को अधिकारियों की बैठक लेकर कोचिंग हब के डिजाइन को लेकर चर्चा की।**

प्रस्तुत किए। आयुक्त ने डिजाइनों में सुधार के कई अहम सुझाव भी दिए। बैठक में सचिव अल्पा चौधरी, मुख्य अभियंता के.सी. मीना, वित्तीय सलाहकार संजय शर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रथम अमित अग्रवाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। गौरतलब है कि प्रताप नगर के हल्दीघाटी मार्ग स्थित 65 हजार वर्ग मीटर भूमि पर दो चरणों में कोचिंग हब विकसित किया जा रहा है। इससे लगभग 65 से 70 हजार छात्रों को शैक्षिणक सुविधा का लाभ मिलेगा। पहले चरण में निर्मित 5 ब्लॉक में कुल 140 कोचिंग परिसरों (सम्पत्तियों) का निर्माण किया गया है। करीब 1588.06 वर्गफीट से 8025.56 वर्गफीट तक सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल के इन सभी कोचिंग परिसरों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

# सम्मेद शिखर संघर्ष सेना का आंदोलन शुरू

**जयपुर**, (का.सं.)। सम्मेद शिखरजी जैन तीर्थ को पर्यटन स्थल घोषित करने के विरोध में सम्मेद शिखरजी संघर्ष सेना जयपुर ने आंदोलन शुरू किया। भारत सरकार द्वारा एक अधिसूचना जारी कर जैन समाज के सबसे प्रसिद्ध तीर्थ स्थल सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित कर दिया गया, जिससे पूरे जैन समाज में आक्रोश फैल गया।

जयपुर में गुरूवार को सम्मेद शिखरजी संघर्ष सेना ने पूनम चंद भंडारी एडवोकेट, चेतन निमोडिया, डॉ हिमांशु जैन अशोक जैन के नेतृत्व में हल्दीघाटी मार्ग टोंक रोड प्रताप नगर पर सैकड़ों जैन समाज के लोगों ने धरना दिया और नवकार मंत्र का जाप किया तथा यह प्रण लिया कि यह आंदोलन तब तक जारी रखेंगे, जब तक कि सरकार नोटिफिकेशन को निरस्त नहीं करती है।

भंडारी ने कहा कि जैन समाज



**सम्मेद शिखरजी जैन तीर्थ को पर्यटन स्थल घोषित करने के विरोध में गुरूवार को सम्मेद शिखरजी संघर्ष सेना ने प्रताप नगर में धरना दिया।**

अहिंसक और शांतिप्रिय है और देश के विकास में जैन समाज लगातार सहयोग कर रहा है पूरे देश को जो आयकर मिलता है उसमें से 24 फीसदी जैन समाज देता है जैन समाज ने करोड़ों लोगों को नौकरी दे रखी है और सम्मेद शिखरजी एक पवित्र जैन तीर्थ है जहां जैन धर्म के 20 तीर्थंकर मोक्ष गए हैं इसलिए पूरा जैन समाज सरकार के निर्णय का विरोध कर रहा है। चेतन निमोडिया पार्षद ने कहा की जैन समाज के महत्वपूर्ण तीर्थ सम्मेद शिखरजी को बचाने के लिए अगर प्राण भी देने पेड़े तो वे पीछे नहीं हटेंगे। अशोक जैन ने कहा कि जैन समाज के तीर्थ को बचाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा और उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से मुंडन भी कराया और कहा कि चाहे उन्हें अपना व्यापार बंद करना पड़े लेकिन जैन तीर्थ की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। सभा को डॉ हिमांशु जैन,आशीष पाटनी, अभिषेक सांघी, नरेंद्र जैन भोली, अनिल जैन बीएसएनएल , रमेश कुमार जैन, सीता जैन, ललिता जैन व मुन्ना देवी सहित कई लोगों ने संबोधित किया और कहा कि धरना लगातार जारी रहेगा और अधिसूचना वापस लेने पर ही आंदोलन समाप्त करेंगे।

## रेजिडेंट डॉक्टर ने गाइड पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**जयपुर**। सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में पीएमआर डिपार्टमेंट में थर्ड ईयर रेजिडेंट डॉक्टर ने अपने गाइड डॉ. नितिन पांडे पर थीसिस रोकने और उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। वहीं इस मामले में राज्य महिला आयोग ने डॉ. पांडे को 18 जनवरी को अपने कार्यालय में तलब किया है।

पीड़ित डॉक्टर आशा लता ने बताया कि वह कि पीएमआर डिपार्टमेंट में थर्ड ईयर रेजिडेंट है। वह डॉ. नितिन पांडे के गाइडेंस में थीसिस पूरा कर रही है। डॉ. आशा लता ने आरोप लगाया कि डॉ. पांडे सही तरीके से अपनी ड्यूटी नहीं कर रहे है, उसकी थीसिस को रोक रहे हैं। डेढ़ साल से चल रहे इस विवाद से प्रताड़ित होकर उन्होंने डॉ. पांडे की शिकायत कॉलेज प्रशासन व राज्य महिला आयोग में की थी। महिला आयोग की अध्यक्ष रेहाना चिश्ती ने मामले में हस्तक्षेप करते हुए एसएमएस कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बरगहट्टा से फोन पर बात की। साथ ही डॉक्टर नितिन पांडे को नोटिस देकर 18 जनवरी को महिला आयोग कार्यालय बुलाया। गत 24 दिसम्बर को डॉ. आशा और उनके गाइड टीचर के बीच राजीनामा हुआ। इसमें वह थीसिस साइन के लिए राजी हो गए। लेकिन बाद में 30 दिसम्बर को जबरदस्ती डॉ. आशा को बुलवाकर उनके साइन करवाए गए। और उन्हें कंसेंट ली गई यूनिट को चेंज करने के आदेश जारी कर दिए। इसके बाद डॉ. पांडे ने उनकी थीसिस पर साइन किए। डॉ. आशा ने आरोप लगाया कि उन पर चुप रहने का दबाव बनाया जा रहा है। एसएमएस के आरआरसी में कार्यरत 27 रेजिडेंट में केवल उनकी यूनिट डॉ. पांडे के कहने पर बदली है।



## Celebration Of Life Month

It's the beginning of a new year, and that makes it the perfect time to start appreciating the lives that we lead, and the blessings that come to us every day. Part of that recognition is appreciating the physical carriage that is our bodies, and preparing to celebrate the year ahead. Celebration of Life Month is the perfect opportunity for you to unwind from the holidays, take a few days to rest, and prepare yourself for the next journey around the sun.

#TRIED&TASTED

# Winter Salads So Good!

Try these DIY, delicious and quick salads that make for a wholesome treat.

Winter is when we feel like indulging in fried samosas and tikki. But how about giving a healthy spin to your diet this winter? As more and more people have started to adapt to a healthy lifestyle, we thought why not replace plain, boring salads with some classic winter veggies that are not only refreshing but filling too. So if you are in the mood for some mouth-watering salad recipes, we have some help for you.

Try these DIY, delicious and quick salads that make for a wholesome treat.

## Beetroot Tartare Salad



**Ingredients**

For Walnut and Mooli Curd

- 1/2 cup - Hung curd
- 5ml - Fresh lemon juice
- 1tbsp - Grated radish
- 4 no - Crushed walnut
- Salt to taste

*Mix all the ingredients together

For Beetroot Tartare

- 2 no - Large red beets
- 3tsp - Walnut oil
- 2tbsp - Apple cider vinegar
- 1tsp - Pepper
- 1tsp - Madras curry powder
- 1tbsp - Vinegrette dressing

**Preparation**

**For the Beets**

1. Blanch the beets in water, vinegar, salt, sugar.
2. Dice it into small cubes.
3. Temper with madras curry powder and walnut oil.

**For Avocado and Cashew**

1. Blend ripe avocado and hydrated cashews into a paste. Add salt, pepper, lemon.
2. Serve the tarter with a help of a mould. Add pea shoots, pine nuts, vinaigrette, and cracked black pepper.

## Carrot and Moong Salad




**Ingredients**

- 1/4th cup- moong dal boiled
- 1/4th cup- boiled chickpeas
- 2 cups - shredded carrots
- 2 teaspoon - olive oil
- ½ teaspoon- black pepper
- ½ teaspoon- lemon juice
- ½ teaspoon - honey

**Preparation**

1. In a bowl add oil, and then put moong dal, carrots and chickpeas. Mix well.
2. Next, add black pepper, lemon juice and honey. Give the salad a good mix.

## Avocado Salsa Salad



**Ingredients**

- 1 ripe avocado
- 1 red onion
- 1 chilli - finely chopped
- Juice from 1 lemon
- Small handful of fresh coriander, chopped

**Preparation**

1. Cut the avocado and onion into very small dices and place in a bowl.
2. Add chilli, lemon juice and coriander and stir together.
3. Leave for a few minutes and serve.

## Warm Sprouts Salad



**Ingredients**

- 100g - Beans sprouts
- 30g - Bell pepper juliennes
- 30g- Carrot juliennes
- 20g - Green onion juliennes
- 5g - Ginger
- Light soya sauce to taste
- 5g - Sugar
- 10ml - Sesame oil
- Crushed black pepper to taste
- 5ml - Lime juice
- White sesame seeds for garnish

**Preparation**

1. Heat sesame oil in a wok, add ginger, carrot and bell peppers. Sauté for few seconds then add the sprouts and stir well.
2. Add in soya sauce, sugar, crushed black pepper and toss well on high flame.
3. Add green onions and give it a toss.
4. Finish with lime juice and white sesame seeds garnish.



Arunaraje Patil

When it came to making featuring films, she found that scripting was the easier part of making a film: finding finances – a producer, in short - was the more difficult part. Often money was not in question, but their aesthetics would not match. She recounts the story of casting for Shaque as an instance: "We did a screen test with Waheeda Rehman, and we wanted to cast Amitabh Bachchan opposite her. But the producer flatly refused to that because all his films till then had flopped at the box office." So Vinod Khanna was brought on board but his pairing with Waheeda Rehman did not work! That's where the seasoned actress showed her magnanimity. "Aanewale log jaanewale ke liye intezar nahin kartey," she said, asking the debut directors to move ahead without glancing back. "So we took Shabana Azmi who had just done Ankur."

# Song of Freedom



Ratnottama Sengupta

## #STORY OF ARUNARAJE PATIL

Lux Beauty Soap & Actresses go hand in hand – be it in Hollywood, Bollywood, Tollywood, Mollywood, Nollywood… since 1925! Why? Because the makers found out that when its glamour quotient was implied by the association of screen divas, the sales zoomed; after the advent of International Women's Day, when Lux was marketed as the 'Soap for Every Woman', the sales dropped and – before the new era dawned in Y2K, it had to be replaced in fancy stores by Dove.

Filmmakers have, since – or perhaps even before – realised that the soft presence of a feminine body does lots to lift the spirits of the viewers and the box office buzz too. So, in so many films, our leading ladies have done anything but lead. Yet, surprising as it may sound, so few have gone behind the camera, either to produce films or to direct; even fewer have exchanged their onscreen roles for technical ones.

Thus, we have had instances from early years of a Kanan Devi or a Jaddan Bai producing films; of Arundhati Devi or Aparna Sen, an Asha Parekh or Hema Malini sit in the Director's chair but scarcely has an actress worn the mantle of a DOP, an Editor, or a Sound Designer. Meena Kumari wrote lovely poems but even her writer-director (ex) husband did not bestow on her the dignity of a 'lyricist'.

Suhasini Maniratnam famously came from behind the camera to teach by example a starlet who just was unable to deliver. Aruna Raje had trained in Editing at the FTII and then co-directed Shaque with her then husband Vikas Desai. Farah Khan started as Dance Director and graduated into a full-fledged Director. Revathy, Deepti Naval, Nandita Das, Konkona Sen Sharma, Pooja Bhatt, Satarupa Sanyal all made their mark as actresses and then donned the Director's hat.

But did anyone ever wonder why Zoya Akhtar never followed her brother Farhan's example and turn from direction to acting? Meghna Gulzar had her mother's dazzling looks but once she got into the director's shoes, did she ever think of taking to acting? Mira Nair, Deepa Mehta, Kalpana Lajmi, Reema Kagti, Gauri Shinde – will any one of these eminent names ever lead the cast of any film? No, because they are not in the marquee for adding glamour quotient to the screen.

So, no, ladies with glamourous looks will continue to perform in the individualistic niche of acting where they don't have to take responsibility for what they do: they will not worry about lighting the sets, nor soil their hands by physically 'cutting' a film. Carrying a camera on your shoulders is a thankless job, so much more easy to smile into the camera.



Arunaraje graduating FTII.


### Fear of the Industry

Arunaraje Patil, then perhaps 20 – had gone to the Film and Television Institute of India to train to be an actor. Encouraged by her mother to watch matinee shows three to five times a week since she was a school going kid, her heart was in that stream. With her siblings she would do all kinds of play acting at home: Sometimes they were pirates on high seas fighting with wooden sword; sometimes they would sing and dance. Why, she had also acquitted herself well in intercollegiate plays and brought home awards for acting! That was why, despite studying medicine purely on merit, she quit Bombay's Grant Medical College after a year.

The offers she was getting to act in Hindi film were serious, and many. But there was the fear of the industry: 'I was afraid of the 'reputation' this industry had, of being bad to women. Yes, the infamous Casting Couch was a real fear." But seeing her keenness to act, a family friend suggested that Aruna should go to FTII - "a trained actor would not be exploited," they said.

However, for some reason she couldn't deliver on the D-Day at FTII - "I was given a dreadful piece to act!" Aruna recalls and she was not accepted for the Acting Course which had three other girls – Rita Saluja, Shobhana Shah and Naseema. Crestfallen, Aruna initially rejected the suggestion to do a double diploma in four years – primarily, do the Editing course and then the Direction as she already had an understanding of the celluloid art she'd soaked in sitting in theatres, "all the big banners from the MGM Lion to the Mehboob Khan productions."

On hindsight, that rejection was a blessing in disguise. Being one of the few girls among many boys she not only got proposed every other day – eventually Aruna emerged from FTII as the first trained woman technician. For, she had mastered the ropes of cutting the raw material of cinema, arranging the shots in an order that would make the narration more absorbing, and stitching up a riveting film. In the meantime, she had also attended Direction classes and geared up to call the shots as a director.




Today Aruna herself encourages more girls to join "at every level of filmmaking and film studies too," to set right the inequity that she witnessed. Even in FTII, "for years, there was no woman teacher," she remembers. Perhaps to correct the gender ratio, Aruna has taken to imparting the knowledge she has garnered over the years to young aspirants of the art as the Dean of Acting in Whistling Woods, a film school in Haryana, as much as Guest Lecturer at her alma mater.

As for the editing part? Whether in Mumbai or Mysore, the industry people felt that filmmaking cannot be taught in a school. Aruna recounts one experience of editing the Kannada movie Vamsha Vriksha that remains vividly etched in memory. "We reached Madras and found that the laboratory in Mysore had printed the RR print out of sync. Promptly they blamed me!" They beamed as they thought they had scored a point against film school training. "In reality, they had mismatched the standard leaders on the picture and sound negatives while printing." Aruna's technical knowledge saved the poor producer as she "got the sound on a magnetic track and matched that with the picture."



A still from Rihaee, starring Hema Malini, Naseeruddin Shah and Vinod Khanna.




arunaraje song of freedom by Ratnottama Sengupta.

### Cut and Show

Vamsha Vriksha (1972) was the first feature assignment she had got outside FTII as an editor. Directors Girish Karnad and B V Karanth had faith in the editor who was equipped with training, but they were unnerved when she showed up in a wheelchair, having met with a major accident that had left her with broken legs and a badly damaged face with a broken nose! The entire unit's opinion of women technicians changed when they saw Aruna eat sleep and work in the lab on the first floor because she could not negotiate the stairs. "For six months I was in the wheelchair, and then I learnt to walk with crutches…"

Shekhar Kapur, a good friend, would often accompany Aruna when she went to teach media studies at Sophia College or elsewhere. When he directed Masoom, for which Gulzar had written the script, he got Aruna to edit the film. "Why cut the scene here?"- he would ceaselessly ask, "why not there?" By then splicers had come into usage and Aruna found it easier to cut and show the impact rather than talk about it.

"Those days we would wear gloves and use scissors to cut the film. We scraped the emulsion with shaving blades, then matched the perforation holes and applied liquid cement. So strong was this that a film could tear but not the joint! And if you cut it wrong, your frame was gone! No way could you restore it. We had to work to the precision of 124th of a second, and we would have tremendous fight for that 124th second!" Aruna looks back on the experience with a smile.

Of course, all that changed with the arrival of the digital technology. "We cut the film with our own hands, joined it, exposed it… But for years now everything has gone technical. It has evolved, from celluloid to analogue to digital…" Aruna badly misses the celluloid film - "holding the film in my hand, splicing it, smelling it was an entirely different experience!" But she not only mastered the new technology, she re-oriented herself to the brave new world.




Firebrand, the latest film directed by Arunaraje, is a Netflix release.




Freedom My Story by Arunaraje Patil.

### Sound Recording

Aruna speaks about the changes that have come in sound recording too. "In the earliest films an orchestra played sitting in front of the screen. Then playback came, and music was recorded by orchestras in huge sound-proof rooms - all the musicians playing at one go. Today music recordings take place in small cubicles where the musicians are recorded one at a time and the layering is done later!"

In the early years when she was fresh out of FTII Ad films came in plenty to the duo of Aruna and Vikas, who were by then husband and wife. "We were seen as some whiz kids," she gleams. For, between them they were shouldering the responsibilities of script writing, editing, and directing, advertisement films and documentaries. Acting too was not outside the ken of their expertise! Because Aruna was enriched by three-fold experience - as an avid viewer since her childhood, encouraged by her mother; as a student trained in every department of filmmaking; and, by this time, a practitioner of the art.



Girish Karnad speaking at the launch of Freedom My Story.

When it came to making featuring films, she found that scripting was the easier part of making a film: finding finances – a producer, in short - was the more difficult part. Often money was not in question, but their aesthetics would not match. She recounts the story of casting for Shaque as an instance: "We did a screen test with Waheeda Rehman, and we wanted to cast Amitabh Bachchan opposite her. But the producer flatly refused to that because all his films till then had flopped at the box office."

So Vinod Khanna was brought on board but his pairing with Waheeda Rehman did not work! That's where the seasoned actress showed her magnanimity. "Aanewale log jaanewale ke liye intezar nahin kartey," she said, asking the debut directors to move ahead without glancing back. "So we took Shabana Azmi who had just done Ankur."

If this sincerity and commitment towards her work made people look upon her as if she were a 'Stunt Queen,' it won over Vinod Khanna. They struck such a bonding that a journalist had asked, "Do you expect us to believe that Vinod Khanna listened to a chit of a girl like you?" "Ask Vinod Khanna…" That's all she had replied. If the person needed any more proof of the pudding, he had to wait only till Aruna struck out on her own, to make Rihaee after her divorce with Vikas.

### Turning Point

The divorce was a double tragedy for Aruna. Gagi, their twelve-year-old first born who had been suffering cancer, died one morning and the next day Vikas, her dearest friend, her batchmate, her partner who had fathered her two children, wanted to marry her closest friend! "Within 24 hours I had lost my daughter, my husband, and my friend. I tried to take my life but couldn't. I had a little boy to take care of," she told me, whom she has known since I was a girl of 12. "I can't live and I can't die, I am such a super flop!" Aruna had then shared with a psychiatrist friend.


The darkest of moment is often a turning point too. Aruna sought refuge in what she had learnt to do best: make films. Thus came Rihaee.

"Extramarital affairs have always been there in society," Aruna observes. "But no one understands women's need, their desire, their expression, their freedom," she realised when the film released. Quite naturally, women who saw the film were happy to 'find a voice' but men protested vociferously. "Our women are not like that!" they asserted, "you are spoiling our women!" In Lucknow and Bhopal husbands did not allow their wives to go to the theatres. Even during press conferences in the metros, the men accosted her, "What do you want – sleeping rights for women?" And a South Indian producer who was chairing the National Film Awards jury that year went so far as to say, "This film should not be considered for any category."

However, the director noted that the men watching the movie in theatres unfailingly clapped in the Panchayat scene which had a lot of anti- men dialogue. Aruna was not baffled: "In the darkness of the auditorium where you are nameless, faceless, genderless, you are cheering for the underdog."



Aruna at the editing table.



Vijaya Rao with ArunaRaje Patil releasing Films Through Women's Eyes in October 2022.



### Empowerment

Aruna always wanted women to be seen as an equal but how can two creatures created differently by nature be equal? "Only if they are given equal opportunities," she concludes. "You simply cannot treat them as less than animals!"

Aruna would love to continue to empower women - "that's the only way to make a difference." And cinema to her is a mode of empowerment. For, she knows from decades of experience now, "if you can tell a story well, you can reach anyone anywhere." So, whatever the story that structures her narrative, she ensures that the characters are as real as flesh-n-blood men and women. "Characters are sacred" to the filmmaker who was born to a mother who engaged in social work and a father who opened a school in their Karnataka village that became a college.

> **Aruna would love to continue to empower women - "that's the only way to make a difference." And cinema to her is a mode of empowerment.**

Aruna, naturally, has steered towards making not only films but also documentaries. Because? In fiction you create the reality, while in documentaries you enter their world and depict it with as much authenticity as you can muster. Some of her subjects, like the renowned dancer Mallika Sarabhai, are empowered women who shine brightly in the firmament to show the path to millions of wanderers. Some live condemned lives in Red Light areas. Some, like the protagonists of The New Paradigm (2002), Behind the Glass Wall (2015) and Firebrand (2019) are bipolar, or schizophrenic, or autistic who find release for their frustration in dancing or acting. Has she then shifted from being a creative artiste to being an activist? "Truth is where the camera is," Aruna asserts. So, if her belief in the characters she has shifted focus to makes her an activist, so be it.

Her efforts have started to yield result, and not only in the form of multiple National Awards. In a male-oriented industry that did not fancy taking orders from women, one where she had to work several times harder, both at home and on the sets, to prove that she knew her job as much as Vikas Desai did, Aruna Raje Patil is now a name uttered with respect.

Aruna has recorded the journey of her own life in Freedom: My Story. When I read her autobiography, I get an insight into not only her relationship, her driving force in life, her understanding of Cinema - and I understand her need to work towards social justice. "Freedom to be, freedom to think, freedom to talk, freedom to express, freedom to live life of your choice…" Aruna dreams for every woman the dream that has come true for her. And I am reminded of these lines of Tagore, the Universal Poet:

*Woman I am,*
*Magnificent, boundless.*
*Luna, unblinking,*
*Sings my tune on moonlit nights.*
*But for me, the Evening Star*
*Would lose its shine,*
*And the bower its flowers…*

Originally published in..


Films Through Women's Eyes - A Study of 17 Women Director's of India, published by the Bangalore-based Suchitra Film Society looks at the life and works of 17 women filmmakers. Silhouette presents the chapter ArunaRaje: Song of Freedom, written by Ratnottama Sengupta. Excerpted with permission from Suchitra Film Society and Maithili Rao.

writetoarbit@rashtradoot.com




(L to R) Jemima, FTII student who did a presentation on Screenplays by Nabendu Ghosh; Aruna Raje Patil, FTII Alumni and Lecturer; Anjum Rajabali, screen writer; Ratnottama Sengupta, media Analyst and daughter of Nabendu Ghosh; Soumil, HoD, after the Smarananjali organised by FTII to commemorate the Nabendu Ghosh Centenary in 2018.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# तीन नकाबपोश बदमाशों ने दो मिनट में पीएनबी बैंक लूटा

## बैंककर्मियों को बंधक बना 10 लाख रूपये की नगदी लूटी

**हलैना/वैर,** (निसं)। दिनदहाडे बैंक खुलने के कुछ समय बाद ही तीन नकाबपोश बदमाश बाइक पर सवार होकर आये और बैंक में प्रवेश करते हुए हथियारों के दम पर मात्र 2 से 5 मिनट के अन्तराल में करीब 10 लाख रूपये की नगदी को लूट बैंककर्मियों को बंधक बना फरार हो गये।

पुलिस अधिकारियों ने पहुंच सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए उच्च अधिकारियों को सूचना देकर जिले में नाकाबंदी करवायी और जांच में जुट गये। जिला पुलिस अधीक्षक श्यामसिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ राजेन्द्र वर्मा ने मौके पर पहुँचकर घटना की जानकारी ली और डॉग स्क्वायर्ड, एमओवी एवं एफएसएल टीमों को बुलाकर साक्ष्य भी जुटाये। कस्बा वैर की पीएनबी बैंक में कोई सिक्योरिटी गार्ड नही होना भी उक्त घटना एवं बैंक की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खडे करता नजर आ रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बा वैर की पंजाब नेशनल बैंक में बदमाशों ने दिनदहाड़े हथियार लहराते हुए केशियर पर हथियार तान दिये।



बैंक लूट के फुटेज देखते पुलिस अधिकारी।

- डॉग स्क्वायर्ड, एमओवी एवं एफ.एस.एल. टीमों को बुलाकर साक्ष्य जुटाये
- बैंककर्मियों को बंधक बना फरार हो गये बदमाश
- पीएनबी बैंक में कोई सिक्योरिटी गार्ड नही होना सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान

जिसके बाद दहशत में आये बैंक कर्मियों से करीब 6 से 8 लाख रुपए को लूट कर साथ लाये बैंग में रख लिये और बैंक कर्मियों को बंधक बनाते हुए फरार होने में कामयाब हो गए ।थानाधिकारी सुमेर सिंह एवं पुलिस सीओ निहाल सिंह ने मौके पर पहुंच बैंक कर्मियों को छुड़ाते हुए मामले की जानकारी ली एवं सीसीटीवी फुटेज खंगाले और उनके आधार पर चारों तरफ नाकाबंदी करते हुए बदमाशो की तलाश में टीमें लगा दी और जांच में जुट गए।

बैंक कार्मिक मुकेश मीणा ने बताया कि तीन बदमाश नकाबपोश थे और अंदर आते ही उन्होंने हथियार लहराते हुए 6 से 8 लाख रुपए लूट लिए । घटना के बाद क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाए जा रहे हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने बताया कि मौजूद पुलिस अधिकारियों सहित बैंक कर्मियों से जानकारी ली। जहां उन्होने कहा कि उक्त घटना की बारिकी से जांच की जा रही है। लोगों ने बताया कि यहां लगा सिक्योरिटी अलार्म भी अपने आप बज जाता है जिससे कई बार परेशानियों का सामना करना पडता है। कई बार रात्रि को भी ये अलार्म बजा जिससे बेवजह परेशानी हो गयी।

# लेकसिटी के मैदानी इलाकों में न्यूनतम पारा -एक डिग्री दर्ज

## मौसम विभाग डबोक के अनुसार उदयपुर शहर में न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। शीत लहर के साथ पड़ रही कड़ाके की ठंड ने लेकसिटी में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। तेज ठंड के प्रकोप के चलते गुरूवार को जिला कलक्टर ने आदेश जारी कर स्कूलों में 6 व 7 जनवरी

- उदयपुर जिले में कलेक्टर ने किया 6-7 जनवरी का अवकाश घोषित
- बुधवार को सीजन की सबसे सर्द रात रही



उदयपुर शहर में लोगों ने अलाव का सहारा लिया।

को अवकाश घोषित किया गया है। उदयपुर जिले में अब स्कूल 9 जनवरी सोमवार से खुलेंगे। इधर, कड़ाके की ठंड के चलते उदयपुर के मैदानी इलाकों में तापमान शून्य से चला गया। सीटीएई कॉलेज फार्म पर न्यूनतम पारा -1 (माईनस एक) डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं मौसम विभाग डबोक के अनुसार उदयपुर शहर में न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री दर्ज हुआ।

हवाओं की ठंडक व गिरते तापमान के साथ झीलों के शहर में कड़ाके की सर्दी बरकरार है। बुधवार को सबसे सर्द दिन के बाद रात भी इस सीजन की सबसे ठंडी रात रही। बुधवार की तुलना में गुरूवार को न्यूनतम तापमान 3 डिग्री और गिरावट के साथ 6.8 से 3.7 डिग्री पर जा पहुंचा। हालांकि अधिकतम तापमान में एक डिग्री की बढ ोतरी हुई है यह तापमान 18.7 था जो आज 19.6 रिकॉर्ड किया गया। गुरूवार शाम को जिला कलक्टर ने उदयपुर में बढ़ ती ठंड के प्रकोप को देखते हुए शीतकालीन अवकाश को 5 जनवरी से आगे बढ़ाते हुए 6 व 7 जनवरी को भी अवकाश घोषित किया गया है। उदयपुर में समस्त सरकारी व गैर सरकारी स्कूल अब 9 जनवरी सोमवार से खुलेंगे। वहीं 15 जनवरी तक स्कूलों को समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे रहेगा।

## पुलिस टीम पर की फायरिंग

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर शहर के निहालगंज थाना क्षेत्र में देर रात नाकाबंदी के दौरान बजरी माफियाओं ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग करते हुए पुलिस ने बजरी से भरे ट्रैक्टर के टायर फोड़ दिए। इसके बाद पुलिस ने एक ट्रैक्टर और ट्रॉली को जब्त कर लिया। इस दौरान माफिया अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। थाना प्रभारी विजय मीणा ने बताया कि बुधवार देर रात को पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ बजरी माफिया चंबल से अवैध रूप से बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को लेकर निकल रहे हैं। जिस पर नाकाबंदी की गई। जहां 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार होकर आए माफियाओं ने पुलिस की टीम पर आधा दर्जन से अधिक राउंड फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने फायरिंग करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली के टायर फोड़ दिए। माफिया एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक ट्रैक्टर से ट्रॉली को अलग कर मौके पर छोड़कर भाग गए। पुलिस पर जानलेवा हमला करने के आरोपियों को चिन्हित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# भाजपाइयों ने नगर निगम प्रशासन को घेरने की तैयारी की

## विधायक देवनानी व शहर भाजपा अध्यक्ष डॉ. हाड़ा की मौजूदगी में हुई बैठक

**अजमेर,** (कासं)। नगर निगम द्वारा वसूले जा रहे यूजर चार्ज के खिलाफ अब पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी के साथ उत्तर विधानसभा क्षेत्राधीन भाजपा पार्षदों ने कमर कसते हुए साधारण सभा में निगम प्रशासन को घेरने की तैयारी कर ली है। इस संबंध में गुरूवार को देवनानी के निवास पर हुई बैठक में भाजपा पार्षदों ने शहर भाजपा अध्यक्ष डॉ. प्रियशील हाड़ा को भी अपनी जन भावनाओं से अवगत करा दिया है। बैठक में देवनानी व भाजपा पार्षदों का कहना था कि कांठोस सरकार की वर्ष 2019 में जारी अधिसूचना में यूजर चार्ज वसूलने का कोई मापदंड निर्धारित नहीं किया गया है, इसके बावजूद नगर निगम प्रशासन कांग्रेस सरकार के दबाव में हठधर्मितापूर्वक यूजर चार्ज की वसूली कर रहा है। पार्षदों डॉ. हाड़ा के सामने साफ शब्दों में कहा कि 12 जनवरी को होने वाली साधारण सभा में इस मामले को प्रमुखता से उठाएंगे।

बैठक में कहा गया कि नगर निगम प्रशासन द्वारा 21 अप्रैल, 2022 को हुई साधारण सभा में यूजर चार्ज संबंधी प्रस्ताव पारित होने की बात कह रहा है, जो सरासर गलत है। पार्षदों ने कहा कि उन्होंने पिछली साधारण सभा में यूजर चार्ज संबंधी प्रस्ताव को छोड़ते हुए शेष सभी प्रस्तावों को पारित करने की बात कही थी। लाइव वीडियो रिकॉर्डिंग व विभिन्न मीडिया ग्रुप द्वारा की गई रिकॉर्डिंग इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। इसके

- यूजर चार्ज के खिलाफ करेंगे प्रदर्शन

बावजूद निगम प्रशासन इन सब बातों और तथ्यों को छिपाते हुए पिछली साधारण सभा में यूजर चार्ज संबंधी प्रस्ताव पारित किए जाने का दुष्प्रचार कर रहा है। यही नहीं, अपना हठधर्मी रवैया अपनाते हुए शहर में जबरन यूजर चार्ज की वसूली कर रहा है। बैठक में पार्षदों ने डॉ. हाड़ा से कहा कि वे मेयर ब्रजलता हाड़ा से आयुक्त सुशील कुमार को निर्देश दिलाएं कि जब तक साधारण सभा में यूजर चार्ज पर विस्तृत रूप से चर्चा नहीं हो जाती, तब तक तुरंत प्रभाव से यूजर चार्ज की वसूली बंद की जाए। पहले इस मामले पर साधारण सभा में चर्चा कराएं। उन्होंने आयुक्त से कहा कि जब तक प्रस्ताव साधारण सभा में पारित नहीं हो जाता, तब तक वसूली के साथ-साथ व्यापारियों को अवैध नोटिस देना बंद किया जाए। बैठक में पार्षद डिप्टी मेयर नीरज जैन, पार्षद रमेश सोनी, ज्ञान सारस्वत, अजय वर्मा, भारती श्रीवास्तव, सुभाष जाटव, मनोज मामनानी, अंजलि ढ ंझा, हेमलता बंसल, डिम्पल शर्मा, राजेंद्रसिंह राठौड़, नलिनी शर्मा, अशोक मुद्गल, रूबी जैन, रमेश चैलानी, अतीश माथुर, वीरेंद्र वालिया, दीपेंद्र लालवानी, धर्मेन्द्र सिंह चौहान, प्रियंका सांखला, के.के. त्रिपाठी आदि भी मौजूद रहे।

## चूरू में कड़ाके की ठंड का दौर

**चूरू,** (कासं)। चूरू में न्यूनतम पारा माइनस 1.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाने पर यहां कड़ाके की ठंड का असर बना हुआ है। जिसके कारण दिन के सयम में भी लोग ठिठुरते दिखाई गये। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को यहां का अधिकतम 18.2 व न्यूनतम माइनस 1.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यहां पर आज भी सुबह साढ़े ग्यारह बजे तक कोहरा छाये रहने से सूर्य देवता के दर्शन नहीं हो पाये। सुबह साात बजे तक कोहरे की अधिकता इतनी अधिक थी कि कुछ दूरी पर देख पाना भी मुश्किल हो रहा था। यहां पर पिछले कुछ दिनों से कोहरे का असर बना हुआ है। जिसके चलते अल सुबह के समय वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी के साथ शाम को सूरज ढलने के साथ ठ्ठंड का असर शुरु हो जाता है। लोग अलाव सेकना शुरु कर देते हैं। इन दिनों रात के समय खुले आसमान के नीचे रात गुजारने वालों के लिए परेशानी का सबब बन रही है।

# नाले में बमनुमा वस्तु मिलने से सनसनी

- श्रीबिजयनगर के वार्ड 25 में नाले में से निकली बमनुमा वस्तु
- बमनुमा वस्तु को टिब्बा क्षेत्र में सुरक्षित रखवाकर पुलिस जाब्ता लगाया

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के श्रीबिजयनगर में गुरुवार सुबह वार्ड 25 में सी.बी.ई.ओ ऑफिस के सामने नाले में बमनुमा वस्तु मिलने से सनसनी फैल गई। सुबह सफाई कर्मचारी के नाला साफ करने के दौरान यह बम बाहर नजर आया। कुछ देर बाद यह लुढ़ककर वापस नाले में चला गया। नगर पालिका कर्मचारी ने इसे देखा तो वह घबरा गया। उसने इसकी जानकारी पालिकाध्यक्ष सहित अन्य लोगों को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने इस बमनुमा वस्तु को मौके से हटाया।

नगर पालिका के कर्मचारियों ने नाले से जेसीबी से इसे निकालने में खतरे को भांपते हुए कर्मचारी ने पालिकाध्यक्ष राजेंद्र लेघा और पुलिस के सूचना दी। सीबीईओ ऑफिस के पास बम मिलने की सूचना के साथ ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने नाले में दोनों ओर बंधा लगवाया और नाले का पानी निकलवाया। बमनुमा वस्तु नजर आने पर इसे बाहर निकलवाया गया। लोगों को बम से दूर रखा गया। बम को उसी समय कस्बे से बाहर टिब्बा क्षेत्र में भिजवाया गया तथा इस बारे में जिला प्रशासन के अधिकारियों को सूचना दी गई। श्रीबिजयनगर थाने से मिली जानकारी के अनुसार बमनुमा वस्तु को टिब्बा क्षेत्र में सुरक्षित रखवाकर इसके पास पुलिस जाब्ता लगा दिया गया है। बमनुमा वस्तु यहां कैसे पहुंची, इस बारे में अब तक कुछ भी स्पष्ट नहीं है।

# घने कोहरे से जन जीवन अस्त-व्यस्त

**सादुलपुर,** (निसं)। शेखावाटी के चूरू जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में लगातार तीन दिनों से न्यूनतम तापमान माइनस में चले जाने से कोहरे एवं शीतलहर से कडाके की ठंड जारी है, जिसके कारण आमजन का जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं गुरूवार अल सुबह से ही घना तेज कोहरा होने से दृष्यता मात्र 10 मीटर से भी कम दिखाई दे रही थी। जिसके कारण वाहन चालक रेंगते हुए नजर आये। ज्ञातव्य है कि नये साल के आगाज से ही शेखावाटी सहित आधे उत्तर भारत में कडाके की एवं हाड कम्पाने वाली ठंड का कहर जारी है। इसी दौरान व्यपारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों के आगे दिनभर अलावा जलाकर ठण्ड से राहत पाने का प्रयास किया। वहकीं शीत लहर एवं कोहरे के कारण आम जनजीवन यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। मौसम विभाग के अनुसार ने 7 जनवरी 2023 तक शीतलहर की चेतावनी के चलते बर्फ एवं पाला पडने से किसान चिंतित हैं।

हरियाणा सीमावृति क्षेत्र राजगढ के गाँव भाकरां, राघा बडी, राघा छोटी, थान मठुई, खैरु बडी, खैरू छोटी, बीरान, बालाण, कामाण, भोजाण, जीराम बास व गागडवास के साथ-साथ राजगढ उपखण्ड क्षेत्र के गाँवों में दोपहर 12.3० बजे तक कोहरे से आम



चालक लाइट जलाकर वाहन चलाते नजर आए।

जनजीवन अस्त व्यस्त रहा । साथ ही अत्यधिक ठण्ड के कारण लोगों ने बिस्तर एवं अलाव का सहारा लिया । मौसम विभाग ने 7 जनवरी के बाद में एक छोटा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से ही तापमान में दो-तीन डिग्री बढोतरी होने के संकेत दिए हैं, उसके बाद में ही सर्दी से कुछ राहत मिलने के आसार हैं।

## छात्रवृत्ति हड़पने का आरोप

**सूरजगढ़,** (निसं)। पिलोद में संचालित हलवान आईटीआई पर छात्रों ने गंभीर आरोप लगाए है। बेरला निवासी मनोज ने आरोप लगाया है कि तीन साल पहले उसने इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में एडमिशन लिया था। एडमिशन के समय उसने अपने सभी शैक्षिणक दस्तावेज आरिजनल ही आईटीआई में जमा करवा दिए थे। उस वक्त प्रिंसीपल ने कहा था कि 20 दिन बाद वापिस दे देंगे। लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद भी आज तक प्रिंसीपल ने उसके दस्तावेज नहीं लौटाए है। जिसके कारण तीन सालों में कई प्रतियोगी परीक्षाएं और सेना भर्ती से मनोज वंचित रह गया है। मनोज का आरोप है कि यह मामला अकेले उसके साथ नहीं। बल्कि बड़ी संख्या में अन्य छात्रों के साथ भी हुआ है। यही नहीं छात्रों की छात्रवृत्ति भी आईटीआई प्रिंसीपल द्वारा हड़पी जा रही है। जिसकी भी जांच करवाने की मांग मनोज ने पत्र डालकर जिला कलेक्टर से की है।



भीलवाड़ा। कोरोना संक्रमण से उबरने के बाद तनाव को दूर करने के उद्देश्य के साथ इस बार जिला प्रशासन भीलवाडा महोत्सव की तैयारी में लगा है। राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने महोत्सव की तैयारी को लेकर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भीलवाडा महोत्सव की पहचान देश विदेश में हो ऐसे प्रयास किए जाएंगे। महोत्सव से समाज छात्रों, छात्रों और सामाजिक संगठनों का जोडा जाए। जाट ने कहा कि राजस्थान हिट राजस्थान फिट के नारे को सार्थक करने वाले इस कार्यक्रम से पर्यावरण, वन्य जीव जैसे कार्यक्रमों को जोडने का अच्छा प्रयास है। जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने कहा की भीलवाडा महोत्सव का आगाज 12 जनवरी को शोभायात्रा से होगा। इस महोत्सव में सभी से सहयोग की अपील करते हुए इसे भव्य बनाने का आव्हान किया है। भीलवाडा महोत्सव को लेकर प्री इवेंट के रूप में प्रतिदिन 11 जनवरी तक भीलवाडा गोट टैलेंट ऑनलाइन क्विज के साथ शुरू हो गए है।

# कड़ाके की ठंड में ठिठुर रहा गौवंश



पावटा में कड़ाके की ठंड की बीच खुले आसमान के नीचे ठिठुरता गौवंश।

**पावटा,** (निसं)। कडाके की ठंड में गौवंश ठिठुर रहे हैं। सर्दी के सितम के बीच उनकी लाचारी फलक पर है। अन्य मौसम में तो ऐसे गौवंश खुले आसमान के नीचे अपना दिन किसी तरह काट लेते हैं पर कडाके की ठंड में उन पर एक-एक पल भारी पड़ रहा है। ठंड बढने के साथ ही बेसहारा गौवंश के मरने की की गति भी बढ़ गई है। पावटा, प्रागपुरा, जयसिंहपुरा बागावास नदी सहित कई जगह ऐसी हैं जहां गौवंश सहारा पाने के लिए इधर-उधर भटकते रहते हैं।

पशु चिकित्सक गोविंद भारद्वाज के अनुसार गौवंश की रोग प्रतिरोधक क्षमता इंसानों से अधिक होने के बाद भी लगातार ठंड और अपेक्षित चिकित्सा के अभाव में जाहिर है कि उनके प्राण संकट में पडेंगे। संकल्प हरियाली समिति संयोजक नीरज सैन, श्रीराम गौ सेवा समिति सदस्यों ने कुछ समय पहले विधायक इंद्राज गुर्जर से नंदीशाला के निर्माण की मांग की थी। क्षेत्र में लगातार पड़ रही कडाके की सर्दी से बेसहारा छोटे बछड़े और कमजोर गौवंश शहरों की सडकों पर मर रहे हैं। संकल्प हरियाली समिति व श्री राम गौ सेवा समिति सदस्यों ने गोवंश को सरंक्षण देने के लिए पाबंद करने व राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत स्तर पर नंदीशाला का निर्माण कराने की मांग की है।

## बालापचारी निरुद्ध, 16 वाहन बरामद

**भीलवाडा,** (निसं)। शहर की भीमगंज थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी के मामले में एक और बाल अपचारी को निरुद्ध कर चोरी के 16 वाहन बरामद किए हैं। जिले में बढ़ ती दुपहिया वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस उपाधीक्षक नरेंद्र दायमा के सुपरविजन और थाना प्रभारी आशुतोष के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया, इस टीम ने अथक प्रयास के बाद दुपहिया वाहन चोरी में लिप्त एक और बाल अपचारी को डिटेन कर पूछताछ की उसकी सूचना पर अलग-अलग समय और स्थान से चोरी किए 16 दुपहिया वाहन बरामद किए हैं।

थाना प्रभारी आशुतोष ने बताया कि बाल अपचारी को थाने के प्रकरण संख्या 408 / 22 में निरुद्ध किया गया है। पूर्व में इसी प्रकरण में एक अन्य बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया था, उससे चोरी के 10 दुपहिया वाहन बरामद किए थे। थाना प्रभारी का कहना है कि दोनों ही बाल अपचारी से अब तक 26 दुपहिया वाहन बरामद किए जा चुके हैं।

# यूरिया खाद नहीं मिलने पर किसानों का हंगामा

## विक्रेताओं पर चहेतों को खाद देने का लगाया आरोप, सहायक निदेशक ने मौके पर भेजी टीम

**अनूपगढ,** (निसं) क्षेत्र के किसानों को आज नई धान मंडी में यूरिया खाद का वितरण किया जा रहा है, लेकिन काफी किसान यूरिया खाद से वंचित रह गए। वंचित रहे किसानों ने सहायक निदेशक कृषि विभाग के कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए सहायक निदेशक रामनिवास चौधरी से यूरिया खाद की मांग की है।

किसानों ने आरोप लगाया है कि नई धान मंडी में यूरिया खाद का वितरण करने वाले विक्रेताओं के द्वारा कालाबाजारी की जा रही है और अपने चहेतों को यूरिया खाद उपलब्ध करवाई जा रही है। सहायक निदेशक रामनिवास चौधरी ने किसानों को आश्वस्त किया है कि मामले की जांच की जाएगी और किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध करवाई जाएगी।

किसान हेतराम ने बताया कि अनूपगढ़ की नई धान मंडी में किसानों को यूरिया खाद का वितरण किया जा रहा है। गुरुवार अल सुबह से ही किसान कतारों में लगे हुए है और यूरिया खाद मिलने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन यूरिया खाद विक्रेता के द्वारा लगभग 250-300 किसानों को टोकन वितरित कर शेष रहे 200 किसानों को टोकन देने से मना कर दिया।

यूरिया खाद विक्रेता का कहना है कि उनके पास जितनी यूरिया खाद उपलब्ध थी, उन्होंने उतने टोकन वितरित कर दिए हैं। दूसरी ओर, किसानों

- विक्रेता कर रहे खाद की कालाबजारी, किसानों को नहीं मिला रहा यूरिया

का आरोप है कि यूरिया खाद विक्रेता जानबूझकर टोकन वितरित नहीं किए जा रहे, जबकि उसके पास यूरिया खाद का स्टॉक भी है। यूरिया खाद विक्रेता के द्वारा अपने चहेतों को यूरिया खाद वितरित की जा रही है। यूरिया खाद नहीं मिलने पर काफी संख्या में किसान सहायक निदेशक कृषि विभाग के कार्यालय पहुंचे और सहायक निदेशक रामनिवास चौधरी से यूरिया खाद देने की मांग की और यूरिया खाद विक्रेता के खिलाफ शिकायत भी की।

सहायक निदेशक रामनिवास चौधरी ने बताया कि किसानों से उन्हें शिकायत मिली है कि यूरिया खाद विक्रेता के द्वारा कालाबाजारी की जा रही है। इस पर तुरंत प्रभाव से मौके पर टीम को भेजा गया है और मामले की जांच की जा रही है। अगर यूरिया खाद का स्टॉक हुआ तो किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अनूपगढ़ ब्लॉक के लिए यूरिया खाद के 9 हजार खेले उपलब्ध हुए हैं।

## संक्षिप्त

### रमजान मण्डल अध्यक्ष बने



खाटूश्यामजी, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुबेदार मुस्ताक अहमद ने भाजपा जिलाध्यक्ष इन्दिरा चौधरी की सहमति से खाटूश्यामजी निवासी भाजपा कार्यकर्ता रमजान खान को अल्पसंख्यक मोर्चा खाटूश्यामजी मण्डल अध्यक्ष बनाया है। खान के अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष बनाए जाने पर सायर मुंडोतिया, रविशंकर स्वामी, पुरूषोत्तम कुमावत, नीतिश अग्रवाल,प्रीतम शर्मा, सहित भाजपा कार्यकर्ता ने खुशी व्यक्त करते हुए जिले के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

### सूरत मंत्री, सुमेर अध्यक्ष बने

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। अखिल राजस्थान विद्यालय शिक्षक संघ अरस्तु के प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण अग्रवाल ने प्रदेश कार्यकारिणी में किशनगढ बास के सूरत खेरिया प्रदेश मंत्री व सुमेर सिंह को प्रदेश सभा अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। प्रदेश संगठन में नियुक्त किए जाने पर शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# अमृत भारत रेलवे स्टेशन प्रोग्राम में खैरथल स्टेशन का विकास होगा

**खैरथल,** (निसं)। अमृत भारत रेलवे स्टेशन प्रोग्राम में चयनित खैरथल रेलवे स्टेशन पर आवश्यक सुविधाओं में विस्तार किया जाएगा।

खैरथल में आवश्यक सुविधाएं सुलभ कराने से पहले उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल डीआरएम नरेन्द्र कुमार, सीनियर डीसीएम मुकेश कुमार सैनी के नेतृत्व में अधीनस्थ अधिकारियों का दल गुरुवार को खैरथल पहुंचा।

रेलवे के उच्चाधिकारियों के दल

■ **डी.आर.एम. व अधिकारियों का दल निरीक्षण के लिए पहुंचा**

ने खैरथल रेलवे स्टेशन का दौरा कर निरीक्षण एवं आवश्यकताओं का अध्ययन किया। बाद में उन्होंने सुविधाओं में विस्तार को लेकर विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों से चर्चा की एवं मांग पत्र लिये।

इस मौके पर व्यापार समिति के अध्यक्ष अशोक डाटा, खैरथल विकास मंच कार्यवाहक अध्यक्ष शयामलाल शर्मा व मनोहरलाल परवाना,सिख समाज के प्रतिनिधि एडवोकेट महेंद्र पाल सिंह टिंकू, नगरपालिका उपाध्यक्ष वरूण डाटा,, भाजपा मंडल महामंत्री मनीष शर्मा,, प्राचीन शिव गोपाल मंदिर कमेटी अध्यक्ष बाबुलाल गुप्ता ने डीआरएम नरेन्द्र कुमार को ज्ञापन देकर खैरथल रेलवे स्टेशन पर उदयपुर डूंगरपुर के लिए ट्रेन सुविधा देने, मंडोर एक्सप्रेस व दिल्ली - बांद्रा गरीब रथ ट्रेन का ठहराव खैरथल स्टेशन पर कराने की मांग की तथा इंटरसिटी एक्सप्रेस का समय बदलकर पूर्व की भांति सुबह व शाम का समय किये जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से खैरथल विकास मंच, दैनिक रेल यात्री संघ, भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधी मंडल, प्राचीन शिव गोपाल मंदिर कमेटी सदस्य सहित अन्य जागरूक मंच के कार्यकर्ता, पार्षदगण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

डीआरएम ने बताया कि सभी लोगों से खैरथल स्टेशन पर व्याप्त प्रमुख समस्याओं को सुनकर उनमें सुधार पर विस्तार से चर्चा की गइ है, जिस पर जल्द ही प्रस्ताव बनाकर रेल मंत्रालय को भिजवाया जाएगा , जिसके बाद वहां से स्वीकृत कार्यों को करवाया जाएगा।



स्थानीय लोगों ने डीआरएम को कई मांगों को लेकर ज्ञापन दिया।

### अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया

**निवाई,** (निसं)। गुन्सी गांव की पुलिया के सहारे बनी सर्विस रोड से गुरुवार को जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण हटाया गया। इन्काह कंपनी के कार्मिक यश जोशी ने बताया कि ग्राम गुन्सी की पुलिया के नीचे बनी सर्विस रोड पर ग्रामीणों ने रेवडियां डालकर सडक मार्ग को सिकुडा दिया था। इस अतिक्रमण के चलते एक और जहां आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी तो दूसरी ओर कचरे की सडांध से राहगीर परेशान हो रहे थे। कचरे के ढेरों पर चौबीसों घंटे आवारा पशुओं का जमावडा रहता था जिससे दुर्घटना का अंदेशा भी बना रहता था। ग्रामीणों एवं राहगीरों की सूचना पर गुरुवार की सुबह जेसीबी की सहायता से कचरे के ढेरों को हटाकर सडक मार्ग खुलासा करवाया गया। इसी जगह पर करीब आधा किलोमीटर तक सडक परिधि में विलायती बबूल से भी यातायात प्रभावित हो रहा था। जिन्हें भी उखाड कर दूर फेंका गया। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने के बाद रास्ता चौडा एवं साफ -सुथरा नजर आने लगा है।

### स्थाई वारन्टी गिरफ्तार

**निवाई,** (निसं)। पीपलू थाना पुलिस ने एक स्थाई वारन्टी को गिरफ्तार किया है। पुलिस थानाधिकारी प्रहलादसहाय ने बताया कि पुलिस टीम ने स्थाई वारन्ट प्रकरण में किशनलाल पुत्र श्योकरण बैरवा निवासी सोन्दीफल का झोपडा थाना पीपलू को गिरफ्तार किया गया।

## सार-समाचार

### अतिक्रमण को ध्वस्त किया



**निवाई,** (निसं)। शहर में स्थित कॉलोनियों में भूखंडों पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर गुरुवार को अधिशाषी अधिकारी महिमा डांगी के नेतृत्व में जेसीबी मशीन द्वारा ध्वस्त किया गया। अधिशाषी अधिकारी महिमा डांगी ने बताया कि शहर में स्थित ८० फीट रोड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलोनी, दीनदयाल कॉलोनी एवं शास्त्री नगर में भूखंडों पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर गुरुवार को मय पुलिस जाब्ते के साथ जेसीबी मशीन से करीब ८ भूखंडों से अतिक्रमणों को हटाया गया। इस दौरान अतिक्रमियों में हडकम्प मच गया। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी महिमा डांगी, थानाप्रभारी छोटेलाल मीणा, स्वास्थ्य निरीक्षक बाबूलाल पंडा, सह अतिक्रमण प्रभारी गोपाललाल गुप्ता सहित जमादार, नगर पालिका के सफाईकर्मी एवं पुलिस जाप्ता तैनात रहा।

### व्यापारियों ने विरोध-प्रदर्शन किया

**बौंली,** (निसं)। क्षेत्र के उपखंड मुख्यालय मलारना डूंगर के व्यापारियों ने असामाजिक तत्वों की कारगुजारी से परेशान होकर मलारना डूंगर उपखंड कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध-प्रदर्शन के दौरान महिला पुरुष दोनों नारेबाजी लगाते हुए एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे और कानून व्यवस्था सुधारने को लेकर ज्ञापन सौंपा। अग्रवाल समाज के नेतृत्व में महिला पुरुषों ने नारेबाजी करते हुए उपखंड अधिकारी किशन मुरारी मीणा व थाना प्रभारी राजकुमार मीणा को ज्ञापन सौंपा एवं अवगत कराया कि कुछ असामाजिक तत्व उनके मोहल्ले में आकर उत्पात मचाते हैं गाली गलौज करते हैं एवं पत्थर फेंकते हैं। अग्रवाल समाज के एक व्यक्ति के मकान के सामने भी इन लोगों ने मिट्टी पत्थर डालकर अवैध रूप से केबिन रख ली इस मामले को लेकर पुलिस में भी रिपोर्ट दी गई लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके विरोध में अग्रवाल समाज के महिला पुरुष अपने मोहल्ले से जुलूस बनाते हुए नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे एवं असामाजिक तत्वों को रोकने की मांग की।

### फसलों को पाले से बचाव की जानकारी दी

**बोराज,** (निसं)। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर द्वारा जारी अलर्ट के तहत आगामी दिनों में तीव्र शीत लहर जारी रहने की संभावना के मद्देनजर फसलों को पाले से बचाव हेतु बोराज सहायक कृषि अधिकारी निर्मला कुमावत ,कृषि पर्यवेक्षक अनिता चौधरी , गोपाल व जितेंद्र नागा ने क्षेत्र के किसानों को जानकारी दी । उन्होंने बताया फसल पर पाला पड़ने की संभावना दिखाई देने पर गंधक के तेजाब का छिड़काव करें , थापोंसैलिसिलिक अम्ल 100 पीपीएम अथवा थायो यूरिया 500 पीपीएम अथवा घुलनशील गंधक जीरो पॉइंट 2 प्रतिशत पानी के घोल का छिड़काव करें ,साथ ही हल्की सिंचाई की सलाह दी । फलदार बगीचों में पौधों को पाले से बचाने हेतु टाट बोरी या खासपुस आदि से ढककर या टाटी बनाकर सुरक्षा करने का सुझाव दिया।

### जागेश्वर बाबा की झांकी सजाई

**सांभरझील,** (निसं)। यहां देवयानी तीर्थ स्थल पर स्थित भगवान जागेश्वर दरबार में गुरुवार को आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान सजाई गई अनुपम झांकी को देखने देर तक सैकड़ों भक्तों का तांता लगा रहा। शिवलिंग का खास श्रंगार किया गया। शिव पंचायत दरबार में फूलों की झांकी सजाई गई। भोलेनाथ की आरती में भक्तों ने उत्साह के साथ भाग लिया। सैकड़ों लोगों ने मंदिर परिसर में पौष बड़ा की पंगत प्रसादी पाई। इस अवसर पर श्रीगोपाल गौशाला के अध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा, पंडित विजय प्रसाद गौड़, पंडित रतन लाल शर्मा, पार्षद धर्मेंद्र जोपट, अभिभाषक समिति के सह सचिव दिव्यराज वीर गुर्जर, लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी योगेश शर्मा, देवयानी बालाजी मंदिर के विकास शर्मा, सत्येंद्र अग्रवाल, विश्व हिंदू परिषद के स्थानीय अध्यक्ष सुनील शर्मा सहित अनेक ने इसी बजट सत्र में सांभर को जिला घोषित किए जाने के लिए भोलेनाथ से अरदास की।

### वैष्णव ब्राह्मण समाज का समारोह 8 को

**अलवर,** (निसं)। वैष्णव ब्राह्मण समाज द्वारा 8 जनवरी को प्रताप ऑडिटोरियम में नववर्ष मिलन समारोह ,प्रतिभाप सम्मान, बुजुर्ग सम्मान समारोह एवं समाज के शादी योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा । प्रेस वार्ता में वैष्णव समाज के जिला अध्यक्ष सुरेश चंद वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम से पूर्व 7 जनवरी को शाम 4 बजे सरिस्का डेन,सिलीसेढ तिराहे पर रष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जयन्ती भाई वैष्णव करेंगे। बैठक में सम्पूर्ण भारत से पदाधिकारी भाग लेंगे। जिसमें समाज के उत्थान के बारे में चर्चा की जाएगी साथ ही मंदिर माफी जमीनों के विषय पर भी चर्चा की जाएगी। 8 जनवरी को प्रताप ऑडिटोरियम में नववर्ष मिलन,प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान, 75 वर्ष से अधिक बुर्जुगों का सम्मान विवाह योग्य समाज के युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा अगर जोडे तैयार होते है तो आगामी सावों में उनका साहमूहिक विवाह कराया जाएगा।

### पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए भाजपा ने अकाउंट नंबर जारी किया

चौमू/कालाडेरा, (निसं)। खंडेला पलसाना रोड पर हुए सड़क हादसे में चौमू उपखण्ड के गांव सामोद के 3 परिवारों के 9 लोगों की दुखद मृत्यु होने पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष व आमेर विधायक सतीश पूनिया व चौमू विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में मृतक परिवारों के सहायतार्थ भारतीय जनता पार्टी ने एक अकाउंट नम्बर 41990100012632 बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा उदयपुरिया तहसील चौमू अकाउंट होल्डर जितेन्द्र कुमार के नाम से जारी किया गया है। चौमूं विधायक रामलाल शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भामाशाहो से निवेदन किया है कि पीड़ित परिवारों की यथाशक्ति आर्थिक सहायतार्थ करने का श्रम करें।

# झरना धाम के विकास को लेकर निरीक्षण किया

**राजगढ़,** (निसं)। राजगढ़-माचाडी मार्ग पर स्थित पर्यटक स्थल झरना स्थल के सौंदर्य करण एवं विकास को लेकर एसडीएम ओम प्रकाश मीणा के निर्देश पर अभियंताओं के दल ने दौरा कर निरीक्षण किया। एस्टीमेट की प्रक्रिया एसडीएम को सौंपी जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार झरना धाम के सौन्दर्यकरण हेतु संयुक्त मौका निरीक्षण सतीश मीणा सहायक अभियंता नगरपालिका, जमशीदा बानो कनिष्ठ अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग, व कनिष्ठ अभियंता जलसंसाधन विभाग व राम गोपाल सिंह कनिष्ठ लिपिक नगरपालिका के द्वारा झरना धाम के सौन्दर्यकरण हेतु संयुक्त मौका निरीक्षण किया गया।

झरना धाम विकास समिति महासचिव पंडित नरेंद्र अवस्थी ने बताया कि निरीक्षण दल ने समिति के सदस्यों के साथ मिलकर, झरना धाम का निरीक्षण कर तथ्यों की जानकारी

■ **अभियंताओं ने विकास समिति के साथ लिया जायजा**

ली।

झरना धाम स्थित बांध की लीकेज रोकना बांध की पाल आदि की मरम्मत के पश्चात, बांध में पर्यटकों को आकर्षित करने की दिशा में सुविधाएं, फव्वारे, ओपन जिम, बच्चों के झूले, मॉर्डन टॉयलेट, रास्ते की चौड़ाई, सड़क, रेम्प, सेल्फी पॉइंट नवीन पार्कों का निर्माण, हाई मास्क लाईट,सहित अन्य प्रस्तावों की चर्चा की। इस अवसर पर, अध्यक्ष संत ज्ञानेश्वर, महासचिव पण्डित नरेंद्र अवस्थी, खेमसिंह आर्य, मुकेश जोशी,मदन लाल शर्मा, पिंकी सैनी, अमर सिंह सोनी,लोकेश उपाध्याय, राधे श्याम सैनी, दिनेश शास्त्री, जगदीश शर्मा सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

### 56 लाख के विकास कार्य स्वीकृत

**किशनगढ़बास,** (निसं)। विधायक दीपचंद खैरिया की अनुशंसा पर किशनगढ़ बास क्षेत्र के गांवों में मेवात क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 56 लाख रुपए के विकास कार्यों की जिला परिषद अलवर ने स्वीकृति जारी की है। जिन का कार्य शीघ्र टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर शुरू किया जाएगा। विधायक खैरिया के निजी मीडिया सहायक सुनील कान्त गोल्डी ने बताया कि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हुसेपुर में 5 कमरों के निर्माण 15 लाख रुपए, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मिर्जापुर में 4 कमरों के निर्माण 10 लाख रुपए, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय दौलत नगर माजरा में एक कमरा निर्माण 4 लाख रुपए, ग्राम जिलोता में कब्रिस्तान की चारदीवारी 7 लाख रूपए, ग्राम दोगड़ा में कब्रिस्तान की चारदीवारी 8 लाख रुपए, ग्राम बाझोठ में कब्रिस्तान की चारदीवारी जुम्मा वाल में 5 लाख रुपए, ग्राम घासोली में कब्रिस्तान की चारदीवारी 7 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं।

# विद्युत लाइन का तार टूटा, करंट से महिला झुलसी

**चौमू/कालाडेरा,** (निसं)। चौमू उपखण्ड के ग्राम सिंगोद खुर्द स्थित नाडिया में खेतों से गुजर रही हाइटेंशन लाइन का विद्युत तार टूट गया। तार टूटने से खेत में काम कर रही एक महिला करंट की चपेट में आ गई, जिससे महिला गंभीर रूप से झुलस गई।

■ **गंभीर हालत में महिला को चौमूं को अस्पताल में भर्ती कराया**

गंभीर हालत में महिला को चौमू के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान डीपी भी टूटकर गिर गई। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के मुताबिक नाडिया निवासी कोयली देवी खेत मे काम रही थी। इसी दौरान पावर ग्रिड की हाइटेंशन लाइन का तार टूटकर नीचे गिर गया। तार में करंट की चपेट में आने से कोयली देवी झुलस गई। आस-पास के लोगों ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए उन्होंने पावर ग्रिड के अधिकरियों के खिलाफ रोष जताया। जाट महासभा चौमूं आमेर के अध्यक्ष पवन चौपड़ा व सिंगोद खुर्द सरपंच प्रतिनिधि त्रिलोक लोछिब के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया तथा 2 घण्टे बाद पहुंचे पावर ग्रिड के अधिकारियों का घेराव किया।



घटना के बाद ग्रामीणों ने पावर ग्रिड के अधिकारियों के खिलाफ रोष जताया।

# इंदिरा रसोई की व्यवस्था में सुधार की मांग

**चौमू/कालाडेरा,** (निसं)। चौमू नगरपालिका के मनोनीत पार्षद राजेश वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जयपुर रोड स्थित इंदिरा रसोई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। व्यवस्थाओं का जायजा लेने पर वहां अनेक अव्यवस्थाएं पाई गयी।

इसको लेकर वर्मा ने उपखंड अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण से मिलकर इन अव्यवस्थाओं को दुरुस्त किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वर्मा ने बताया कि चौमूं शहर में तीन इन्दिरा रसोईया संचालित हैं। परंतु इनमें से दो इन्दिरा रसोईया में व्याप्त असुविधाओं / परेशानियों के चलते गरीबों को इनका पर्याप्त लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे राज्य

■ **मनोनीत पार्षद के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया**

सरकार की इस योजना पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। वर्मा ने बताया कि चौमूं शहर में जयपुर रोड पर बराला अस्पताल के सामने संचालित इन्दिरा रसाई को आनन-फानन में संचालित तो कर दिया लेकिन यहाँ व्याप्त असुविधाओं / परेशानियों के चलते गरीब तबके के व्यक्ति एवं बराला अस्पताल एवं इसके निकट संचालित अन्य दर्जनों अस्पतालों में उपचार हेतु आने वाले मरीजों के परिजनों के अतिरिक्त अन्य जरूरतमन्द व्यक्ति उक्त रसोई में खाना खाने में संकोच एव शर्म महसूस करते हैं, क्योंकि उक्त रसोई जयपुर रोड पर सड़क के किनारे खुले में संचालित की गई है, जहां पर रोजाना रोड पर गुजरने वाले वाहनों से उड़ती धूल, मिट्टी से इस रसोई में बना खाना दूषित हो जाता है। दूसरी इन्दिरा रसोई शहर में केशव नगर में संचालित है जो टीनशेड से तो कवर्ड है, परंतु चारों ओर चारदीवारी एवं फर्श के अभाव में गरीब एवं जरूरतमन्द व्यक्ति खाना खाने में संकोच एवं परेशानी के साथ-साथ शर्म महसूस करता है, जिससे राज्य सरकार की इस योजना की क्रियान्विति परिपूर्ण नहीं हो रही है।

### बाइक चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर थाना पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राजेंद्र कुमार यादव ने बताया कि चोरी गई बाइक के गत वर्ष 19 जून को मालिक की ओर से सांभर थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। चोरों की धरपकड़ अभियान अंतर्गत जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल की ओर से दिए गए निर्देशानुसार ऐसे मुलजिमों की गिरफ्तारी सुनिश्चित किए जाने के लिए पुलिस उसे गंभीरता के साथ काम किया जा रहा है। सांभर डिप्टी लक्ष्मी सुथार ने बताया कि गुप्त जांच पडताल सूचना के आधार पर सांभर की जीवनधारा कॉलोनी निवासी कुलदीप सिंह पुत्र गौतम सिंह रावणा राजपूत उम्र 22 साल को गिरफ्तार कर सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने उक्त मोटरसाइकिल को चोरी करना स्वीकार किया।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आज

**श्रीमाधोपुर।** उपखंड मुख्यालय श्रीमाधोपुर पर मनाई जाने वाली 75 वे गणतंत्र दिवस 26 जनवरी समारोह की तैयारियों को लेकर एक आवश्यक मीटिंग का आयोजन 6 जनवरी शुक्रवार प्रातः 11:30 बजे दिलीप सिंह राठौड़ उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय में बुलाई गई है। एसडीएम ने इस बैठक में उप पुलिस अधीक्षक रींगस, तहसीलदार, विकास अधिकारी पंचायत समिति, मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सहायक वाणिज्य कर अधिकारी,बाल विकास परियोजना अधिकारी, उप कोषाधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, थानाधिकारी , आबकारी निरीक्षक वृत, सहायक अभियंता जलदाय विभाग, भूजल संरक्षण विभाग सचिव कृषि उपज मंडी समिति, प्रवर्तन निरीक्षक रसद विभाग, मुख्य प्रबंधक राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, सहायक निदेशक कृषि विभाग, व्यवस्थापक क्रय विक्रय सहकारी समिति , प्रधानाचार्य राजकीय बालिका,बालक, संस्कृत मानपुरिया वरिष्ठ उपाध्याय उच्च माध्यमिक विद्यालय ,प्रधानाचार्य राजकीय महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, प्रधानाध्यापक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 2, पुष्प नगर, संस्कृत विद्यालय, प्राचार्य एसबीएन कॉलेज, महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय ,श्री लाल बहादुर शास्त्री बालिका महाविद्यालय एवं समस्त मीडिया कर्मियों को आमंत्रित किया है।

# युवाओं को खेल के माध्यम से मजबूत बनायें : मुकेश गोयल

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बेरी में 25 दिसम्बर से प्रारम्भ 12वीं वार्षिक भोमिया बाबा क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह बेरी बांध के विद्यालय परिसर में भाजपा नेता मुकेश गोयल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया जिसमें गुरुवार को फाइनल मुकाबला टीम चोटिया और कोटपूतली के बीच खेला गया जिसमें चौटिया टीम ने विजयी रही। समारोह में विजेता टीम के खिलाड़ियों को 11000 की राषि तथा द्वितीय स्थान पर रही कोटपूतली टीम को 5100 रूपये तथा ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच विनोद कुमार सोभन तथा पं.स.स. प्रतिनिधि धर्मपाल गुर्जर ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा नेता मुकेश गोयल ने कहा कि युवाओं को खेल के माध्यम से मजबूत बनने की



भाजपा नेता मुकेश गोयल व अन्य अतिथियों ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की।

आवश्यकता है। खेल खिलाडियों में शारिरिक एवं मानसिक विकास का संचार कर उन्हें लाजवाब बनाता है। उन्होंने कहा कि देश में 2014 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद खेलों को बढावा देते हुए खिलाडियों की पीठ थपथपाने का काम किया है। खेल मैदानों को विकसित करने का काम भी मोदी जी की सरकार ने ही किया है। वहीं विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना ने कहा कि खेल से खिलाडियों में स्फूर्ति का विकास होता है।

इस अवसर पर भाजयुमो पश्चिम

■ **ग्राम बेरीबांध में 12वीं वार्षिक भोमिया बाबा क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन**

मण्डल अध्यक्ष राजेश सराधना , युवा नेता अतुल खारड़िया, संतलाल भेड़ी, पूर्व न.पा. पार्षद रामचन्द्र सैनी, भरतमल चावड़ा, महिपाल गुरूजी, बुधराम गुरूजी, नरेश गुर्जर, प्रकाश कुमावत, बुधराम टेलर के साथ संचालन समिति के छतरपाल सिंह तँवर, दिनेश कुमार वर्मा, महेश गुर्जर, सतीश यादव, रोहित आर्य, प्रशान्त शर्मा, विकास जांगिड़, विनोद कुमावत, शिवप्रकाश यादव, सचिन गुर्जर, योगेश सराधना, सतीश आर्मी, हीरालाल पोषवाल सहित बड़ी संख्या ग्रामीण मौजुद थे।

### जनसुनवाई शिविर का निरीक्षण किया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग जयपुर तथा जिला कलेक्टर सीकर के दिशा निर्देशों की पालना में गुरुवार 5 जनवरी को आयोजित जनसुनवाई की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए निकले उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर दिलीप सिंह राठौड़ ने उप स्वास्थ्य केंद्र व आंगनबाड़ी केंद्र भारणी का निरीक्षण किया। राठौड़ के अनुसार उप स्वास्थ्य केंद्र भारनी में उपलब्ध दवाइयों की सुनिश्चित की जांच की गई जो नियमानुसार सही पाई गई वही चिकित्सा कार्मिकों को आमजन हेतु चिरंजीवी योजना से अधिकाधिक लाभ व योजना में पंजीकरण कराने की हिदायत दी गई।

वही आंगनबाड़ी केंद्र भारनी में निरीक्षण के दौरान बच्चों के वजन की मशीन की भी जांच की गई। इसी दिन उपखंड अधिकारी ने ग्राम पंचायत भारणी व मऊ में चल रही जनसुनवाई शिविर का भी निरीक्षण किया उन्होंने जन सुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत में कार्यरत अधिकारी, कार्मिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित पाए गए।

# शहीद हेमू कालाणी रथयात्रा देवली पहुंची

**देवली,** (निसं)। शहीद हेमू कालाणी जनजागरण रथ यात्रा के यहां पहुंचने पर स्थानीय सिंधी समाज के लोगों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया।

इस मौके पर पूज्य सिंधी समाज कमेटी के लोगों ने शहीद हेमू कालानी के चित्र पर पुष्प वर्षा व माला अर्पित करके यात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर शहीद के सम्मान में हेमू कालानी अमर रहे, भारत मां की जय, वंदे मातरम के नारे लगाए भी गए। यह कमेटी के अध्यक्ष विनोद धर्माणि ने बताया कि 17 दिसंबर 2022 से जनवरी तक निकाली जा रही जन जागरण यात्रा अमर बलिदानी हेमू कालाणी जन्म शताब्दी वर्ष के मौके पर गुरुवार यहां पहुंचने पर स्थानीय पेट्रोल पंप चौराहे पर पूज्य श्री सिंधी पंचायत के लोगों द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान धर्मानी ने बताया कि भारतवर्ष की स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत माता के लिए शीश चढ़ाने वाले सिंध सपूत क्रांतिकारी हेमू कालाणी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आयोजित जन जागरण रथयात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया हुआ है। यात्रा महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम साहिब उदासीन भीलवाड़ा की प्रेरणा व स्वामी भगत प्रकाश के आशीर्वाद द्वारा 17 दिसंबर को जयपुर से शुरू होकर पूरे राजस्थान में भ्रमण कर रही है। यात्रा का उद्देश्य शहीद हेमू कालाणि की जीवन पर प्रकाश डालना है । तो वही इस यात्रा के जरिए हिंदू एवं सिंधु संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जन जागरण यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा के यहां पहुंचने पर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र सुखवानी, हरीश माधवानी, विजय नवलानी, दोलत खत्री, कैलाश सिंधी , राजकुमार रूपेता, टहल रूपेता सन्नी माधवानी सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





सिंधी समाज के लोगों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया।

## संक्षिप्त

### तीन छात्राओं का राज्य स्तर पर चयन

**मालपुरा, (निसं)।** शहर के जयपुर रोड रामनगर कॉलोनी में संचालित तिलक ज्ञान पीठ उच्च प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा कृष्णा चौधरी, किरण बैरवा व गरिमा जांगिड के उत्कर्ष्ट खेल प्रदर्शन पर तीनों छात्राओं का राज्य स्तरीय बाल बैडमिन्टन प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। प्रधानाध्यापक नरेन्द्र पारीक, सचिव रेखा पाटनी, प्रकाश चन्द पाटनी सहित विद्यालय स्टाफ व खेल प्रेमियों ने तीनों छात्राओं को राज्य स्तरीय चयन पर बधाई दे उज्जवल भविष्य की कामना की।

### बालकों का शीतकालीन अवकाश बढ़ाया

**लालसोट, (निसं)।** जिले में सर्दी के भीषण प्रकोप को देखते हुए जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने शीतकालीन अवकाश की अवधि को 2 दिन और बढ़ाने के आदेश जारी किये हैं। जिला कलेक्टर ने बताया कि सर्दी के भीषण प्रकोप को देखते हुए जिले के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय 6 व 7 जनवरी को बंद रहेंगे । सभी शिक्षक स्कूल के कार्य से विद्यालयों में उपस्थित होंगे। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए आदेश की पालना कराना सुनिश्चित करें।

### 'निलंबन रद्द नहीं किया तो आंदोलन करेंगे'

**अलवर, (निसं)।** कंपनी बाग अलवर में गुरूवार को दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) के संयोजक मंडल की मीटिंग मंच संयोजक एडवोकेट बी एल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मीटिंग में नव वर्ष के अवसर पर साथियों को बधाई दी। साथ ही प्रदेश सह संयोजक एवं बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर के राजनीति विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ.रमेश बैरवा के निलंबन को तुरंत रद्द करने की मांग की गई। यदि निलंबन रद्द नहीं किया तो दलित शोषण मुक्ति मंच अन्य सामाजिक मंचों के साथ मिलकर फिर आंदोलन करेगा। उल्लेख है कि डॉ.रमेश बैरवा शिक्षा के क्षेत्र भेदभाव एवं दलित उत्पीडन के खिलाफ निर्भीक तरीके से आवाज उठाते रहे हैं।

### अभ्यास शिविर 9 जनवरी से

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय के भूगोल विभाग में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के स्वयंपाठी अभ्यर्थी जिन्होंने प्रायोगिक परीक्षा 2023 के लिए इस महाविद्यालय का चयन किया है उन सभी का 15 दिवसीय भूगोल प्रायोगिक अभ्यास शिविर 09 जनवरी से प्रारम्भ होगा।

# ग्रामीण अंचल घने कोहरे के आगोश में लिपटा

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे सहित आसपास के इलाके में लगातार सर्दी का प्रकोप छाया हुआ है। लगातार चल रही सर्द हवाओं तथा पाले के गिरने से सर्दी में बढ़ोतरी हुई है।

बुधवार को शहर में पाले के साथ खेत में खडी फसल पर बर्फ जमने के साथ आज सुबह से ही संपूर्ण कस्बे सहित आसपास का ग्रामीण अंचल घने कोहरे के आगोश में लिपटा हुआ नजर

■ घने कोहरे के कारण 10 मीटर की दूरी पर भी कुछ दिखाई नहीं दिया

आया। कोहरा आज आसपास के इलाके में इतना छाया कि महज 10 मीटर की दूरी पर भी कुछ भी दिखाई देना संभव नहीं था। कोहरे के साथ-साथ शीतलहर का प्रकोप भी देखने को मिला। लगातार बढ रही सर्दी से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त नजर होता हुआ दिखाई दे रहा है। वहीं आमजन सर्दी से बचने के लिए तरह-तरह के जतन करते हुए नजर आ रहे हैं। वाहन चालकों को कोहरे की वजह से वाहनों की लाइट जलाकर सफर तय करना पड रहा है क्योंकि विजिबिलिटी काफी कम थी। अत्यधिक सर्दी होने तथा शीत लहर का प्रकोप जारी होने के कारण लोग देर तक रजाई में दुबके रहें। शहर सहित आसपास के



श्रीमाधोपुर सहित आसपास के इलाके में सुबह घना कोहरा छाया रहा।

इलाके में लगातार चार दिन से शीतलहर का प्रकोप देखने को मिल रहा है,तो वही सर्दी भी लगातार बढ़ती हुई जा रही है। लगातार तापमान में गिरावट होने सर्द हवाओं के चलने,पाला जमने और सर्दी का प्रकोप अत्यधिक होने के कारण बच्चों बड़े बुजुर्गों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### तेज ठण्ड ने लोगों को ठिठुराया

**निवाई, (निसं)।** करीब 4-5 दिनों से पड़ रही कडाके की सर्दी से जन जीवन प्रभावित हो रहा हैं। गुरूवार को दोपहर 1 बजे बाद सूर्यदेव के दर्शन हुए हैं जिससे लोगों को ठण्ड से राहत मिली। दिन के तामपान में अधिकता के बावजूद ठण्डी हवा के चलने से लोगों को तेज ठण्ड का अहसास हो रहा है। पिछले चार-पांच दिनों से क्षेत्र में कोहरा भी छा रहा है।

गुरूवार को सुबह से दोपहर तक क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहा। साथ ही शीतलहर भी चलते रहने से लोगों को बचाव के लिए अलाव जलाना पडा। सुबह के समय कोहरे की अधिकता के कारण वाहन चालकों को वाहन की हेडलाईट जलाकर चलना पडा।

सर्दी से राहत पाने के लिए सरकारी दफ्तरों सहित जगह-जगह लोग अलाव जलाकर तापते नजर आए। दोपहर में सूर्य की तपन से धीरे-धीरे कोहरा सिमटने लगा और धूप खिल गई जिससे तेज ठण्ड से थोडी राहत मिली। सूर्यास्त होते ही कोहरे ने क्षेत्र को फिर से आगोश में लेना शुरू कर दिया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी वाहन रेगते चलते रहे।

### महालक्ष्मी यज्ञ के लिए जनसम्पर्क

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** श्री सीताराम बाबा बावड़ी आश्रम पर श्री महालक्ष्मी यज्ञ, श्री गणेश जी, श्रीरामराजा एवं महालक्ष्मी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के साथ नौ दिवसीय संतों का समागम भारत के सुप्रसिद्ध संतों के द्वारा नित्य सनातन संस्कृति पर जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारा नित्य प्रवचन विशाल कलश यात्रा जिसमें 21 घोड़े एवं हाथी के साथ तथा 25 विशाल झांकियो के साथ 1100 महिलाओं के द्वारा भव्य कलश यात्रा के साथ छप्पन भोग प्रसादी 9 दिनों तक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन जिसमें सुप्रसिद्ध कवियो द्वाराविराट कवि सम्मेलन जादूगर सम्राट आरके सोनी का शो साथ ही साथ भृहतरी नाटक का मंचन एवं भव्य सम्मान समारोह का आयोजन होगा।

भव्य आकर्षणों के साथ में आने वाले 9 मार्च 2023 से 17 मार्च 2023 तक श्री सीताराम बाबा बावडी आश्रम श्रीमाधोपुर में उक्त आयोजन को सफल बनाने हेतु महामंडलेश्वर ओमकार दास महाराज के नेतृत्व में निकटवर्ती ग्राम बागरियावास तथा खाटू श्याम जी मे जन सम्पर्क कर लोगों को कार्यक्रम की भव्यता और उसकी महत्ता के बारे में बताया साथ ही साथ बावडी आश्रम सहित अनेक गांव में जिसमें आश्रम से जुडे हुए अनेक भक्तों श्रद्धालुओं से महाराज श्री के मार्गदर्शन में संपर्क किया गया।

संपर्क के दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा गौ सेवा विभाग के प्रमुख हिंदू जागरण मंच के जिला महामंत्री दिलीप सिंह शेखावत आदि उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### सचिन पायलट को ज्ञापन दिया



रेल लाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अकबर खान ( बाएं ने ) ने सचिन पायलट से मुलाकाल कर ज्ञापन दिया।

**टोंक, (निसं)।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट से गुरुवार को रेल लाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अकबर खान ने मिलकर टोंक रेल परियोजना के लिए राज्य सरकार से आधी राशि व भूमि अवाप्ति की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। पूर्व उपमुख्यमंत्री, टोंक विधायक सचिन पायलट से उनके निजी आवास पर गुरुवार को रेल लाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार समाजिक न्याय संगठन राष्ट्रीय संयोजक अकबर खान ने मिलकर नववर्ष पर गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी और राज्य बजट में टोंक रेल परियोजना के लिए राज्य सरकार से आधी राशि व भूमि अवाप्ति के लिए ज्ञापन सौंपा और टोंक रेल परियोजना पर पायलट से चर्चा की। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद खान, रामस्वरूप चौधरी, हरदयाल मीणा, रामप्रसाद गुर्जर आदि मौजूद थे।

### राहुल पटेल सदस्य नियुक्त

**कोटपूतली, (निसं)।** चुनावी वर्ष में राज्य सरकार द्वारा निरन्तर कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों को राजनैतिक एवं गैर राजनैतिक नियुक्तियां दी जा रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने एशोसिएशन ऑफ राजस्थान फॉर्मासिस्ट के संचालक व प्रवक्ता राहुल पटेल को राजस्थान फार्मेसी काउंसिल का सदस्य नियुक्त किया है। इस सम्बंध में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त शासन सचिव निमिषा गुप्ता ने द फार्मेसी एक्ट (केन्द्रिय अधिनियम, 1948 सं. 08) की धारा 19 (बी) के तहत अलवर जिले के ग्राम धंवाला, पो. अकबरपुर निवासी राहुल पुत्र महेश पटेल को काउंसिल का सदस्य नियुक्त किया है। काउंसिल में कुल 16 सदस्य होते है, जिनमें से 11 का निर्वाचन व राज्य सरकार द्वारा 05 सदस्यों का मनोनयन किया जाता है। पटेल का कार्यकाल कुल 05 वर्षो का होगा। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गाँधी, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, पूर्व केन्द्रिय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह, पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा का आभार व्यक्त किया है।

### कबड्डी प्रतियोगिता जारी

**कोटपूतली, (निसं)।** विश्व हिंदू परिषद के युवा आयाम बजरंग दाल द्वारा आयोजित मारुति नंदन कबड्डी प्रतियोगिता का भगवान श्री परशुराम मंदिर में आयोजन निरन्तर जारी है। प्रतियोगिता के दूसरे राउंड में 8 मुकाबलों में 8 टीमों ने क्वार्टर फाईनल के लिए प्रवेश किया। क्वार्टर फाईनल मुकाबले भी आज ही पूर्ण हुए क्वार्टर फाईनल मुकाबलों में 4 टीमों ने उछपुर बानसूर, पवाना अहीर, बालाजी पुतली व नारहेड़ा ने सेमीफाईनल में एंट्री मारी। सेमीफाईनल मुकाबले भी पूर्ण हुए। पहला सेमीफाईनल पवाना अहीर व उछपुर के बीच खेला गया जिसमें उछपुर ने बाजी मारी। दूसरा सेमीफाईनल मुकाबला बालाजी पुतली व नारहेड़ा के बीच खेला गया। फाईनल मुकाबला उछपुर बानसूर व बालाजी पुतली के बीच खेला जाएगा। समापन में बजरंग दल प्रांत संयोजक प्रेमसिंह राजावत मुख्य वक्ता रहेंगे। कबड्डी प्रतियोगिता में निर्णायक कमेटी के अध्यक्ष ख्यालीराम मोलाहेड़ा, रेफरी रामफल रावत मोरदा, लालाराम पहलवान मोलाहेड़ा, राजाराम मोरदा, राजेंद्र राघव जखराना, मोरमुकुट पहलवान गण्डाला द्वारा मैच खिलाये गए।

### पौषबड़ा महोत्सव आयोजित

**टोंक, (निसं)।** जनर्लिस्टस एसोसिएशन ऑफ राजस्थान जार जिला इकाई का पौषबड़ा महोत्सव का जार के प्रदेशाध्यक्ष हरिवल्लभ मेघवाल के सानिध्य में आयोजित हुआ, जिसमें पत्रकार साथियों ने पौषबडों का आनंद लिया। जार के जिला महामंत्री लियाकत अली ने बताया कि जनर्लिस्टस एसोसिएशन ऑफ राजस्थान जार जिला इकाई का पोषबडा महोत्सव का गुरुवार को आयोजित हुआ, जिसमें जार के प्रदेशाध्यक्ष हरिवल्लभ मेघवाल ने सपत्नी भाग लेकर पत्रकारों को संगठित रखने के लिए इस प्रकार के आयोजन की सराहना की। इस मौके पर जार के प्रदेशाध्यक्ष हरिवल्लभ मेघवाल व प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार करनाणी सहित जार के सभी पदाधिकारियों व पत्रकारों ने जार के जिलाध्यक्ष भगवान सहाय शर्मा को जन्मदिन की बधाई भी दी।

### जाक्रोश महासभा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रायोजित जन आक्रोश महासभा को लेकर आला पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर बना हुआ है। भारतीय जनता पार्टी की जन आक्रोश महासभा को राज्यसभा सांसद डॉ. किरोडी लाल मीणा एवं भारतीय जनता पार्टी के विधान सभा नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ संबोधित करेंगे। जनाक्रोश महासभा उपखंड मुख्यालय के बालाजी मैरिज गार्डन में आज शुक्रवार को आयोजित की जाएगी। इस जनाक्रोश महासभा को लेकर स्थानीय भाजपा नेताओं द्वारा गत कई दिनों से व्यापक तौर पर महासभा में पहुंचने के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा था। वही उपखंड मुख्यालय पर आयोजित होने वाली इस जनाक्रोश महासभा में हजारों भाजपा एवं आम लोगों द्वारा शिरकत करने की सूचना मिल रही है।

### कार्यकारिणी का गठन किया

**फुलेरा, (निसं)।** ऑल इण्डिया ट्रेन मेनेजर काउंसिल की एक आवश्यक बैठक का आयोजन एच.के. मीणा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के दौरान ट्रेन मेनेजरों (गुड्स गार्ड) के हितों के विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। वहीं कोषाध्यक्ष द्वारा आय व्यय का ब्यौरा दिया गया। साथ ही नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। जिसमें सर्व सहमति से पुर्णेश कुलश्रेष्ठ को अध्यक्ष पद पर चुना गया। कार्यकारी अध्यक्ष हरिप्रसाद प्रजापति को बनाया गया।

सचिव के पद पर बाबूलाल मीणा एस को, तो सहायक सचिव के रूप में शंकर लाल चौधरी और कुलदीप सिंह राजपूत को नियुक्त किया गया, कोषाध्यक्ष के पद पंकज गंगवाल, सहायक कोषाध्यक्ष राजाराम वर्मा एवं उपाध्यक्ष के पद पर मुकेश कुमार सैनी और रामचन्द्र मीणा को बनाया गया, कार्यालय सचिव के. जी. मीणा, सहायक कार्यालय सचिव वेदप्रकाश बैरवा तो मीडिया प्रभारी के पद पर गणेश नारायण यादव को नियुक्त किया गया। बैठक के अंतिम चरण में नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारीयों को माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

# राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान के प्रशिक्षण शिविर का बहिष्कार किया

**पावटा, (निसं)।** पंचायत समिति में शासन सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग जयपुर के आदेशानुसार गुरुवार को राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

■ 'मांगों को जब तक पूरा नहीं किया जाता तब तक किसी भी शिविर में भाग नहीं लेंगे'

पंचायत समिति में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण दल के द्वारा पंचायत समिति सदस्य, वार्ड पंच और ग्राम विकास अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाना था। लेकिन पावटा प्रधान पूजा चौधरी के नेतृत्व में सभी पंचायत समिति सदस्यों ने मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम विकास अधिकारी को पंचायती राज संस्थाओं की त्रिस्तरीय व्यवस्थाओं के महत्वपूर्ण अंग



पावटा प्रधान पूजा चौधरी ( दाएं से तीसरे ) के नेतृत्व में सभी पंचायत समिति सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम विकास अधिकारी को समस्याओं का समाधान कराने सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

पंचायत समिति सदस्यों की समस्याओं का समाधान कराने व अधिकार प्रदत्त करने सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का बहिष्कार किया।

वहीं पावटा प्रधान पूजा चौधरी, पंचायत समिति सदस्य ओमवती धनकड़ सहित पंचायत समिति सदस्यों ने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि सरकार द्वारा पंचायत समिति सदस्यों की नौ सूत्रीय मांगों को जब तक पूरी नहीं किया जाता है तब तक ना तो किसी पंचायत समिति की बैठक में ना ही कार्यक्रम में ना ही शिविर में भाग लेंगे। इस मौके पर मण्डा पंचायत समिति सदस्य प्रियंका यादव, पांछूडाला पंचायत समिति सदस्य अनिल कुमार, टोरडा पंचायत समिति सदस्य संतलाल, मुकेश यादव, धर्मपाल गुर्जर सहित सभी पंचायत समिति सदस्य मौजूद रहे।

# वाइस चेयरमैन व पार्षदों का दूसरे दिन भी धरना रहा जारी

**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा पालिका प्रशासन के खिलाफ वाइस चेयरमैन सहित पार्षदों ने बुधवार को मोर्चा खोल दिया। पालिका प्रशासन पर भ्रष्टाचार और मनमानी का आरोप लगाते हुए पालिका कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए जो कि गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रहा।

नगरपालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली और कथित भ्रष्टाचार के मुद्दे पर वाइस चेयरमैन व पार्षद पहले से ही नाराज चल रहे थे। पालिका से ऑफलाइन निकाले गए 14 कार्यों के टेंडर के बाद नाराजगी चरम पर पहुंच गई। अशोक सैनी, नरपत सिंह सहित पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगरपालिका क्षेत्र में अव्यवस्था, लापरवाही और भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिसके कारण आमजन की समस्याओं का समाधान नहीं होता है।

इसी को लेकर नगरपालिका में एकत्रित होकर उन्होंने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया जो दूसरे दिन भी जारी रहा।

इस मौके पर वाईस चेयरमैन अशोक कुमार सैनी नरपत सिंह शेखावत, श्याम सिंह शेखावत, महेंद्र कुमार वर्मा, मिंटू शर्मा, संजय सैन, मनीष सैनी, सोयचंद सैनी ,साहिल खान, सुनीता जाजोरिया, राकेश मीणा, सांवरमल बंसल, लोकेश शर्मा, महिपाल सिंह ,नवरत्न सोनी, कैलाश गोठवाल, महेंद्र रेगर, गिरधारी लाल शर्मा, मनीष निमोरिया, संदीप मीणा, रामजीलाल सैनी, मुकेश सोलंकी, विक्की सोनी, सोनू शर्मा, विकास शर्मा, जगदीश ओला सहित अन्य पार्षद व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### छात्रावास में आर्थिक सहयोग किया

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय श्री कृष्ण महिला छात्रावास में कमरा निर्माण हेतु भामाशाहों द्वारा 68 हजार रूपये का सहयोग किया गया। प्रवक्ता रामकरण यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि राज.उच्च माध्यमिक विद्यालय रामसिंहपुरा के प्रधानाचार्य जितेन्द्र यादव, मनमोहन यादव, राजेन्द्र यादव, मधुबाला यादव, ओमप्रकाश यादव आदि द्वारा 21 हजार, कृष्णा अस्पताल के डॉ. सतीश यादव, संजीवनी अस्पताल के डॉ. एस.एम. यादव द्वारा 21-21 हजार व मास्टर दयानन्द यादव ने 5 हजार रूपये का सहयोग प्रदान किया।

# अनियंत्रित होकर कार डिवाइडर से टकराई

**पावटा, (निसं)।** भाबरू थाना इलाके के ढाणी गैसकान के पास हाइवे पर एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे के बाद आग लगने से कार गोले में तब्दील हो गई। कार चालक मुकेश निवासी किशोरपुरा सहित सवार लोगों ने समय रहते कार से कूदकर अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि कार तेज गति से दिल्ली से जयपुर की ओर जा रही थी। ढाणी गैसकान के पास पहुंचने पर कार आगे अचानक आए ट्रैक्टर के कारण ब्रेक लगाने पर शॉर्ट सर्किट होने से कार ने आग पकड ली। कुछ ही देर में

■ हादसे के बाद कार में आग लगी

आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया और कार धूं-धूं कर जलने लगी। आग से लपटें निकलती देखकर आसपास के वाहन चालको वह ग्रामीणों ने बचाव में आकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर भाबरू पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। मौके पर पहुंची तीन दमकल ने आधे घंटे के बाद आग पर काबू पाया।

# 'खेल मैदान में पौषबड़ों की आड में अतिक्रमण करने की कोशिश'

**टोंक, (निसं)।** गुर्जर समाज के लोगों ने गुर्जर छात्रावास के खेल मैदान में पौषबड़ों की आड में अतिक्रमण करने की कोशिश एवं अनावश्यक विवाद करने को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया।

गुर्जर समाज के जिलाध्यक्ष

■ गुर्जर समाज के लोगों ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया

रामलाल गुर्जर संडीला, पूर्व छात्रावास संचालक हरदेव करूण, दशरथ भाटी, ओमप्रकाश गुर्जर, सीताराम पोसवाल, अजय डोई, राजेश गुर्जर, धारासिंह फागणा पूर्व छात्रासंघ अध्यक्ष, भगवान गुर्जर, राजेन्द्र गुर्जर, रमेश गुर्जर, केसरलाल गुर्जर, दिनेश गुर्जर आदि ने दिए ज्ञापन में बताया कि गुर्जर छात्रावास सवाई माधोपुर रोड के



गुर्जर समाज के लोगों ने गुर्जर छात्रावास के खेल मैदान में अतिक्रमण करने की कोशिश एवं अनावश्यक विवाद करने को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ( बाएं ) को ज्ञापन दिया।

सामने छात्रावास के खेल मैदान हैं। जिसमें 3 जनवरी 2023 को पास में स्थित यज्ञ के बालाजी मंदिर के कुछ लोगों द्वारा जानबूझकर पौषबडों का आयोजन करना चाहते थे, जिसके पीछे इनकी मंशा अतिक्रमण करने एवं अनावश्यक विवाद पैदा करने, आपसी सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया। मौके पर जानकारी मिलने पर पुलिस प्रशासन ने वस्तुस्थिति समझकर इन लोगों को वर्षों पहले जहां पौषबडों का आयोजन होता रहा है वहीं पर पौषबड़ा कार्यक्रम करने को कहा गया है।

पुलिस प्रशासन की हिदायत के बाद पौषबडा कार्यक्रम यज्ञ के बालाजी मंदिर के प्रांगण में ही किये जाने की बात रही। इसके माहौल बिगाडने की कोशिश की गई। हमें मालूम हुआ कि यह लोग पुन: 6 जनवरी को पौषबड़े का कार्यक्रम इसी खेल मैदान में करना चाहते हैं। उन्होंने मांग करते हुए बताया कि हमारी सामाजिक सरोकार को अनावश्यक रूप से मिटाने और माहौल खराब करने की नीयत से चलते इनको इस खेल मैदान पर पौषबड़ा का आयोजन करने की अनुमति प्रदान नहीं की जाये।

### छात्रावास निर्माण का निर्णय लिया

**मालपुरा, (निसं)।** महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण को लेकर गुरूवार को गुर्जरों की ढाणी के पीछे वार्ड नम्बर 28 में प्रस्तावित छात्रावास निर्माण स्थल पर गुरूवार को निर्माण व सेवा समिति की हुई महत्वपूर्ण बैठक में मौजूद समाज के गणमान्य लोगों द्वारा जल्द प्रस्तावित स्थल पर महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण करवाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

बैठक के दौरान छात्रावास निर्माण की डिजाईन तैयार करवाने,भूमि पूजन,भामाशाहओं से मिलकर निर्माण हेतु सहयोग राशि संग्रह करने सहित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा के बाद 22 जनवरी को माली समाज की तहसील स्तरीय बैठक बुलाये जाने एवं उसी बैठक में छात्रावास निर्माण की तिथि निर्धारित किये जाने सहित महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाने का प्रस्ताव लिया गया

बैठक मे राजेन्द्र प्रसाद सैनी अध्यापक, रामकुंवार मालूणी, घासीलाल आरेडिया, सुखपाल सुईवाल, अमरचन्द चान्दसेन, सीताराम घाटी, रामजीलाल गढवाल, जगदीश भास्कर, जगदीश सत्रावला सहित समाज बंधु मौजूद रहे।

# सरपंच व ग्रामीणों ने जनसुनवाई का बहिष्कार किया

**मालपुरा, (निसं)।** राज्य सरकार के निर्देशों पर संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर के आदेशानुसार घोषित माह के पहले गुरूवार को टोरडी पंचायत मुख्यालय पर होने वाली जनसुनवाई का सरपंच हेमेन्द्र सिंह व ग्रामीणों ने बहिष्कार कर जनसुनवाई प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

जनसुनवाई प्रभारी सिद्धान्त झाला, प्रबंध संचालक कॉपरेटिव बैंक टोंक निर्धारित समय पर टोरडी पंचायत पहुंचे जहां मौजूद सरपंच व ग्रामीणों ने प्रभारी को ज्ञापन सौंप जनसुनवाई का बहिष्कार किये जाने के निर्णय से अवगत करवाते हुए बताया कि बीते तीन माह में संभागीय आयुक्त व जिला कलेक्टर सहित एसडीएम की अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों व पंचायत प्रशासन की ओर से प्रार्थना पत्र सौंप सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीनस्थ ठेकेदार द्वारा गांव के मुख्य मार्ग पर सीमेन्ट सडक का निर्माण कार्य तो करवाया गया। लेकिन सड़क के दोनों ओर नालो का निर्माण नहीं करवाये जाने से बरसात व गांव का गंदा पानी सडक पर भर जाने से ग्रामीणों को परेशानी तो



टोरडी सरपंच हेमेन्द्र सिंह व ग्रामीणों ने बहिष्कार के बाद जनसुनवाई प्रभारी को ज्ञापन दिया।

हो रही है।

साथ ही लाखों रूपयों की राशि नाला निर्माण के लिए स्वीकृत होने के बावजूद निर्माण नहीं होने से गांव का सौन्दर्यकरण धूमिल हो रहा है। साथ ही पुराने पंचायत भवन को नकारा घोषित किये जाने के बावजूद पीडब्ल्यूडी द्वारा आज तक भवन को धराशाही नहीं किये जाने से खतरा मंडरा रहा है। गांव की दोनों गंभीर समस्याओं का समाधान किये जाने में कोई अधिकारी दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है ऐसे में कागजी जनसुनवाई किये जाने से तो बेहतर होगा इसका बहिष्कार ही कर दिया जाये। ग्रामीणों के बहिष्कार के बाद प्रभारी व ग्रामीण पंचायत भवन से लौट गये। वहीं एसडीएम रामकुमार वर्मा ने पारली पंचायत में जनसुनवाई की।



मुझे समझ नहीं आया कि हमारे लडके जितना अच्छा खेलते हैं उसके बावजूद वे एटीपी टूर पर मैच जीतने में सक्षम नहीं हैं वे चैलेंजर्स में अच्छा करते हैं लेकिन उन्हें बडे टूर्नामेंटों में मैच जीतने की जरूरत है।''

-आनंद अमृतराज

भारत के पूर्व डेविस कप कप्तान टेनिस खिलाड़ियों को लेकर

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## लक्ष्य सेन



ओलंपियन अनूप श्रीधर मंगलवार से मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के साथ शुरू हो रहे व्यस्त सत्र में राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य सेन को 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के प्रयास में मदद करेंगे। बीजिंग ओलंपिक (2008) में भाग लेने वाले और 2007 थॉमस कप टीम की कप्तानी करने वाले 39 वर्षीय श्रीधर इस महीने एशियाई टूर्नामेंट में सेन के साथ यात्रा करेंगे। सेन ने कहा, ''मैं पिछले तीन सप्ताह से उनके (अनूप श्रीधर) साथ ट्रेनिंग कर रहा हूं। वह और मेरे पिता (डीके सेन) मलेशिया से शुरू होने वाली तीनों एशियाई स्पर्धाओं के लिए मेरे साथ यात्रा करेंगे।''

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट इतिहास के 1877 में सबसे पहले टेस्ट में खेलने वाले एडवर्ड ग्रेगरी, उनके पुत्र सिड ग्रेगरी और उनके भतीजे जैक ग्रेगरी ने अपने टेस्ट जीवन की शुरुआत शून्य (0) से की थी।

# रोमांचक मुकाबले में श्रीलंका की जीत

## भारत को 16 रन से हरा, श्रृंखला में 1-1 से बराबरी की

पुणे, 5 जनवरी। अक्षर पटेल (65) और सूर्यकुमार यादव (51) के विस्फोटक अर्द्धशतकों के बावजूद श्रीलंका ने भारत को दूसरे टी20 में गुरुवार को 16 रन से मात देकर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली।

श्रीलंका ने इस रोमांचक मुकाबले में भारत के सामने 207 रन का विशाल लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में भारत 190 रन तक ही पहुंच सका। श्रीलंका को इस विशालकाय स्कोर तक पहुंचाने के लिये कप्तान दसुन शनाका ने 22 गेंदों पर दो चौकों और छह छक्कों के साथ 56 रन बनाये, जबकि सलामी बल्लेबाज कुशल मेंडिस ने 31 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों के साथ 52 रन की अर्द्धशतकीय पारी खेली। चरिता असलंका ने 19 गेंदों पर चार छक्कों के साथ 37 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के पांच बल्लेबाज सिर्फ 64 रन पर ही पवेलियन लौट गये, जिसके बाद अक्षर और सूर्यकुमार ने मुकाबले में मेजबान टीम की वापसी करवाई। दोनों ने छठे विकेट के लिये 40 गेंद पर 91 रन की साझेदारी करके भारत को मैच में बरकरार रखा। सूर्यकुमार के आउट होने के बाद शिवम मावी (15 गेंद पर 26 रन) ने भी कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन भारत को विजय रेखा के पार नहीं ले जा सके।

श्रीलंका ने इस जीत के साथ तीन मैचों की शृंखला में 1-1 की बराबरी कर ली है और सीरीज का निर्णायक मुकाबला शनिवार को राजकोट में खेला जायेगा।

भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए खराब शुरुआत की और आक्रामक शॉट खेलने के प्रयास में लगातार विकेट गंवाये। ईशान किशन, शुभमन गिल और राहुल त्रिपाठी दहाई का आंकडा भी नहीं छू सके, जबकि हार्दिक पांड्या ने 12 रन बनाये। भारत के चार विकेट सिर्फ 34 रन पर गिरने के बाद दीपक हुड्डा ने सूर्यकुमार के साथ साझेदारी बनाना शुरू की, लेकिन वानिंदू हसरंगा ने 10वें ओवर में हुड्डा को आउट करके मेज़बान टीम की मुश्किलें बढ़ा दीं। भारत की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी और उन्होंने 10 ओवर में सिर्फ 64 रन बनाये थे। आखिरी 10 ओवर में 143 रन हासिल करना असंभव प्रतीत हो रहा था, तभी अक्षर और सूर्यकुमार की साझेदारी ने भारत की उम्मीदें जगाने का काम किया।



अक्षर-सूर्यकुमार ने छठे विकेट के लिये सिर्फ 40 गेंदों में 91 रन जोड़े। अक्षर ने 14वें ओवर में हसरंगा को तीन छक्के लगाकर कुल 26 रन जोडे। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में हसरंगा का सबसे महंगा ओवर था। यह साझेदारी मुकाबले को भारत के पक्ष में डाल रही थी लेकिन दिलशान मदुशंका ने सूर्यकुमार को आउट करके मैच का रुख पलट दिया। सूर्यकुमार ने 36 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों के साथ 51 रन बनाये। भारत ने अपने उपकप्तान का विकेट गंवाने के बाद भी हथियार नहीं डाले। आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे शिवम मावी ने 15 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों के साथ 26 रन बनाये। भारत को आखिरी ओवर में 21 रन की दरकार थी लेकिन ओवर की तीसरी गेंद पर अक्षर पटेल का विकेट गिरते ही टीम की सभी उम्मीदें समाप्त हो गयीं। इससे पूर्व, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने तेज शुरुआत की। दूसरे ओवर में अर्शदीप सिंह की तीन नो बॉलें श्रीलंका के लिये मददगार साबित हुईं और इस ओवर में उन्होंने 19 रन जोड़े। मेंडिस ने इसके बाद अपने हाथ खोले और पथुम निसंका के साथ पहले विकेट के लिये आठ ओवर में 80 रन की साझेदारी कर डाली। युज़वेंद्र चहल ने नौवें ओवर में मेंडिस को आउट करके इस साझेदारी को तोडा। मेंडिस ने 31 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों के साथ 52 रन बनाये, हालांकि निसंका 35 गेंदों पर 33 रन ही बना सके।

श्रीलंका इस साझेदारी के दम पर बडे स्कोर की ओर अठासर थी लेकिन उमरान मलिक ने अगले ही ओवर में भानुका राजपक्षे को आउट किया, जबकि अक्षर पटेल ने निसंका और धनन्जय डी सिल्वा का विकेट लेकर रनगति पर लगाम लगा दी। चरित असलंका (37) ने 16वें ओवर में चहल को दो छक्के जडकर पारी की रफ्तार बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन उमरान ने अगले ओवर में उन्हें पवेलियन भेज दिया। भारत ने खतरनाक दिख रहे असलंका का विकेट लेकर मैच पर पकड बना ली, लेकिन नो बॉल डालना एक बार फिर उनके लिये भारी पडा। अर्शदीप के 19वें ओवर में शनाका ने लॉन्ग ऑल पर खड़े सूर्यकुमार यादव को कैच पकड़ा दिया, लेकिन वह गेंद नो बॉल होने के कारण श्रीलंकाई कप्तान बच गये। शनाका उस समय 30 रन के स्कोर पर थे और उन्होंने भारत से इस नो बॉल की भरपाई करते हुए 56 रन के स्कोर पर अपनी पारी समाप्त की। शनाका ने केवल 22 गेंदों की अपनी पारी में छह छक्के और दो चौके जड़े। श्रीलंका ने भारत की लचर गेंदबाजी का फायदा उठाते हुए आखिरी पांच ओवरों में 77 रन जोड़े और 206/6 के स्कोर पर अपने 20 ओवर समाप्त किये। उमरान ने चार ओवर में 48 रन देकर तीन विकेट लिये, जबकि अक्षर ने चार ओवर में सिर्फ 24 रन देकर दो सफलताएं हासिल कीं।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीस श्रृंखला के लिए मसूद, सोहेल की पाक टीम में वापसी

कराची, 5 जनवरी। बाएं हाथ के बल्लेबाजों शान मसूद और हारिस सोहेल ने अगले सप्ताह न्यूजीलैंडके खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टीम में वापसी की है।

मसूद ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2019 के बाद से एकदिवसीय मैच नहीं खेला है, जबकि सोहेल ने अपना पिछला मैच 2020 में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेला था। अंतरिम मुख्य चयनकर्ता शाहिद अफरीदी ने कहा कि वह चाहते हैं कि पाकिस्तान इस साल एशिया कप और विश्व कप से पहले अधिकतम 11 एकदिवसीय मैचों का उपयोग करे। इसमें मसूद और सोहेल शीर्ष क्रम में उपयोगी हो सकते हैं। तीन मैचों की यह श्रृंखला सोमवार से शुरू होगी। सोहेल ने हाल में घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाये है जबकि मसूद ने सितंबर में पाकिस्तान की टी20 के लिए पदार्पण करने के बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। नये बल्लेबाज तैयब ताहिर और कामरान गुलाम के साथ कलाई के स्पिनर उस्मान मीर को घरेलू मैचों में शानदार प्रदर्शन के बाद चुना गया। चयनकर्ताओं में तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और सलामी बल्लेबाज फखर जमां को चोट से उबरने के बाद टीम में शामिल किया है।

**पाकिस्तान टीम:** बाबर आजम (कप्तान), फखर जमां, हारिस रऊफ, हारिस सोहेल, इमाम-उल-हक, कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम, नसीम शाह, आगा सलमान, शाहनवाज दहनी, शान मसूद, तैय्यब ताहिर और उसामा मीर।

## वर्षाबाधित टेस्ट में दोहरे शतक से पांच रन दूर ख्वाजा

सिडनी, 5 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट का दूसरा दिन भी मुख्यत: बारिश से प्रभावित रहा, हालांकि उस्मान ख्वाजा (195 नाबाद) और स्टीव स्मिथ (104) ने गुरुवार को शतक जमाकर कंगारुओं को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

वर्षाबाधित टेस्ट के दो दिनों में सिर्फ 131 ओवर फेंके गये, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट के नुकसान पर 475 रन बना लिये।

ख्वाजा ने पहले दिन के अपने अर्द्धशतक को शतक में तब्दील किया और अब वह दोहरे शतक से सिर्फ पांच रन दूर हैं। ख्वाजा ने 368 गेंदों पर 19 चौकों और एक छक्के की बदौलत 195 रन बना लिये, जबकि स्मिथ ने भी अपने टेस्ट करियर का 30वां शतक जडते हुए 104 रन बनाये। उन्होंने 192 गेंदों की अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के लगाये।

स्मिथ इसी सैकड़े के साथ ऑस्ट्रेलिया के लिये सर्वाधिक टेस्ट जमाने वाले बल्लेबाजों की सूची में मैथ्यू हेडन (30) की बराबरी कर ली। साथ ही उन्होंने 29 टेस्ट शतक बनाने वाले सर डॉन ब्रैडमैन को भी पीछे छोड़ दिया।

दिन का खेल खत्म होने से पूर्व ट्राविस हेड ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 59 गेंदों पर 70 रन बना डाले, जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल रहा। उनकी इस पारी को कागिसो रबाडा ने समाप्त किया। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक उस्मान ख्वाजा (195) के साथ मैट रेनशॉ (पांच नाबाद) विकेट पर मौजूद हैं।

# हॉकी विश्व कप के लिये भुवनेश्वर पहुंची चिली

भुवनेश्वर, 5 जनवरी। चिली की पुरुष टीम एफआईएच हॉकी विश्व कप 2023 में हिस्सा लेने के लिये गुरुवार को भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंची जहां उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत हुआ।

चिली पहली बार हॉकी पुरुष विश्व कप में हिस्सा ले रहा है। फर्नांडो रेन्ज की टीम भुवनेश्वर में अपनी अंतिम तैयारियां पूरी करने के बाद राउरकेला रवाना होगी जहां उनका सामना 14 जनवरी को न्यूजीलैंड से होगा।

कप्तान रेन्ज ने विश्व कप की तैयारियों के बीच टीम के माहौल के बारे में कहा, ''हमारी टीम में युवा और वरिष्ठ खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। हमारी टीम वास्तव में अच्छी है और हम चार साल से एक साथ खेल रहे हैं। हम एक ऐसी टीम हैं जिसे हराना बहुत मुश्किल होगा और हम विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।''

चिली को पूल सी में नीदरलैंड, मलेशिया और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करने के बाद चिली 16 जनवरी को राउरकेला में मलेशिया से भिडेगी, जबकि 19 जनवरी को भुवनेश्वर में नीदरलैंड के खिलाफ वह अपने ग्रुप स्टेज अभियान का समापन करेगी।

रेन्ज ने टूर्नामेंट में आने वाली संभावित चुनौतियों के बारे में कहा, ''हम पहली बार हॉकी विश्व कप खेल रहे हैं। हमने लगभग एक साल पहले सैंटियागो, चिली में इसके लिये क्वालीफाई किया और हम तब से ही इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की तैयारी कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम जानते थे कि हम यहां भारत में बड़े मैच खेलेंगे। हमारा ग्रुप मुश्किल है जहां हम नीदरलैंड, मलेशिया और न्यूजीलैंड जैसी टीमों के खिलाफ होंगे। हमारे लिये हर मैच बहुत कठिन होगा लेकिन हम पूरे साल इस टूर्नामेंट की तैयारी कर रहे हैं, इसलिए हम जानते हैं कि हम प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने जा रहे हैं।'' ओडिशा के भुवनेश्वर और राउरकेला में आयोजित इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, नीदरलैंड, भारत, अर्जेंटीना, जर्मनी, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, फ्रांस, कोरिया, मलेशिया, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका, जापान, चिली और वेल्स सहित 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस बीच, चिली के मुख्य कोच जोर्ज दबांच ने कहा, ''एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 में कई शीर्ष टीमें हैं और निश्चित रूप से मेजबान भारत उनमें से एक है। ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम और नीदरलैंड्स हराने के लिये मुश्किल टीमें होंगी और हम टूर्नामेंट में इन शीर्ष टीमों के खिलाफ जीत दर्ज करना चाहेंगे।'' उन्होंने अपनी टीम की ताकत के बारे में कहा, ''हमारा दिल बहुत बड़ा है और हम हर मैच के लिये लडेंगे। मेरा मानना है कि रणनीतिक रूप से हमारी टीम वास्तव में अच्छी है और हम जिस तरह की चुनौतियों का सामना करेंगे।

## टी20 रैंकिंग के शीर्ष 100 में शामिल हुए हुड्डा

दुबई, 5 जनवरी। भारतीय ऑलराउंडर दीपक हुड्डा श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 में खेली गयी 41 रन की विस्फोटक पारी की मदद से टी20 बल्लेबाजों की शीर्ष 100 रैंकिंग में लौट आये हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से गुरुवार को जारी रैंकिंग के अनुसार हुड्डा 374 रेटिंग पॉइंट के साथ 97वें पायदान पर आ गये हैं। हुड्डा ने पहले टी20 में 23 गेंदों पर एक चौके और चार छक्कों की बदौलत 41 रन बनाये थे, जिसके लिये उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरी ओर, ईशान किशन को श्रीलंका के विरुद्ध 37 रन के योगदान के लिये 10 पायदान की छलांग से नवाजा गया है। किशन 567 रेटिंग पॉइंट के साथ टी20 बल्लेबाजों की सूची में 23वें स्थान पर आ गये हैं। भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान सूर्यकुमार यादव 883 रेटिंग पॉइंट के साथ अब भी टी20 रैंकिंग के शीर्ष पर बरकरार हैं, जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद मोहम्मद रिजवान (836) उनसे 47 पॉइंट पीछे हैं।

# एशिया कप 2023 का आयोजन सितंबर में

कुआलालम्पुर, 5 जनवरी। एशियाई क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने गुरुवार को घोषणा की कि एशिया कप 2023 का आयोजन विश्व कप 2023 से एक महीने पहले सितंबर में किया जायेगा।

छह एशियाई देशों के इस टूर्नामेंट में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बंगलादेश, अफगानिस्तान और एक क्वालीफाइंग टीम हिस्सा लेगी। श्रीलंका ने पिछले साल टी20 प्रारूप में एशिया कप जीता था, हालांकि भारतीय सरजमीन पर अक्टूबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए इस बार यह टूर्नामेंट 50 ओवर के प्रारूप में खेला जायेगा।

एसीसी ने फिलहाल मेज़बान देश की पुष्टि नहीं की है। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट का मूल मेज़बान है, हालांकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण पाकिस्तान में खेलने का इच्छुक नहीं है। एसीसी के अध्यक्ष और बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने अक्टूबर 2022 में कहा था कि भारत एशिया कप खेलने के लिये पाकिस्तान नहीं जायेगा।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के तत्कालीन अध्यक्ष रमीज़ राजा ने इसके जवाब में कहा था कि अगर भारत एशिया कप के लिये पाकिस्तान नहीं आया तो वह भी विश्व कप के लिये भारत नहीं जायेंगे। पीसीबी के नये अध्यक्ष नजम सेठी ने हालांकि पदभार संभालने के बाद इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

शाह ने एशिया कप की घोषणा के साथ एसीसी के अगले दो साल का कैलेंडर भी जारी किया। उन्होंने कैलेंडर जारी करते हुए कहा, यह इस खेल को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के हमारे अद्वितीय प्रयासों और जुनून को दर्शाता है। शानदार प्रदर्शन के लिये तैयार देशों के क्रिकेटरों के साथ यह क्रिकेट के लिये एक अच्छा समय होगा।

साल 2023-24 के इस कैलेंडर में 145 एकदिवसीय और टी20 मैचों का ब्योरा मौजूद है। साल 2023 में 75 मैच खेले जायेंगे जबकि 2024 में 70 मुकाबले आयोजित होंगे।

इसके अलावा, उभरते हुए खिलाड़ियों (अंडर-23) का एशिया कप पुन: शुरू हो रहा है और इस साल जुलाई में पुरुषों के लिये 50 ओवर के प्रारूप में आयोजित किया जायेगा। इसमें आठ टीमें शामिल होंगी।

यह टूर्नामेंट अगले साल दिसंबर में टी20 प्रारूप में होगा। उभरती हुई महिला खिलाड़ियों के लिये एशिया कप इस साल जून में टी20 प्रारूप में होगा जिसमें आठ टीमें शामिल होंगी।

## एफआईएच ने जेएसडब्ल्यू को बनाया विश्व कप का साझेदार

भुवनेश्वर, 5 जनवरी। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने आगामी ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला के लिये भारतीय कंपनी समूह जेएसडब्ल्यू को अपना वैश्विक साझेदार बनाया है। एफआईएच ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के संस्थापक पार्थ जिंदल ने कहा, यह बहुत गर्व की बात है कि हॉकी विश्व कप भारत में आयोजित हो रहा है।

हॉकी एक ऐसा खेल है जो हर भारतीय के दिल में है और इसे उसी राज्य (ओडिशा) में होते हुए देखना जिसने हमारे देश में इस खेल को पुनर्जीवित किया है, इसे और भी खास बनाता है। भारत में हॉकी विश्व कप से जुड़ने का अवसर प्राप्त करना जेएसडब्ल्यू के लिये बहुत गर्व की बात है। मुझे यकीन है कि टूर्नामेंट भविष्य के हॉकी विश्व कप के लिये मानक स्थापित करेगा और वास्तव में विश्व स्तर का होगा। एफआईएच के सीईओ थियरी वील ने कहा, हम आगामी एफआईएच हॉकी पुरुष विश्व कप के लिये वैश्विक भागीदार के रूप में जेएसडब्ल्यू का स्वागत करके रोमांचित हैं, जो भारत और दुनिया भर में शानदार सफलता का वादा करता है। मैं एफआईएच की ओर से जेएसडब्ल्यू को धन्यवाद देना चाहता हूं। हम एक बेहतरीन सहयोग की आशा करते हैं।'' एफआईएच हॉकी विश्व कप का आयोजन ओडिशा के भुवनेश्वर-राउरकेला में 13 जनवरी से होना है।

# ग्रीन ने आईपीएल में गेंदबाजी से जुड़ी अटकलों को शांत किया

ब्रिस्बेन, 5 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया के युवा ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने आईपीएल में गेंदबाजी से जुडी सभी अटकलों को शांत करते हुए गुरुवार को कहा कि वह टूर्नामेंट के लिये ''सौ प्रतिशत'' उपलब्ध होंगे।

गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे टेस्ट के दौरान ग्रीन की उंगली में फ्रैक्चर होने के बाद अटकलें लगायी जा रही थीं कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के शुरुआती हिस्से में गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे, हालांकि ठीन ने इस तरह की खबरों को बेबुनियाद बताया है।

ग्रीन ने सेन स्पोर्ट्स के साथ बातचीत में कहा, ''यह (सूचना) गलत है। मैं यह काफी समय से सुनता आ रहा हूं, और मुझे नहीं पता कि ये बातें कहां से उठ रही हैं। मैं आईपीएल की शुरुआत से ही गेंद और बल्ले दोनों से योगदान देने के लिये पूरी तरह तैयार हूं।''

डॉक्टरों ने ग्रीन को उंगली की सर्जरी कराने की सलाह दी है। भारतीय सरजमीन पर नौ फरवरी से शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट तक ग्रीन के फिट होने की उम्मीद है। ग्रीन ने कहा कि उनकी नजर भारत में पहले टेस्ट पर है।

ग्रीन ने कहा, ''जाहिर तौर पर मेरी पहली प्राथमिकता टेस्ट सीरीज है जो पहले (आईपीएल से पहले) है।'' ग्रीन को आईपीएल की सबसे सफल टीम मुंबई इंडियन्स ने 17.5 करोड में खरीदा है और वह टूर्नामेंट के इतिहास के दूसरे सबसे महंगे खिलाडी हैं। ग्रीन ने कहा कि नीलामी में मिली धनराशि उन्हें उनका स्वाभाविक खेल खेलने से नहीं रोकेगी।

ग्रीन ने कहा, ''जाहिर तौर पर यह (नीलामी) वास्तव में अच्छी रही, लेकिन मुझे लगता है कि साथ ही आप वहां जाकर प्रदर्शन करना चाहते हैं और उस भरोसे पर खरे उतरना चाहते हैं जो उन्होंने आप पर दिखाया है।''

उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि आपके आस-पास सही लोगों के होने से आप विनम्र रहते हैं।

अगर आप अपने आप से बहुत आगे निकल जाते हैं तो आपको नीचे खींचने के लिये सही लोग होने चाहिये, लेकिन जब आप अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरते तब आपको ऊपर लाने के लिये भी लोग होने चाहिये।

शायद यही क्रिकेट है। यह असफलताओं का खेल है, आप सफल होने से ज्यादा असफल होंगे। जब तक आपके आसपास सही लोग हैं जो आपको वापस ला सकते हैं, तब तक सब ठीक है।

## अवनी संयुक्त आठवें स्थान पर

मेलबर्न, 5 जनवरी। अवनी प्रशांत ने संयुक्त रूप से पांच अंडर 68 का दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिससे वह गुरुवार को यहां ऑस्ट्रेलियन मास्टर्स ऑफ द एमेच्योर्स गोल्फ टूर्नामेंट में 16 स्थान की छलांग से संयुक्त आठवें स्थान पर पहुंच गई।

अवनी ने तीसरे दौर में छह बर्डी की लेकिन वह एक बोगी भी कर गईं। जापान की युना अराकी (67-74-68) 10 अंडर 209 के कुल स्कोर के साथ शीर्ष पर चल रही हैं। उन्होंने ताईवान की सिन चुन लियाओ (70-72-72) पर पांच शॉट की बढ़त बना रखी है जो पांच अंडर के स्कोर से दूसरे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के महिला वर्ग में हिस्सा ले रही एक अन्य भारतीय गोल्फर निशना पटेल (82-77-75) इससे पहले कट हासिल करने में नाकाम रहीं।

पुरुष वर्ग में शौर्य भट्टाचार्य (75-74-71) और आर्यन रूप आनंद (77-81-74) दोनों कट हासिल करने से चूक गए।

# न्यूजीलैंड ने दिया 319 का लक्ष्य, संकट में पाकिस्तान

कराची, 5 जनवरी। न्यूजीलैंड ने टॉम ब्लंडेल (74) और माइकल ब्रेसवेल (74 नाबाद) के अर्द्धशतकों की बदौलत दूसरे टेस्ट के चौथे दिन गुरुवार को पाकिस्तान के सामने 319 रन का लक्ष्य रखा। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 41 रन की बढ़त लेने के बाद दूसरी पारी 277/5 के स्कोर पर घोषित की, जबकि पाकिस्तान ने लक्ष्य का पीछा करते हुए शून्य रन पर दो विकेट गंवा दिये।

पाकिस्तान ने दिन की शुरुआत 407/9 के स्कोर से करते हुए सिर्फ एक रन जोड़कर अपना आखिरी विकेट गंवाया। अबरार अहमद शून्य के स्कोर पर ईश सोढी का शिकार हुए जबकि सऊद शकील 125 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड के लिये पारी की शुरुआत करने उतरे डेवन कॉनवे शून्य रन पर ऑउट हो गये, हालांकि इसके बाद टॉम लैथम और केन विलियम्सन ने पारी को संभाल लिया।

लैथम ने 130 गेंदों पर 11 चौकों के साथ 62 रन बनाये जबकि विलियम्सन ने 107 गेंदों पर छह चौकों के साथ 41 रन की पारी खेली। नसीम शाह ने लैथम को आउट करके दोनों के बीच 109 रन की साझेदारी को जोडा, जबकि विलियम्सन भी बिना रन जोड़े अबरार का शिकार हो गये।

हेनरी निकोल्स (पांच रन) के छोटे स्कोर पर आउट होने के बाद ब्लंडेल-ब्रेसवेल ने पांचवें विकेट के लिये 127 रन की साझेदारी की। ब्लंडेल 135 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के के साथ 74 रन बनाकर आउट हो गये, जबकि ब्रेसवेल 119 गेंदों पर 74 रन बनाकर नाबाद रहे और टिम साउदी ने पारी घोषित कर दी।

पाकिस्तान ने दिन का खेल खत्म होने से पहले शून्य रन पर अब्दुल्लाह शफीक और मीर हमज़ा के विकेट गंवा दिये। टिम साउदी ने एक शानदार इन-स्विंगर पर शफीक को आउट किया, जबकि सोढ़ी ने नाइट वॉचमैन हमज़ा का विकेट निकाला।

# नायक के अनिल कपूर की तरह बीपीएल को सुधारना चाहते हैं शाकिब

ढाका, 5 जनवरी। बंगलादेश के अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल-हसन ने अपने देश के घरेलू टी20 टूर्नामेंट बंगलादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) की व्यवस्था ''नायक फिल्म के अनिल कपूर'' की तरह सुधारने की मंशा जाहिर की है।

शाकिब ने बीपीएल के नौंवे सीजन की शुरुआत से दो दिन पूर्व गुरुवार को कहा, ''अगर वे मुझे बीपीएल का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बनाते हैं तो सब कुछ ठीक करने में एक से दो महीने लगेंगे। आपने नायक फिल्म तो देखी ही होगी। अगर आप कुछ करना चाहते हैं तो उसे एक दिन में कर सकते हैं। हमारे पास सभी आधुनिक तकनीकें होंगी। गुणवत्तापूर्ण प्रसारण और घर एवं बाहर के प्रारूप में टूर्नामेंट होगा।''

शाकिब ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि वह सुनिश्चित करते कि खिलाड़ियों का ड्राफ्ट सही समय पर तैयार हो और बीपीएल का आयोजन अन्य टी20 लीगों से न टकराये।

बीपीएल ने अपनी सात फ्रेंचाइजी में से प्रत्येक के लिये मालिकों का चयन करने में काफी समय लगाया, जिसके कारण उनके खिलाड़ियों के ड्राफ्ट को 23 नवंबर तक विलंबित करना पडा। उस समय तक जनवरी-फरवरी में होने वाली संयुक्त अरब अमीरात की आईएलटी20 और दक्षिण अफ्रीका की एसए20 ने अधिकांश बडे खिलाड़ियों को ड्राफ्ट कर लिया था। बीपीएल ने जिन खिलाड़ियों को लीग में शामिल किया है वे भी पूरे सीजन के लिये उपलब्ध नहीं होंगे।

शाकिब ने कहा कि बीपीएल का प्रचार कभी बंगलादेश में भी ठीक से नहीं हुआ, जबकि यह देश का नंबर एक खेल है।

शाकिब ने कहा, ''हमारे पास कोई बाजार नहीं है क्योंकि हमने कभी बाजार नहीं बनाया। अगर हम इसमें कुछ पैसा लगाते तो बीपीएल वास्तम में बड़ा हो सकता था। इस देश में हर जगह क्रिकेट खेला जाता है, यहां तक कि दूरदराज के गांवों में भी।''

उन्होंने कहा, ''यह 16-18 करोड की आबादी वाले देश में एक बहुत लोकप्रिय खेल है, इसलिए मुझे नहीं लगता कि यहां क्रिकेट के लिये बाजार नहीं हो सकता। यह विपणन के मामले में एक बडी असफलता है।'' शाकिब ने कहा कि कई देशों में बीपीएल का प्रसारण होने के बावजूद टूर्नामेंट में प्रदर्शन कैरेबियन प्रीमियर लीग या पाकिस्तान सुपर लीग में प्रदर्शन के समान महत्व नहीं रखता है। उन्होंने कहा, ''वे (बोर्ड) उन देशों की सूची दिखाते हैं जहां बीपीएल का प्रसारण होता है, लेकिन वास्तव में कोई भी यह टूर्नामेंट नहीं देखता। जब कोई युवा खिलाड़ी पीएसएल या सीपीएल में अच्छा करता है, तो उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह मिलती है। ऐसा तब नहीं होता जब वे बीपीएल में खेलते हैं। यह काफी निराशाजनक है कि हम इस स्तर पर बने हुए हैं।''

## आर्यमन के शतक से झारखंड की वापसी

जयपुर, 5 जनवरी। झारखंड ने राजस्थान के विरुद्ध खेले जा रहे रणजी ट्राफ मुकाबले में अपनी दूसरी पारी में आर्यमन सेन की 119 रन की पारी के दम पर शानदार वापसी की। पहली पारी में 92 रन पर आउट होने वाली इस टीम ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 330 रन बना लिये। राजस्थान ने पहली पारी में 287 रन बनाये।

## जोकोविच के सामने एडीलेड क्वार्टर फाइनल में

एडीलेड, 5 जनवरी। नोवाक जोकोविच एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं, जहां उनका सामना डेनिस शापोवालोव से होगा। जोकोविच ने गुरुवार को क्वेंटिन हैलिस को 7-6, 7-6 से हराया। कनाडा के शापोवालोव ने रोमन सफीउलिन को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से शिकस्त दी। जोकोविच और अन्य शीर्ष खिलाडी 16 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तैयारी के लिए इस स्पर्धा में खेल रहे हैं। इस 21 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन को पिछले साल कोविड-19 के लिए टीकाकरण नहीं कराने के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले ऑस्ट्रेलिया से निर्वासित कर दिया गया था।



*प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठण्ड के कारण फसलों पर पाला पड़ने का दौर शुरु हो गया है। तापमान में भारी गिरावट के कारण जयपुर के बाहरी इलाकों में पेड़-पौधों पर सुबह-सुबह बर्फ जमी हुई दिखाई देने लगी है। रोज-रोज पाला पड़ने से किसानों की चिंतायें अत्यधिक बढ़ गई हैं। फसलों एवं पत्तों पर जमी बर्फ यूं तो देखने में काफी रोचक व आकर्षक लगती है लेकिन इसका फसलों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। कई स्थानों पर मिर्ची व अन्य मसालों की पौध को बचाने के लिए लगाये गये ग्रीन हाउस कवर पर भी बर्फ जम गई है। ऊपर दिए चित्र में सीकर रोड हरमाड़ा का एक किसान अपने खेत में फूलगोभी के पत्ते पर जमी हुई बर्फ दिखा रहा है।*

# ‘ए.सी.बी. का आदेश वापस नहीं होने तक सदन नहीं चलने देंगे’

## भाजपा ने सरकार को विधानसभा का सत्र ठप्प करने की चेतावनी दी

- **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने कहा, राजस्थान में आकाश से पाताल तक भ्रष्टाचार का बोलबाला है।**
- **विधानसभा में विपक्ष के उप नेता राजेन्द्र राठौड़ ने मु.मंत्री गहलोत पर आरोप लगाया कि, वे इस काले आदेश की तरफदारी कर रहे हैं।**
- **यह सारा विवाद ए.सी.बी. के नए कार्यवाहक डी.जी. के आदेश पर उठा है, जिसमें उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोपी की पहचान तब तक उजागर करने पर रोक लगा दी है, जब तक अदालत में वह दोषी साबित नहीं हो जाता।**

जयपुर, 5 जनवरी (का.सं.)। एसीबी के नए कार्यवाहक डीजी ने ट्रैप की कार्रवाई में आरोपी की पहचान उजागर करने पर रोक लगा दी है। इसे लेकर भाजपा ने सरकार को घेरा है। भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर इस आदेश को वापस नहीं लिया गया तो विधानसभा का सत्र नहीं चलने देंगे।

एसीबी ट्रैप के आरोपी की पहचान उजागर नहीं करने के फरमान पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने जुबानी हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की गहलोत सरकार ठगी और वादाखिलाफी के लिए कुख्यात हो चुकी है। उसने किसानों और नौजवानों से वादाखिलाफी की। जीरो टॉलरेंस और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की बात कहने वाली अशोक गहलोत सरकार ने एक तुगलकी फरमान जारी किया है, जिसमें साफ दिख रहा है कि यह आदेश भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला है।

उन्होंने कहा कि स्वयं मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पब्लिक डोमेन में स्वीकार किया गया कि तबादलों के लिए रिश्वत ली जाती है। राजस्थान में एसीबी की कार्रवाई का उल्लेख करें तो लगभग प्रतिवर्ष 600 मामले निशाने पर आते हैं। कांग्रेस शासन में कोई ऐसी जगह बची नहीं जहां भ्रष्टाचार नहीं होता हो, ऐसा लगता है कि राजस्थान में पाताल से लेकर आकाश तक भ्रष्टाचार का बोलबाला है।

नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि कार्यवाहक डीजी ने जो आदेश जारी किए हैं, ये उन भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का काम है, जो ट्रैप में पकड़ा जाता है। मौके के साक्ष्य जुटाने के बाद ही कार्रवाई होती है। ऐसे में जब तक ऐसे भ्रष्टाचारियों की फोटो और पहचान को उजागर नहीं किया जाएगा, तब तक उसके प्रति घृणा कैसे आएगी।

उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जो गृह विभाग के मुखिया भी है, द्वारा एसीबी के नए आदेश को लेकर पाली में दिए गए बयान की आलोचना करते हुए कहा कि 4 जनवरी को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा भ्रष्ट अधिकारियों-कर्मचारियों को ट्रैप करने के बाद नाम और फोटो जारी नहीं करने का नया आदेश दुर्भाग्यपूर्ण है और इस आदेश के जारी होते ही आमजन से लेकर लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ इसकी कड़ी भर्त्सना कर रहा है लेकिन हैरानी है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस काले आदेश की तरफदारी कर रहे हैं। नये आदेश के बाद अब प्रदेश के विभिन्न विभागों में कार्यरत भ्रष्ट अधिकारी-कर्मचारी अब बेखौफ होकर भ्रष्टाचार को अंजाम देंगे और एसीबी के सहारे सरकार उनकी ढाल बनकर कार्य करेगी। सरकार भयभीत है कि भ्रष्ट अधिकारियों-कर्मचारियों के नाम व फोटो सार्वजनिक होने के बाद कहीं सरकार के काले कारनामों की पोल ना खुल जाये।

राठौड़ ने कहा कि जब बिना पूर्व प्रमाणीकरण के आरोपी को नामजद करते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से जारी की जा रही है, तो पूर्व प्रमाणीकरण के पश्चात राशि सहित रंगे हाथों पकड़े गए आरोपी का नाम उजागर करने में क्या आपत्ति हो सकती है?

विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि सरकार ने चार साल में जो भ्रष्टाचार किया है, उसमें अधिकारी भी लिप्त हैं। सरकार इस आदेश के माध्यम से इन भ्रष्टाचारियों को बचाने का काम कर रही है। भाजपा इसका विरोध करेगी। जन आक्रोश सभा में इस मुद्दे को उठाया जाएगा। जब तक इस फरमान को वापस नहीं लिया जाएगा, तब तक विधानसभा नहीं चलने देंगे।

# ‘ऐसी मानसिकता वाला अधिकारी ए.सी.बी. का मुखिया रहने लायक नहीं’

## कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री भरत सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर कहा

- **उन्होंने ए.सी.बी. के नए कार्यवाहक महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी के आदेश को भ्रष्टाचारियों का हितैषी बताया।**
- **भरत सिंह ने कहा कि यह अधिकारी सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति ''ज़ीरो टॉलरैंस'' की नीति को चुनौती दे रहा है।**

जयपुर, 5 जनवरी (का.प्र.)। एंटी करप्शन ब्यूरो (ए.सी.बी.) के नए कार्यवाहक महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी की ओर से भ्रष्टाचार के मामलों में पकड़े गए आरोपियों और संदिग्धों की पहचान उजागर नहीं किए जाने के आदेश के बाद कांग्रेस के पूर्व मंत्री और सांगोद के विधायक भरत सिंह ने भी अपनी ही सरकार पर सवाल उठाया है। भरत सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस आदेश को भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने वाला कदम बताया है। सांगोद विधायक भरत सिंह भ्रष्टाचारियों के खिलाफ पहले भी मोर्चा खोलते आए हैं। अब उन्होंने हेमंत प्रियदर्शी के आदेश पर ही सरकार को घेरते हुए अशोक गहलोत को लिखा है कि ये आदेश भ्रष्टाचारियों को संरक्षण प्रदान करने जैसा है। ऐसी मानसिकता वाला अधिकारी प्रदेश की ए.सी.बी. का मुखिया रहने लायक नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र में लिखा है कि, यह सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को ही चुनौती दे रहा है। ऐसे अधिकारी की जगह किसी अच्छे ईमानदार अधिकारी को इस पद पर नियुक्त किया जाए। विधायक भरत सिंह भ्रष्टाचारियों को बेनकाब करने की मांग पहले भी कई बार उठा चुके हैं। उन्होंने मांग उठाई है कि भ्रष्टाचारियों की फोटो की होर्डिंग्स लगाई जाये। इन्हें सार्वजनिक चौराहे पर प्रदर्शित किया जाए। इसके साथ ही इन भ्रष्टाचारियों का जिस जिले से संबंध है, उस जिले के कलेक्ट्रेट और सरकारी दफ्तरों में भी उसके बड़े-बड़े फोटो लगाए जाएं। इससे रिश्वत लेने वाले कार्मिकों में डर बैठेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जयपुर स्तर के अधिकारियों की फोटो सचिवालय में भी प्रदर्शित की जाये, ताकि भ्रष्टाचार करने से पहले यह अधिकारी एक बार पहले सोचें।

# दिल्ली एन.सी.आर. में भूकम्प के तेज झटके

नई दिल्ली, 5 जनवरी। नैशनल कैपिटल रीजन (एन.सी.आर.) और आस-पास के इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं।

इसके अलावा कश्मीर में भी धरती हिली है। कश्मीर में आए भूकंप की रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 6 मापी गई है। कश्मीर में आए भूकंप का केंद्र हिंदू कुश क्षेत्र, अफगानिस्तान बताया जा रहा है। ये भूकंप इतना तेज था कि पाकिस्तान के लाहौर और इस्लामाबाद समेत कई शहरों में भी झटके महसूस किए गए हैं।

- **भूकंप का केंद्र हिंदू कुश क्षेत्र, अफगानिस्तान में बताया जा रहा है।**

दिल्ली-एन.सी.आर. में 7 बजकर 56 मिनट पर ये भूकंप के झटके महसूस हुए। जिसके बाद लोग अपने घरों के बाहर निकल आए और मैदान में जमा हो गए। भूकंप की वजह से लोगों के बीच डर का माहौल है लेकिन अभी तक किसी अनहोनी की खबर सामने नहीं आई है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश में भी भूकंप के झटके महसूस हुए हैं।

# ‘मैं भारत जोड़ो यात्रा से भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ हूँ’

## अखिलेश यादव ने सार्वजनिक मंच से राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा के लिए बधाई व शुभकामनायें दीं

- **सपा अध्यक्ष ने कहा कि, वर्तमान केन्द्रीय सरकार अपने तमाम वादों को पूरा करने से मुकर गई है, सभी वादे खोखले साबित हो रहे हैं। ऐसे वक्त में राहुल गांधी देश में एक नई चेतना लाने का प्रयास कर रहे हैं।**

नई दिल्ली, 5 जनवरी (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भले ही शामिल न हुए हों, लेकिन वह उससे भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं।

यादव ने कल यह बात यहां आरकॉम वास्तुकला प्रदर्शनी के दौरान कही। उन्होंने कहा, मैं राहुल गांधी की ‘भारत जोड़ो यात्रा’ में शामिल नहीं हुआ हूं लेकिन उनकी इस यात्रा से भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ हूं। इस यात्रा के लिये उनको बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

सपा अध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के वादे के मुताबिक अधिकांश बेघर लोगों को पक्के मकान नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि जब गरीबों को ‘अच्छे दिन और 15 लाख रुपये’ नहीं मिले, तो घर भी नहीं मिलेगा। यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा भी किया था जो अभी तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने शहरों में पलायन की समस्या को समाप्त करने के लिये सुझाव देते हुए कहा है कि सरकार को गांवों में भी समान सुविधाएं और रोजगार उपलब्ध कराने चाहिये। उन्होंने कहा, देश को स्मार्ट सिटी की जरूरत है। शहरों की बढ़ती जनसंख्या की परेशानी से निपटने के लिये हमें गांवों में भी वही सुविधाएं उपलब्ध करानी होंगी ताकि ग्रामीण लोगों को रोजगार के अवसर मिलें और उन्हें शहरों की तरफ पलायन न करना पड़े।

यादव ने कहा कि सरकार को डिजाइनरों और इंजीनियरों के साथ मिलकर बेहतर तरीके से काम करने की जरूरत है। उनको नये विचारों के साथ आगे आकर एक नया मानक तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास के लिये प्राथमिक स्कूलों का ढांचा नये मानकों पर तैयार करना बेहद जरूरी है। प्रधान वास्तुकार और आरकॉम स्टूडियो के प्रबंध निदेशक सौरभ गुप्ता ने कहा, आरकॉम का उद्देश्य देश के विकास में वास्तुकला प्रथाओं की भूमिका और उत्तरदायित्व की बेहतर समझ प्रदान करना है।

आरकॉम आर्किटेक्चरल फर्म ने दिल्ली में स्थित बीकानेर हाउस में ‘आर्किटेक्चर प्रदर्शनी’ का आयोजन किया था, जिसमें मुख्य अतिथि यादव, निदेशक सौरभ गुप्ता और कई डिजाइनर, इंजीनियर सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

## ‘नामांकन पत्र...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

हाउसिंग लोन दिया था। वहीं चुनाव के कुछ महीने बाद से ही उसने लोन की किस्त चुकाना बंद कर दिया। इसी दौरान याचिकाकर्ता कंपनी को पता चला कि कागजी ने विधानसभा चुनाव के लिए भरे नामांकन पत्र में भी अपनी लोन की जवाबदेही की जानकारी नहीं दी और यह तथ्य नामांकन पत्र में छिपाया। ऐसे में कागजी ने चुनाव के लिए भरे नामांकन पत्र के साथ दिए शपथ पत्र में जानबूझकर लोन की जानकारी को छिपाया और गलत तथ्य दिया। कंपनी ने इस संबंध में 8 जुलाई 2022 और 3 अगस्त को राज्य के सीएस व भारतीय निर्वाचन आयोग को भी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## सम्मेद शिखर...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

नाराज जैन समुदाय का सम्मान सुनिश्चित करने के सभी कदम उठाएं। मंत्रालय ने कहा कि पर्यटन की अनुमति दिए जाने से जैन धर्म के अनुयायियों पर विपरीत असर पड़ेगा। केन्द्रीय मंत्री भूपिन्दर यादव की जैन समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ हुई एक मीटिंग के बाद अधिसूचना पर रोक लगा दी गई, लेकिन इससे पहले सभी संभावित समाधानों पर चर्चा की गई। मंत्रालय के एक प्रेस नोट में कहा गया है कि स्थल की पवित्रता को बनाए रखने की जैन समुदाय की मांग पर मंत्री सहमत हो गए।

# ‘चीन को भारत की अहिंसा और करुणा के बहुमूल्य आदर्शों से सीख लेने की जरूरत है’

## तिब्बत के सर्वोच्च धर्मगुरु दलाई लामा ने कहा, इससे 2.5 अरब लोगों में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में शांति व्याप्त हो जायेगी

तिरुवनंतपुरम, 5 जनवरी (वार्ता)। तिब्बत के सर्वोच्च धर्मगुरु दलाई लामा का कहना है कि अगर चीन ‘अहिंसा और करुणा के आदर्शों में निहित प्राचीन भारतीय ज्ञान का पालन करता है, और दोनों देशों में ढाई अरब से अधिक लोग आंतरिक शांति विकसित करने के लिए काम करते हैं, तो इससे पूरे विश्व को लाभ होगा।

मनोरमा ईयर बुक 2023 के एक विशेष लेख में 87 वर्षीय तिब्बती बुद्ध धर्म के आध्यात्मिक गुरु ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने कई क्षेत्रों में विशेष रूप से विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काफी प्रगति की है, फिर भी जिस तरह बाहरी निरस्त्रीकरण आवश्यक है, आंतरिक निरस्त्रीकरण भी कम महत्वपूर्ण नहीं है।

इस बारे में, मुझे वास्तव में लगता है कि अहिंसा और करुणा के बहुमूल्य आदर्श में निहित शांतिपूर्ण ढंग से चीजों को समझने की अपनी महान परंपरा के कारण भारत अग्रणी भूमिका निभा सकता है।

उन्होंने कहा, ऐसा ज्ञान किसी एक धर्म से परे है और इसमें समकालीन समाज में एक अधिक एकीकृत और नैतिक रूप से स्थिर और जीवन के लिए आवश्यक तरीके को प्रोत्साहित करने की क्षमता है। इसलिए, मैं सभी को प्रोत्साहित करता हूं कि वे करुणा और अहिंसा को विकसित करने की कोशिश करें।

दलाई लामा ने अपने लेख में स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि विश्व शांति प्राप्त करने के लिए लोगों को अपने भीतर मन की शांति की आवश्यकता है और यह भौतिक विकास और भौतिक सुख की खोज से अधिक जरूरी है।

चौदहवें दलाई लामा, जिन्हें तिब्बती लोग ‘ग्यालवा रिनपोछे’ के नाम से जानते हैं, ने कहा कि मनुष्य का अनिवार्य स्वभाव दयालु होना है।

उन्होंने कहा कि करुणा मानव स्वभाव का चमत्कार है, एक अनमोल आंतरिक संसाधन है और हमारे व्यक्तिगत कल्याण और समाज के भीतर सद्भाव दोनों की नींव है। जिस क्षण हम पैदा होते हैं, तब से हमारी मां हमारा ख्याल रखती है। इसलिए, बहुत छोटी उम्र से ही हम सीखते हैं कि करुणा सभी सुखों का मूल है।

## भ्रष्टाचारियों ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

होते हैं। यदि किसी आईएएस, आईपीएस या एडीजी ने आर्डर निकाला तो वह हमारे आर्डर से बंधे हुए हैं, हम उनके ऑर्डर से बंधे हुए नहीं हैं। मेरा मानना है कि मुख्यमंत्री भी इस आर्डर के पक्ष में नहीं होंगे। यह आर्डर चलने वाला नहीं है।

इधर इस आदेश के बचाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से दिए गए बयान पर सवाल उठ रहे हैं कि आखिरकार अब मुख्यमंत्री को सुप्रीम कोर्ट का हवाला देने की क्या जरूरत पड़ गई। इससे पहले जब ए.सी.बी. की ओर से लगातार कार्यवाहियां हो रही थी और भ्रष्टाचारियों के नाम तथा फोटो जारी हो रहे थे, तब उन्हें सही क्यों ठहराया जा रहा था। ऐसे में सवाल उठता है कि पहले एसीबी के डीजी बीएल सोनी की ओर से भ्रष्टाचारियों के नाम और पहचान उजागर करना क्या गलत था या फिर वर्तमान कार्यवाहक डीजी हेमंत प्रियदर्शी ओर से निकाला गया आदेश गलत है।

# हरियाणा के मु.मंत्री...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

प्रशासनिक इकाई इस मुद्दे का कोई भी समाधान ढूंढने को तैयार नहीं है।

खट्टर ने कहा कि वाटर शेयरिंग, जिसे लेकर अलग से एक ट्रायब्यूनल गठित किया गया है, पर चर्चा करने के बजाए पंजाब के मुख्यमंत्री और उनका प्रशासन बार-बार यह कह रहे हैं कि उनके राज्य में पानी नहीं है। उन्होंने कहा कि जल का वितरण ट्रायब्यूनल की सिफारिशों के अनुसार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट के निर्णय तक को स्वीकार नहीं कर रही है, जिसमें पंजाब सरकार द्वारा वर्ष 2004 में लाए गए अधिनियम को निरस्त कर दिया गया था। खट्टर ने आगे बताया कि ‘‘पंजाब के मुख्यमंत्री कहते हैं कि वर्ष 2004 का एक्ट अब भी अस्तित्व में है, जो पूर्णतया असंवैधानिक है।’’

उन्होंने कहा कि यह तथ्य सर्वविदित है कि सुप्रीम कोर्ट के दो निर्णयों के बावजूद पंजाब ने एस.वाय.एल. का निर्माण पूर्ण नहीं किया है। शीर्ष अदालत के निर्णयों पर क्रियान्वयन करने के बजाए पंजाब ने वर्ष 2004 में ‘‘कैन्सिलेशन ऑफ एग्रीमैन्ट्स एक्ट’’ लागू कर नहर के निर्माण में रोड़े अटकाने की कोशिशें की। आपको बता दें कि पंजाब पुनर्गठन अधिनियम 1966 के प्रावधान के अंतर्गत और 24 मार्च 1976 के भारत सरकार के एक आदेश के अनुसार रावी-व्यास नदियों का 3.5 एम.ए.एफ. सरप्लस जल हरियाणा को आवंटित किया गया था। उन्होंने आगे बताया कि एस.वाय.एल. नहर का निर्माण पूर्ण ना होने की वजह से हरियाणा सिर्फ 1.62 एम.ए.एफ. जल राशि का ही उपयोग कर रहा है। पंजाब अपने क्षेत्र में एस.वाय.एल. नहर का निर्माण पूर्ण ना कर हरियाणा के हिस्से का 1.9 एम.ए.एफ. जल अवैध रूप से इस्तेमाल कर रहा है।

## सम्मेद शिखर...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

ही में जैन समुदाय के पवित्र तीर्थ स्थल श्री सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित किए जाने से जैन समुदाय में भारी आक्रोश है। यह पार्श्वनाथ पर्वतराज जैन समुदाय की आस्था का प्रमुख केन्द्र है। पर्यटन मंत्रालय की ओर से श्री सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित किए जाने से जैन समुदाय की आस्था को गहरा आघात लगा है। जैन धर्मावम्बियों में इस धार्मिक, भावनात्मक और संवेदनशील मुद्दे पर केन्द्र सरकार के रवैये के खिलाफ असंतोष व्याप्त है, साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों में जैन समुदाय केन्द्र सरकार के इस निर्णय के विरोध में आंदोलनरत हैं। पायलट ने कहा कि जनभावना को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार का पर्यटन मंत्रालय सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित किए जाने के निर्णय पर पुनः विचार करने का कष्ट करें।

# रेलवे की भूमि से...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

तो करनी ही होगी। यहाँ पूरी की पूरी बस्तियाँ बसी हुई है। इनसे इस जमीन को सात दिन में खाली करने के लिये कैसे कहा जा सकता है।''

इस केस के मानवीय पक्ष का जिक्र करते हुये, जज ने कहा: ‘‘यह मानते हुये भी कि यह जमीन रेलवे की है, इनके पुनर्वास की स्थापना तो करनी ही पड़ेगी। आप उन लोगों से कैसे निपटेंगे, जिन्होंने जमीन नीलामी में खरीदी थी?

न्यायमूर्ति ओका ने कहा, ‘‘यह कह देना सही नहीं होगा कि जो लोग वहाँ दशकों से रह रहे हैं, उन्हें वहाँ से हटाने के लिये, अर्द्धसैनिक बलों को काम में लेना पड़ेगा।''

ऐडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया ऐश्वर्य भाटी ने कहा कि राज्य सरकार और रेलवे इस बात पर एकमत हैं कि यह जमीन रेलवे की है।

भाटी ने यह भी कहा कि पब्लिक प्रेमिसेज एक्ट के तहत, बेदखली के अनेक आदेश दिये जा चुके हैं। वादियों की तरफ से एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कहा कि वे एक्स पार्टी आर्डर थे, तथा कोविड के दौरान दिये गये थे।

कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से प्रस्तुत हुये, वरिष्ठ एडवोकेट डॉ. कालिन गॉन्ज़ाल्वेस ने कहा कि इस जमीन पर आज़ादी के पहले से ही याचिकाकर्ताओं के परिवारों का कब्जा है तथा उनके पास उनके पक्ष में जारी सरकारी लीज भी है।

ए.एस.जी. भाटी ने जोर देते हुये कहा कि यह जमीन रेलवे फेसिलिटीज विकसित करने के लिये आवश्यक है। उन्होंने इस तथ्य पर भी जोर दिया कि हल्द्वानी उत्तराखण्ड रेल ट्रैफिक के प्रवेश द्वार के रूप में है।

उनसे कह दिया गया कि इस क्षेत्र में रह रहे लोगों का पूरा पुनर्वास किया जाना जरूरी है। अदालत ने इस जमीन के आगे और किसी निर्माण एवं विकास पर रोक लगा दी।

अदालत को बताया गया कि इस जमीन पर रहने वाले लोगों के नाम नगरपालिका के रिकॉर्ड्स में हैं तथा वे सालों से नियमित रूप से गृह-कर अदा कर रहे हैं। इसके अलावा यहाँ पाँच सरकारी स्कूल, एक अस्पताल तथा दो पानी की टंकियाँ हैं।

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने स्टे ऑर्डर में कहा: ‘‘रेलवे की जरूरत को देखते हुये जिनके पास वहाँ रहने का अधिकार है/नहीं है, को वहाँ से हटाने के लिये पुनर्वास की योजनाओं के जरिये, कोई व्यावहारिक व्यवस्था किया जाना जरूरी है तथा इस प्रकार की पुनर्वास योजनाएँ पहले से ही अस्तित्व में है।''

# तीन रुसी नागरिकों की ओडिशा में मौत की जांच करायेगा विदेश मंत्रालय

## ओडिशा तट पर तीसरे रूसी नागरिक की मौत के बाद मामला गरमाया

- **ओडिशा तट पर बीते दो दिनों में तीन रूसी नागरिकों की लाश पाई गयी है।**
- **बुधवार को जो लाश मिली है वह भी एक रूसी नागरिक ही है तथा ओडिशा में एक नाविक अभियंता के तौर पर काम कर रहा था।**

भुवनेश्वर, 5 जनवरी। ओडिशा के तट के पास एक तीसरे रूसी नागरिक की मौत का मामला गरमा गया है।

इस घटना के 2 दिन बाद, विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा है कि हम देश में हाल ही में मारे गए तीनों रूसी नागरिकों की मौत को नहीं जोड़ेंगे, क्योंकि सभी मामलों में जांच चल रही है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, ओडिशा में रूसियों की मौत की जांच की जा रही है। अब हमें ओडिशा के तट से दूर एक रूसी नाविक की मौत के बारे में पता चला है। औपचारिकताओं के लिए उसका शव पारादीप बंदरगाह लाया गया है। मैं नहीं चाहूंगा कि तीनों मामलों को एक साथ जोड़ा जाए या देखा जाए।

उन्होंने कहा, भारत एक बड़ा देश है जहां बड़ी संख्या में विदेशी आते हैं। मौतों के हालात पर ओडिशा सरकार द्वारा चल रही जांच के बीच तीनों मामलों को जोड़ने का कोई कारण नहीं है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का ये बयान तीसरे रूसी नागरिक की मौत के बाद आया है जो एक मालवाहक जहाज में मुख्य अभियंता के रूप में काम कर रहा था और इस हफ्ते ओडिशा के तट पर मृत पाया गया था।

पुलिस ने कहा कि समुद्री पुलिस अन्य वैधानिक अधिकारियों के साथ मिलियाकोव सर्गेई नाम के रूसी नागरिक की मौत की जांच करेगी और उसके बाद ही आखिरी रिपोर्ट सामने आएगी। गौरतलब है कि 24 दिसंबर को एक होटल की तीसरी मंजिल से कथित तौर पर गिरने के बाद रूसी नागरिक पावेल एंटोव की मौत हो गई थी।

इसके अलावा एक अन्य रूसी नागरिक व्लादिमीर बिडेनोव की भी मौत हो चुकी है, जिस पर ओडिशा पुलिस ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा था कि ये मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई।

## राहुल गांधी...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

कमेटी के जैसलमेर आने की जानकारी आने के बाद जैसलमेर जिला प्रशासन ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। हालांकि राहुल गांधी इस बैठक में शामिल होंगे या नहीं यह अभी तय नहीं है, क्योंकि वे इन दिनों भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं और भारत जोड़ो यात्रा को छोड़कर बीच में जैसलमेर आना मुश्किल ही लग रहा है, लेकिन जैसलमेर प्रशासन ने अपने तरीके से तैयारियां शुरू कर दी हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908